@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 25 मई 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 185 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

सत्ता में आने पर राम मंदिर की फिर से करवाएंगे प्राण प्रतिष्ठा

शिमला, 24 मई। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो वादे हिमाचल की जनता से किए थे, मंडी रैली में उन्होंने एक भी मुद्दे पर बात नहीं की। पीएम ने हिमाचल में प्राकृतिक आपदा पर एक भी शब्द नहीं बोला। मोदी ने भाषण में कहा कि कांग्रेस पाकिस्तान से डरती थी, लेकिन कांग्रेस ने ही पाकिस्तान के दो टुकड़े किए थे। इंदिरा जैसा मजबूत नेतृत्व दूसरा क्या हो सकता है। भाजपा के नेता कह रहे हैं कि कांग्रेस आएगी तो राम मंदिर पर ताले लगा देंगे। यह झूठा प्रचार किया जा रहा है। राजीव शुक्ला ने कहा कि शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने पर राम मंदिर की दोबारा प्राण प्रतिष्ठा करवाएगी। शंकराचार्यों को बुलाया जाएगा। बीजेपी ने शास्त्रों के खिलाफ राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करवाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं हिंदू और मुस्लिम की राजनीति कर रहे हैं। 55 साल से ज्यादा कांग्रेस ने शासन किया, लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया। बीजेपी कहती है, करती कुछ नहीं। भाजपा ने अग्निवीर योजना लाकर युवाओं का अपमान किया। राजीव शुक्ला ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कंगना का अपमान किया, यह जनता जानती है कि कौन अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं? कंगना की भाषा शैली ही अपमानजनक है। मंडी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह उन्हें बड़ी बहन कहकर बुला रहे हैं।

केसरिया पगड़ी बांध आए पीएम ने कांग्रेस को घेरा

सिम्मी कौर बब्बर

चंडीगढ़, 24 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जालंधर के पीएपी मैदान में पहुंचे। उनके आते ही पंडाल मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। केसरिया पगड़ी पहनकर आए मोदी ने पंजाबी में अपना संबोधन शुरू किया। दीनानगर की ही तरह जालंधर में भी मोदी के निशाने पर कांग्रेस ही रही। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने चहेते इतिहासकारों से जो इतिहास की किताबें लिखवाई, उसमें दो परिवारों का जिक्र रहा- एक अपने परिवार का और दूसरा मुगल परिवारों का... नतीजा ये हुआ है कि देश की कितनी ही पीढ़ियां हमारे साहिबजादों के बलिदान से सही से परिचित ही नहीं हो पाईं। कांग्रेस को लगता था कि साहिबजादों की बात करेंगे तो वोटबैंक नाराज हो सकता है। अपनी उपलब्धियां गिनवाते हुए मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने करतारपुर कॉरिडोर बनवाया। हमने दर्शन करने, शीश नवाने के लिए रास्ता खोला। पहले हरमंदिर साहिब में विदेशों से चंदे पर रोक थी। वो रोक हमने हटाई। हमारी सरकार ने गुरुओं के प्रकाश पर्व को पूरी श्रद्धा से देश-विदेश में मनाया। पीएम ने कहा कि पंजाब हमारे भारत की पहचान है, ये हमारे गुरुओं की पवित्र भूमि है, लेकिन कांग्रेस ने पंजाब को कभी भी जमीन के टुकड़े से ज्यादा माना नहीं। कांग्रेस ने 1947 में अपने परिवार को सत्ता दिलाने के लिए पंजाब को बांट दिया। हमारा करतारपुर साहिब, देश की सीमा के ठीक बगल में है, लेकिन कांग्रेस ने उसे पाकिस्तान को सौंप दिया था। पहले देश में आतंकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा था, आज मोदी सरकार ने आतंकवाद की कमर तोड़ दी है। पहले पाकिस्तान की हिम्मत बढ़ती जा रही थी, मोदी ने जब से घर में घुसकर मारा है, तब से पाकिस्तान भी कुछ करने से पहले 100 बार सोचता है। आज देश भी समझ रहा है, जहां तक कांग्रेस है समस्याएं हैं और जहां भाजपा है समाधान है। पिछले 10 साल में पहली बार देश ने एक नया दौर देखा है। कांग्रेस के समय में नई-नई समस्याएं पैदा होती थीं, मोदी ने पहली बार समस्याओं के हल निकाले हैं। कांग्रेस के समय, गरीबी का संकट गहराता जा रहा था, मोदी के समय में आज 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। कांग्रेस के समय, देश की अर्थव्यवस्था संकट में थी, आज पहली बार भारत, विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। देश में पांच चरण का मतदान हो चुका है। छठे चरण का मतदान भी कल होने जा रहा है। कल तक जो लोग भाजपा के खिलाफ गुब्बारा फुल रहे थे, उनका गुब्बारा भी फूट चुका है। अब कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों को कोई वोट देना नहीं चाहता। पीएम ने कहा कि आज ड्रग्स डीलरों को पंजाब में फ्री लाइसेन्स मिला हुआ है। परिवार के परिवार बर्बाद हो रहे हैं। पंजाब के लोग भी समझ गए हैं, झाड़ू पार्टी वाले तो खुद नशे के होलसेल व्यापारी हैं। जिन्होंने इतना बड़ा शराब घोटाला किया हो, वो पंजाब में ड्रग्स की काली कमाई में डुबकी कैसे नहीं लगाएंगे?

वायुसेना अब रात में भी दुश्मन को तबाह करने में सक्षम

नई दिल्ली, 24 मई। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने अपनी बढ़ती क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए रात के अंधेरे में विमान उतारने का कारनामा किया है। इसने पूर्वी क्षेत्र में रात के समय सी- 130जे विमान को नाइट विजन गॉगल्स (एनवीजी) की मदद से उतारा। यह सफल अभियान वायुसेना की रक्षा तैयारियों की दिशा में मील का पत्थर माना जा रहा है। एनवानी कम रोशनी में सटीकता के साथ अभियान को पूरा करने में मदद करता है। इससे वायुसेना के लड़ाकू और परिवहन विमानों को रात के समय अभियान को अंजाम देने में मदद मिलेगी। वहीं, इससे वायुसेना की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। वायुसेना ने इस उपलब्धि की जानकारी सोशल मीडिया पर दी। भारतीय वायुसेना ने इसका वीडियो साझा करते हुए लिखा कि भारतीय वायुसेना अपनी क्षमताओं का विस्तार करना जारी रखे हुए है और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत कर रही है। कारगिल में भी रात के अंधेरे में उतर चुका है सी 130 जे विमान... इस साल की शुरुआत में वायु सेना ने पहली बार कारगिल हवाई पट्टी पर रात में सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी। उस समय भी सी 130 जे लद्दाख क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पास हवाई पट्टी पर सफलता पूर्वक उतरा था। पूर्वी सेक्टर में इस प्रयोग की सफलता खासतौर पर अहम है क्योंकि यह सेक्टर चीन, नेपाल, भूटान, म्यांमार और बांग्लादेश के करीब 6,300 किलोमीटर अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है। इससे सिर्फ युद्ध के दौरान ही नहीं, बचाव व सहायता के काम में भी अप्रत्याशित मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कबूला, उनके पास कोई सबूत नहीं: सीएम केजरीवाल

तेजिन्दर कौर बब्बर

नई दिल्ली, 24 मई। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में भाजपा पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कबूल कर लिया है कि शराब घोटाला पूरी तरह से फर्जी है। ईडी व सीबीआई के पास घोटाले का कोई सबूत नहीं है। मेरी गिरफ्तारी गलत है। उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि जब वह कबूल कर ही चुके हैं कि शराब घोटाला फर्जी है और कोई रिकवरी नहीं है तो इस मामले में गिरफ्तार सभी लोगों को छोड़ दिया जाना चाहिए। भाजपा ने दो साल से शोर मचा रखा है कि दिल्ली में शराब घोटाला हुआ है। उन्हें, संजय सिंह और मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया। पूरे देश में 500 से ज्यादा छापे मार लिए। भाजपा कहती है कि आप ने 100 करोड़ रुपये की रिश्वत ली है। अभी थोड़े दिन पहले कहा कि 1100 करोड़ रुपये का घोटाला है। एक बड़ा सवाल ये उठता है कि अगर 100 करोड़ या 1100 करोड़ रुपये का घोटाला है तो पैसा कहीं पर तो रखा होगा। छापे में कहीं एक चवन्नी नहीं मिली। आम आदमी पार्टी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट साझा किया। भाजपा पर अरविंद केजरीवाल ने निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने पिछले दो वर्षों से शोर मचाया हुआ है कि दिल्ली में शराब घोटाला हुआ है। पहले इसे ये लोग 100 करोड़ का घोटाला बता रहे थे और अब इसे 1100 करोड़ का बताने में लगे हुए हैं। इस मामले में मुझे और हमारे नेताओं को गिरफ्तार किया गया। ईडी और सीबीआई अब तक सैकड़ों छापे मार चुकी है। लेकिन आज तक एक पैसा बरामद नहीं हुआ। शराब घोटाले पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूरे देश के सामने कबूला है कि शराब घोटाला फर्जी है। प्रधानमंत्री मानते हैं कि दिल्ली के झूठे शराब घोटाले में कोई सबूत नहीं है, कोई रिकवरी नहीं हुई है। मुझे झूठे मामले में जेल में बंद कर रखा है। बीते दो सालों से ईडी और सीबीआई के अफसर जांच कर रहे हैं। आज तक एक पैसे की रिकवरी नहीं हुई है। ये बात कोर्ट भी बार-बार पूछ रहा है कि अगर घोटाला हुआ है तो पैसा कहां गया। इसका इनके पास कोई जवाब नहीं है।

नए मैदान ने बढ़ाई महबूबा की मुसीबत

अनंतनाग-राजौरी, 24 मई। जम्मू और कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट काफी हद तक कश्मीर घाटी की भविष्य की राजनीति की दिशा भी तय करेगी। गठबंधन में साथ आने की तमाम कवायदों के बीच पीडीपी की महबूबा मुफ्ती और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अब्दुल्ला परिवार की राहें चुनाव में अलग हो गईं। महबूबा ने यहां से ताल ठोकी तो उन्हें रोकने के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस ने मौजूदा सांसद हसनैन मसूदी का टिकट काटकर मियां अल्ताफ को उतार दिया। मियां अल्ताफ पीर फकीरी के परिवार से आते हैं और स्थानीय लोगों में खासा रसूख है। मियां अल्ताफ का परिवार वर्षों से राजनीति में है। वह प्रदेश में मंत्री भी रह चुके हैं। पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद ने यहां से अपनी पार्टी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) से एडवोकेट सलीम को चुनाव में उतारा है। भाजपा ने यहां उम्मीदवार नहीं उतारा है। कभी आतंकवाद के लिए चर्चा में रहने वाले अनंतनाग की तस्वीर बदली-बदली सी है। पहलगाम की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर रात के लगभग एक बजे भी एक जनरल स्टोर खुला नजर आया। संचालक मुश्ताक कहते हैं, अब यहां शांति है। मैं देर रात तक दुकान खुला रखता हूं। एक होटल संचालक ने भी कहा- यहां अब पहले जैसे हालात नहीं हैं। खास बात यह है कि इस क्षेत्र में पहलगाम के साथ ही पुंछ-राजौरी और कुलगाम-शोपियां जैसे क्षेत्र आते हैं। यहां पर पहले सात मई को चुनाव होने वाला था, लेकिन, विभिन्न पार्टियों की मांग पर इसे 25 मई के लिए टाल दिया गया। इस सीट पर पहली बार अनंतनाग के साथ राजौरी क्षेत्र भी जोड़ा गया है। यह अकेली सीट है, जो जम्मू और कश्मीर दोनों संभागों में आती है। अनंतनाग वैसे तो मुस्लिम बहुल सीट रही है लेकिन, पुंछ ओर राजौरी क्षेत्र जुड़ने के कारण हिंदू वोटों की संख्या भी अच्छी खासी हो गई है। कश्मीर के ज्यादातर शहरों में घंटाघर बनाए जा रहे हैं, जिन पर तिरंगा लहराता है।

नैनीताल हाईकोर्ट को स्थानांतरित करने के आदेश पर सुप्रीम रोक

कौमी संवाददाता

नई दिल्ली, 24 मई। सुप्रीम कोर्ट ने नैनीताल से बाहर हाईकोर्ट को स्थानांतरित करने के लिए उपयुक्त जगह खोजने के उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। बता दें कि उत्तराखंड हाईकोर्ट अभी नैनीताल में है। दरअसल नैनीताल हाईकोर्ट ने 8 मई को उत्तराखंड सरकार को आदेश दिया था कि उच्च न्यायालय को स्थानांतरित के लिए उपयुक्त जगह तलाशी जाए। अदालत ने राज्य सरकार को इस बारे में 7 जून तक रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया था। इसके बाद उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल की गई थी। इस याचिका पर न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है। इसके साथ ही पीठ ने इस मामले को अब गर्मी की छुट्टियों के बाद सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने आदेश में प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को हाईकोर्ट की स्थापना के लिए जमीन तलाशने का आदेश दिया था। इसके साथ ही न्यायाधीशों, न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों के आवास, अदालत कक्ष और करीब 7000 वकीलों के लिए चैंबर आदि के लिए उपयुक्त भूमि का पता लगाने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि मुख्य सचिव को एक महीने के अंदर यह काम करना होगा और 7 जून तक अपनी रिपोर्ट पेश करनी होगी।

बाबा साहब के कानून पर विश्वास नहीं, आरक्षण पर डाका डालना चाहता है घमंडिया गठबंधन

कुशीनगर, 24 मई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि घमंडिया गठबंधन को बाबा साहब के बनाए कानून पर विश्वास नहीं है। इसलिए वह नया कानून बनाकर देश में मुस्लिम तुष्टिकरण को बढ़ावा देना चाहता है। तीन तलाक की कुप्रथा को पुनः जीवित करना उनका प्रयास है। सपा और कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि लालू चारा खा गया और कांग्रेस आसमान से लेकर पाताल तक घोटाला किया। घोटालेबाजों के गठबंधन से सावधान रहने की जरूरत है। प्रकाश में जाने से पहले अंधकार को याद करने जरूरत है। उत्तर प्रदेश की पहचान असुरक्षा, आरजकत्ता और माफियाराज से होती थी। मोदी का आशीर्वाद और योगी के परिश्रम से गुंडे माफियाओं का राज खत्म हो गया। ये बाते शुक्रवार को कुशीनगर के साखोपार के किसान इंटर कॉलेज में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कही। उन्होने कहा कि यह चुनाव मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर विकसित भारत बनाना और दुनियां के तीसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बनाने के लिए हो रहा है। राष्ट्र की चिंता करने वाले भाजपा को अपना वोट देकर परिवारवदियों और भ्रष्टाचारियों को नकार दें। देश का चाहे कोई भी जाति-धर्म का 70 साल से अधिक बुजुर्ग हो। उसे सरकार बनने पर आयुष्मान भारत से पांच लाख रुपये इलाज के लिए मिलेगा। घमंडिया गठबंधन दलित, आदिवासी और पिछड़ा, अति पिछड़ा विरोधी है।

ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द करने के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार: ममता बनर्जी

सौरभ शर्मा

कोलकाता, 24 मई। कलकत्ता हाईकोर्ट ने हाल ही में वर्ष 2010 से राज्य में जारी सभी ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द कर दिया था। इस फैसले से नाराज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को एलान किया कि उनकी सरकार हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देगी। दक्षिण चौबीस परगना जिले के सागर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार गर्मी की छुट्टियों के बाद ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने कहा, हम ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द करने के आदेश को स्वीकार नहीं करते हैं। हम गर्मी की छुट्टियों के बाद आदेश के खिलाफ ऊपरी अदालत जाएंगे। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 2010 से कई वर्गों को दिया गया अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का दर्जा बुधवार को रद्द कर दिया था। इससे लोकसभा चुनाव के बीच में राजनीतिक बहस छिड़ गई। अदालत ने कहा था कि मुसलमानों के 77 वर्गों को पिछड़ा वर्ग श्रेणी की सूची में शामिल करना उनके साथ वोट बैंक की तरह बर्ताव करना है। बनर्जी ने चुनावी रैली में अपने संबोधन में मतदाताओं से आग्रह किया कि वे तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर भाजपा या किसी अन्य पार्टी को एक भी वोट न दें। कोर्ट ने साफ किया था कि इस फैसले के दिन से ही रद्द प्रमाणपत्रों का किसी भी रोजगार प्रक्रिया में उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इससे करीब पांच लाख ओबीसी प्रमाणपत्र अमान्य हो जाएंगे। जस्टिस तपोव्रत चक्रवर्ती और जस्टिस राजशेखर मंथा की पीठ ने हालांकि यह भी कहा था कि इन प्रमाणपत्रों से जिन उम्मीदवारों को पहले मौका मिल चुका है, उन पर फैसले का असर नहीं होगा। पीठ ने फैसले में तृणमूल सरकार का जिक्र नहीं किया था। संयोग से तृणमूल 2011 से राज्य की सत्ता में है। इसलिए कोर्ट का आदेश सिर्फ तृणमूल सरकार में जारी ओबीसी प्रमाणपत्रों पर प्रभावी होगा। हाईकोर्ट का आदेश 2012 के मामले में आया। पीठ ने कहा था कि 2010 के बाद जितने भी ओबीसी प्रमाणपत्र बनाए गए, वे कानून के मुताबिक नहीं हैं। विधानसभा को तय करना है कि अन्य पिछड़ा वर्ग में कौन होगा। प. बंगाल पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग ओबीसी की सूची निर्धारित करेगा। सूची को विधानमंडल को भेजा जाना चाहिए। जिनके नाम विधानसभा से अनुमोदित किए जाएंगे, उन्हें भविष्य में ओबीसी माना जाएगा।

नवीन जयहिंद के तंबू में पहुंचे दीपेंद्र

रोहतक (हरियाणा), 24 मई। हरियाणा के रोहतक में मतदान से एक दिन पहले भी सियासी उठापटक जारी रही। कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा पुराने बस स्टैंड के पास तंबू लगाकर रह रहे नवीन जयहिंद के पास पहुंचे और समर्थन मांगा, साथ ही सोनीपत के गन्नौर हलके में जजपा से चुनाव लड़ चुके रणधीर मलिक व भाजपा से एडवोकेट विनोद पाहवा कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दोनों नेताओं को कांग्रेस का पटका पहनाया। सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद का कहना है कि तीन दिन पहले जजपा प्रत्याशी रवींद्र सांगवान मिलने आए थे। शुक्रवार सुबह भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर अरविंद शर्मा का फोन आया था, जबकि शाम को कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा आए। प्रत्याशियों को वोट मांगने का अधिकार है। सबको मान-सम्मान देकर आशीर्वाद दिया है। आम लोगों से आग्रह है कि अपनी मर्जी से मतदान करें। मैं किसी भी दल या पार्टी में नहीं हूं।

नाबालिग के पिता समेत छह आरोपी 7 जून तक न्यायिक हिरासत में

पुणे, 24 मई। पुणे की एक विशेष अदालत ने कार दुर्घटना मामले में छह आरोपियों को 7 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। हिरासत में भेजे गए लोगों में आरोपी नाबालिग के पिता भी हैं। पुणे पुलिस ने इस मामले की एफआईआर में आरोपी के पिता, बार के मालिक और मैनेजर के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 और महाराष्ट्र प्रतिबंधित कानून की धारा 65 (ई) और 18 को भी जोड़ दिया है। साथ ही इस मामले को क्राइम ब्रांच को सौंप दिया गया है। इस मामले में पुलिस जांच पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। इस बीच एक अधिकारी ने बताया कि नाबालिग आरोपी के खिलाफ खून की रिपोर्ट के अलावा और भी कई सबूत हैं। वहीं, उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक की जांच में ये बात भी निकलकर सामने आ रही है कि आरोपी के पिता ने इस दुर्घटना के बाद अपने बेटे की जगह ड्राइवर बदलने की कोशिश की थी। पुणे सीपी अमितेश कुमार ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, हमारे पास सीसीटीवी फुटेज हैं, जिसमें नाबालिग शराब पीता हुआ दिख रहा है। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस मामले में हमारे पास सिर्फ रक्त रिपोर्ट ही नहीं बल्कि और भी कई सबूत हैं। नाबालिग अपने होश में था। ऐसा नहीं था कि वह लोग इतने नशे में थे कि उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा था। उन्हें इस बात की पूरी जानकारी थी कि उनके आचरण के कारण धारा 304 कैब जैसी घटना हो सकती है। थाने में पिज्जा पार्टी के मामले में कोई सबूत नहीं है। कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि यह सच है कि शुरुआत में ड्राइवर ने कहा था कि वह कार चला रहा है। हम जांच कर रहे हैं कि ड्राइवर ने यह बयान किसके दबाव में दिया था। उस दौरान ड्राइवर बदलने का प्रयास भी किया गया। हम इसकी भी जांच कर रहे हैं। पुलिस कमिश्नर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन खबरों का भी खंडन किया जिसके तहत कहा जा रहा है कि कार को ड्राइवर चला रहा था। उन्होंने आगे कहा, आरोपियों को तरजीह देने के आरोपों पर अब तक जांच में कुछ भी नहीं मिला है। अगर हमें कोई सूचना मिलती है कि चश्मदीद गवाह को किसी परेशानी का सामना करना पड़ा है, तो उन पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। हमें अभी तक खून की रिपोर्ट नहीं मिली है। हमने फोरेंसिक से दोनों नमूनों का डीएनए नमूना लेने का अनुरोध किया है। अमितेश कुमार ने कहा, हम दोनों मामलों की बारीकी से और पूरी संवेदनशीलता के साथ जांच कर रहे हैं।

भारत को बदनाम करना चाहता है अंतरराष्ट्रीय खान मार्केट गैंग: एस जयशंकर

नरेश मल्होत्रा

नई दिल्ली, 24 मई। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को एक इंटरव्यू में कहा कि भारत में एक देश-विरोधी पारिस्थितिकी तंत्र काम कर रहा है, जिसे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय खान मार्केट गैंग करार दिया। उन्होंने कहा कि ये कथित उदारवादी, पश्चिमी सोच वाले लोगों का समूह है, जो चुनाव के दौरान भारत को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि ये लोग अपने फायदे के लिए भारत की राजनीति की दिशा को प्रभावित करना चाहते हैं। विदेश मंत्री ने कहा पश्चिमी मीडिया और इस इंटरनेशनल खान मार्केट गैंग के बीच संबंध हैं। यह एक तरह की अभिजात्य वामपंथी सोच वाले लोग हैं, जो भारतीय मीडिया से खबरों को लेकर भारत को ही बदनाम करने की कोशिश करते हैं। देश में एक खास विचारधारा के लोग हैं, जिन्हें अक्सर खान मार्केट गैंग कहा जाता है। उसी तरह से इंटरनेशनल खान मार्केट गैंग भी है। ये लोग आपस में जुड़े हुए हैं। जयशंकर ने कहा कि ये भारत विरोधी पारिस्थितिकी तंत्र भारत की नकारात्मक छवि दुनिया के सामने पेश करता है और इस तंत्र के लोग राजनीतिक पार्टियों में भी हैं। उन्होंने कहा जब घरेलू खान मार्केट में मुद्दे नहीं होते हैं तो अंतरराष्ट्रीय खान मार्केट गैंग इन्हें मदद देता है। चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश चल रही है। एस जयशंकर ने कहा कि इस भारत विरोधी पारिस्थितिकी तंत्र में मीडिया, विश्वविद्यालय, थिंक टैंक भी शामिल हैं और लगातार कोशिश के जरिए भारत के मतदाताओं और यहां के चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश चल रही है। चुनाव के दौरान ये कोशिश तेज हो जाती है, लेकिन यह लगातार चलती रहती है। इसकी भी एक पूरी व्यवस्था है, जिसके तहत पहले विदेशी मीडिया कोई मुद्दा उठाता है, जिसके बाद घरेलू मीडिया और फिर थिंक टैंक, फिर विश्वविद्यालय स्तर पर चर्चा होती है। अपने दावे के पक्ष में एक उदाहरण देते हुए विदेश मंत्री ने बताया 26/11 के मुंबई हमले के बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई और इसे अच्छा माना गया। न्यूयॉर्क टाइम्स, वॉशिंगटन पोस्ट आदि ने इसे एक अच्छा फैसला बताकर इसकी तारीफ की गई और इसे समझदारी वाला फैसला बताया गया। जब ये लोग आपकी तारीफ करें तो आपको चिंतित होना चाहिए। भारत में लोकतंत्र खतरे में है और यहां मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला जा रहा है अमेरिकी विदेश विभाग के इस बयान पर एस जयशंकर ने कहा कानून अपना काम कर रहा है। दूसरे देशों में जब राजनेताओं के खिलाफ आरोप लगते हैं तो क्या उन्हें कानूनी प्रक्रिया से छूट मिल जाती है? कांग्रेस के आरोप भाजपा आरक्षण और संविधान खत्म कर देगी पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, इस देश में आरक्षण पर हमला किसने किया है? ये कांग्रेस पार्टी और गठबंधन के कुछ अन्य दलों ने किया है...व्यवस्थित रूप से आस्था के तर्क का इस्तेमाल किया गया और अल्पसंख्यक संस्थानज् लोकसभा चुनाव में एनडीए के 400 पार के नारे पर विदेश मंत्री ने कहा हमारी दक्षिण में सीटें दोगुनी होंगी और उत्तर में भी बढ़ेंगी। हम दक्षिणी राज्यों, ओडिशा और बंगाल में अपने आंकड़ों में सुधार करेंगे। कांग्रेस के आरोप भाजपा आरक्षण और संविधान खत्म कर देगी पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, इस देश में आरक्षण पर हमला किसने किया है?

पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन , सैंकड़ों लोगों के मरने की आशंका

एजेंसी

पोर्ट मोरेस्बी। प्रशांत महासागरीय देश पापुआ न्यू गिनी में एंगा प्रांत के एक गांव में भूस्खलन से करीब 100 लोगों के मरने की आशंका है। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक पोर्ट मोरेस्बी से 600 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में काओकलाम गांव में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 03:00 बजे भूस्खलन हुआ।रिपोर्ट में पोरगेरा वूमेन इन बिजनेस एसोसिएशन की अध्यक्ष एलिजाबेथ लारुमा के हवाले से कहा गया कि भूस्खलन से पूरा गांव मलबे में दब गया है। हादसे के दौरान लोग अपने घरों में सो रहे थे। उन्होंने कहा, मेरे अनुमान से करीब 100 से अधिक लोग जमीन के नीचे दबे हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने हालांकि अभी इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की है।

गाजा में अधिकतर इजरायली बंधक मर चुके हैं , ट्रम्प ने किया दावा

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि गाजा में अधिकतर इजरायली बंधक मर चुके हैं।श्री ट्रम्प ने न्यूयॉर्क शहर में चुनाव अभियान रैली में कहा, ऐसे बहुत से बंधक जिनका आप या हर कोई इंतजार कर रहे हैं , उनमें कई मर चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि हमास के वार्ताकार इजरायल के साथ बंधक समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार नहीं हं क्योंकि उनके अधिकांश बंधक मर चुके हैं। इससे पहले सोमवार को श्री ट्रम्प के तीन राजनयिकों ने गाजा संघर्ष पर नवीनतम जानकारी के लिए इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की थी।

अमेरिका नीत बल का यमन के होदेइदाह हवाई अड्डे पर हवाई हमला

सना। अमेरिका-ब्रिटेन गठबंधन बल के लड़ाकू विमानों ने गुरुवार देर रात पश्चिमी यमन के होदेइदाह हवाई अड्डे पर दो हवाई हमले किये। हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। गठबंधन बल ने कथित हवाई हमलों पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन कहा कि उसने हूती समूह के नियंत्रण वाले क्षेत्र में चार हूती ड्रोन को नष्ट कर दिया था। स्थानीय निवासियों ने कहा कि उन्होंने हवाई अड्डे पर तेज विस्फोटों की आवाज सुनी है। होदेइदाह का हवाई अड्डा 2014 के अंत से बंद है, जब हूती समूह ने होदेइदाह सहित कई उत्तरी शहरों पर कब्जा कर लिया था। गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए, हूती समूह ने पिछले साल नवंबर में लाल सागर से गुजरने वाले इजरायल से संबंद्ध जहाजों को निशाना बनाते हुए जहाज-रोधी बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों को लॉन्च करना शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में जल क्षेत्र में तैनात अमेरिकी-ब्रिटिश नौसैनिक गठबंधन बल ने जनवरी से यमन में हूती के ठिकानों पर हवाई हमले और मिसाइल हमले करते रहा है।

यूक्रेन के खार्किव में मिसाइल हमलों में 7 की मौत, 21 घायल

कीव । रूसी सेना ने यूक्रेन के खार्किव में मिसाइल हमले किए। इन हमलों में सात लोग मारे गए और 21 अन्य घायल हो गए। खार्किव क्षेत्र के गवर्नर ओलेग सिनेगुबोव ने कहा, रूसी सेना ने लगभग 15 मिसाइलें दागीं। समाचार एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार, गवर्नर ने कहा कि मारे गए सभी लोग एक प्रिंटिंग हाउस के कर्मचारी थे। मिसाइल हमले के समय इमारत के अंदर लगभग 50 लोग काम कर रहे थे। रूस के नये हमले शुरू करने से इस महीने खार्किव क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है।



पाकिस्तान में 10 अरब डॉलर का निवेश करेगा संयुक्त अरब अमीरात

एजेंसी

अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पाकिस्तान में 10 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है। यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और पाकिस्तानी प्रधान मंत्री मुहम्मद शाहबाज शरीफ के बीच अबू धाबी में गुरुवार को गोलमेज सम्मेलन 'इनोवेट टुगेदर~ यूएई-पाकिस्तान टेक कोलैबोरेशन' के बाद जारी बयान में यह जानकारी दी गयी। बैठक में दोनों नेताओं ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जतायी।

इस मौके पर श्री शरीफ ने द्विपक्षीय सहयोग और संयुक्त उद्यमों की स्थापना के जरिए पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से बदलने के लिए अपनी सरकार का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार निर्यात बढ़ाने के लिए कृषि, खनन और उद्योग सहित पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने पर पूरा ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की कुल आबादी का 60 फीसदी युवाओं की है और उन्हें सशक्त बनाने के लिए आईटी कौशल का विकास आवश्यक है। उन्होंने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए यूएई और पाकिस्तानी कंपनियों के बीच सहयोग की सराहना की।

बिडेन का अभियान ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ाने के लिए एक मेम मैनेजर को नियुक्त कर रहा

एजेंसी

वाशिंगटन। राष्ट्रपति जो बिडेन और उनकी डिप्टी कमला हैरिस की टीम अपने अभियान में शामिल होने के लिए एक 'कंटेंट और मेम पेज पार्टनर मैनेजर' की तलाश में है। टीम अभियान की ऑनलाइन उपस्थिति को बढ़ावा देने के लिए मीम बनाने में कुशल किसी व्यक्ति की तलाश कर रही है। भूमिका के लिए एक पोस्टिंग के अनुसार, आदर्श उम्मीदवार को इंटरनेट पर मतदाताओं तक राजनीतिक सामग्री पहुंचाने का गहरा जुनून होना चाहिए। उन्हें 'राजनीति में गहरी रुचि होनी चाहिए और तेज़ गति वाले माहौल में आगे बढ़ना चाहिए।' चयनित उम्मीदवार को राष्ट्रपति बिडेन के गृहनगर 'विलमिंगटन, डेलावेयर क्षेत्र' में स्थानांतरित होने का इच्छुक भी होना चाहिए। नोटिस के अनुसार, मेम मास्टर की भूमिका प्रमुख जिम्मेदारियों के साथ आती है जैसे शीर्ष इंटरनेट प्रभावशाली लोगों के साथ संबंध बनाना, आकर्षक सामग्री बनाना और नए और रचनात्मक विचार उत्पन्न करना।उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि उनके पास दो से चार साल का प्रासंगिक अनुभव और सामग्री विचार और रणनीति विकास में असाधारण रचनात्मकता हो और यह अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप होना चाहिए। नोटिस के अनुसार, उनके पास संगठित रहने की क्षमता भी होनी चाहिए। विज्ञापन यह भी अपेक्षा करता है कि उम्मीदवार सगाई के अवसरों की पहचान करने और उन्हें सुरक्षित करने और उन्हें प्रबंधित करने के लिए ÷बाहरी भागीदारों के साथ स्वतंत्र रूप से काम करें।उन्हें नवीन विचारों को बढ़ावा देने के लिए आंतरिक टीमों और क्रॉस-फ़ंक्शनल भागीदारों के साथ सहयोग करना भी आवश्यक है। इसके अलावा, उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने सीओवीआईडी ??-19 टीकाकरण के साथ अद्यतित रहें, जब तक कि उनके पास ऐसा न करने का कोई वैध कारण न हो। बिडेन-हैरिस अभियान पारंपरिक और ऑनलाइन प्रचार दोनों में बहुत प्रयास कर रहा है। अमेरिका में प्रतिबंधित होने की संभावना के बावजूद वे इंस्टाग्राम, एक्स और टिकटॉक जैसे सभी प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय हैं।



वियतनाम में इमारत में आग लगने से 14 लोगों की मौत

एजेंसी

हनोई। वियतनाम की राजधानी हनोई में शुक्रवार तड़के एक इमारत में आग लगने से कम से कम 14 लागों की मौत हो गयी और अन्य तीन घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इमारत एक संकरी गली में लगभग दो मीटर चौड़ी और ट्रुंग किन्ह स्ट्रीट से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित है, जहां अग्निशमन कर्मियों का वाहन के साथ पहुंचना बहुत ही कठिन है। वियतनाम समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार किराये मे दी गयी इस बहुमंजिला इमारत में प्रत्येक मंजिल पर दो कमरे हैं और पहली मंजिल का उपयोग इलेक्ट्रिक साइकिल की बिक्री और मरम्मत के लिए किया जाता है।एजेंसी ने कहा कि शुरुआत में आग लगने का मुख्य कारण इलेक्ट्रिक साइकिल में शॉर्ट सर्किट बताया गया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

स्पेन के मैलोर्का द्वीप पर इमारत ढही, चार लोगों की मौत

एजेंसी

मैड्रिड। स्पेन के मैलोर्का द्वीप में पाल्मा शहर में एक इमारत ढहने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी और 21 लोग घायल हो गये। बेलिएरिक द्वीप समूह की बचाव सेवा टीम के मुताबिक प्लाया डे पाल्मा में कार्टागो स्ट्रीट पर एक इमारत के ढह जाने से चार लोगों की मौत हो गयी जबकि 21 अन्य घायल हुए हैं।उन्होंने बताया कि दो मंजिली इमारत की छत पर स्थित एक बार की छत गिरने के कारण यह घटना हुई। कुछ लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं तथा मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

अशांति की घटना के बाद सिंगापुर एयरलाइंस ने सीटबेल्ट साइन नीति में बदलाव किया

एजेंसी

गाजा। एयरलाइन और उड़ान डेटा के अनुसार, इस सप्ताह अशांति की घटना के बाद सिंगापुर एयरलाइंस ने अपनी उड़ान सीटबेल्ट साइन नीतियों में बदलाव किया है और कम से कम एक उड़ान मार्ग बदल दिया है, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और दर्जनों लोग अस्पताल में भर्ती हो गए।

सिंगापुर ब्रॉडकास्टर चैनल न्यूज एशिया को एक बयान में कहा गया है कि एयरलाइन अशांति के प्रति अधिक सतर्क रुख अपना रही है, जिसमें सीट बेल्ट साइन होने पर गर्म पेय या भोजन नहीं परोसना शामिल है।

इसमें कहा गया, एसआईए हमारी प्रक्रियाओं की समीक्षा करना जारी रखेगी, क्योंकि हमारे यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। एयरलाइन ने टिप्पणी के लिए रॉयटर्स के अनुरोध का जवाब नहीं दिया।

बोइंग 777-300ER विमान की SQ321 लंदन-सिंगापुर उड़ान 211 यात्रियों और 18 चालक दल को ले जा रही थी, जिसे आपातकालीन लैंडिंग के लिए बैंकॉक की ओर मोड़ दिया गया, क्योंकि विमान में अशांति फैल गई थी, जिससे यात्री और चालक दल केबिन के चारों ओर उड़ गए, और कुछ छत से टकरा गए। लंदन से सिंगापुर के लिए दैनिक मार्ग SQ321 ने घटना के बाद से दो उड़ानें पूरी कर ली हैं और म्यांमार के उस हिस्से में उड़ान नहीं भरी है जहां निर्धारित लैंडिंग से लगभग 3 घंटे पहले अचानक अशांति हुई थी। ट्रैकिंग डेटा से पता चलता है कि उड़ान का समय लगभग समान है।फ़्लाइट ट्रैकर फ़्लाइटरडार 24 के रूट डेटा से पता चलता है कि उन्होंने बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के ऊपर से उड़ान भरी। सिंगापुर एयरलाइंस ने कहा है कि विमान में मंगलवार को अचानक अत्यधिक अशांति आ गई। 73 वर्षीय एक ब्रिटिश यात्री की संदिग्ध दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।

विमान के अंदर की तस्वीरों में ओवरहेड केबिन पैनल, ऑक्सीजन मास्क और छत से लटके पैनल और आसपास सामान बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है। एक यात्री ने कहा कि कुछ लोगों के सिर सीटों के ऊपर लगी लाइटों से टकरा गए और पैनल टूट गए। रात तक, 46 यात्रियों और चालक दल के दो सदस्यों को बैंकॉक में अस्पताल में भर्ती कराया गया था; एयरलाइन ने कहा कि 19 अन्य अभी भी बैंकॉक में हैं।

बैंकॉक के समितिवेज़ श्रीनाकारिन अस्पताल के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि 46 में से 20 लोग गहन देखभाल में हैं, उन्होंने कहा कि घायलों को रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क और खोपड़ी की चोटों का मिश्रण था।

सिंगापुर एयरलाइंस, जिसे व्यापक रूप से दुनिया की अग्रणी एयरलाइनों में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त है और अधिकांश उद्योग के लिए एक बेंचमार्क के रूप में देखा जाता है, में हाल के वर्षों में कोई बड़ी घटना नहीं हुई है।

आम चुनाव के कारण भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए टलने की आशंका

एजेंसी

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा चार जुलाई को देश में आम चुनाव कराए जाने की अचानक घोषणा किए जाने के बाद भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) टलने की आशंका है। ब्रिटेन में आम चुनाव से ठीक एक महीने पहले चार जून को भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होंगे।

हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों और रणनीतिक विशेषज्ञों ने भरोसा जताया है कि परिणाम भले ही कुछ भी हो, द्विपक्षीय संबंधों में खास बदलाव नहीं होगा लेकिन जो एफटीए समझौता सुनक के नेतृत्व वाली 'कंजर्वेटिव पार्टी' की सरकार में होने की उम्मीद थी, उसके अब आम चुनाव की घोषणा के कारण टलने की आशंका है। भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए को लेकर बातचीत जनवरी 2022 में शुरू हुई थी और इसका उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाना है। वर्तमान में दोनों देशों के बीच एक साल में करीब 38.1 अरब पाउंड का व्यापार होता है।

चुनाव पूर्व के अधिकतर सर्वेक्षणों में विपक्षी दल 'लेबर पार्टी' आगे दिख रही है। हालांकि 'लेबर पार्टी' ने भी इस समझौते को अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता जताई है लेकिन इसकी समय सीमा को लेकर कुछ कहा नहीं जा सकता। लंदन के थिंक टैंक 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज' (आईआईएसएस) में दक्षिण और मध्य एशियाई रक्षा, रणनीति और कूटनीति संबंधी मामलों के वरिष्ठ 'फेलो' राहुल रॉय चौधरी ने कहा, ''ऋषि सुनक ने चार जुलाई को चुनाव कराने की घोषणा करके सभी को हैरान कर दिया। इसके कारण कंजर्वेटिव सरकार द्वारा भारत के साथ बहुप्रतीक्षित एफटीए को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना खत्म हो गई है।'' ब्रिटेन के थिंक टैंक 'चैथम हाउस' में दक्षिण एशिया, एशिया-प्रशांत कार्यक्रम के वरिष्ठ शोध 'फेलो' डॉ. सी बाजपेयी ने कहा, ''ब्रिटेन में चुनाव के नतीजे कुछ भी हों, उसके भारत के साथ संबंधों में निरंतरता होनी चाहिए।

रेस्तरां की इमारत ढही, चार लोगों की मौतू

मैड्रिड। स्पेन के मैलोर्का द्वीप पर एक रेस्तरां की इमारत ढह गई। इस हादसे में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बेलिएरिक द्वीप समूह की बचाव सेवा टीम ने बताया, प्लाया डे पाल्मा में कार्टगो स्ट्रीट पर एक रेस्तरां की इमारत ढहने से 21 लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया के अनुसार, रेस्तरां की इमारत रात करीब 8:30 बजे ढह गई। पीड़ितों में पर्यटक भी शामिल हैं। हालांकि, अभी उनकी पहचान नहीं हो पाई है।

विस्तारित कोष सुविधा के लिए पाकिस्तान के साथ बातचीत में 'महत्वपूर्ण प्रगति': आईएमएफ

एजेंसी

इस्लामाबाद। आईएमएफ ने कहा कि नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के अधिकारियों के साथ देश के वास्ते विस्तारित कोष सुविधा के लिए कर्मचारी स्तर के समझौते पर पहुंचने को लेकर बातचीत में ''महत्वपूर्ण प्रगति'' हासिल हुई है। पाकिस्तान ने विस्तारित कोष सुविधा (ईएफएफ) के तहत छह से आठ अरब अमेरिकी डॉलर के बीच एक नया पैकेज देने के लिए औपचारिक अनुरोध किया है। यदि इसकी मंजूरी मिल गई तो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की देश को यह 24वीं मदद होगी। पाकिस्तान में आईएमएफ के मिशन प्रमुख नाथन पोर्टर के नेतृत्व में आईएमएफ के एक दल ने घरेलू आर्थिक कार्यक्रम के लिए देश की योजनाओं पर चर्चा करने के वास्ते 13 मई से 23 मई के बीच इस्लामाबाद की यात्रा की। इसे आईएमएफ की विस्तारित कोष सुविधा के तहत समर्थन दिया जा सकता है। पाकिस्तान के अनुरोध पर यह आईएमएफ अधिकारियों ने यह यात्रा की।

वैश्विक ऋणदाता ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सुधारों को प्राथमिकता देना बातचीत के तहत नए ऋण पैकेज के आकार से अधिक महत्वपूर्ण है। पोर्टर ने एक बयान में कहा, मिशन और अधिकारी आने वाले दिनों में ऑनलाइन नीतिगत चर्चा जारी रखेंगे, जिसका मकसद चर्चा को अंतिम रूप देना है। इसमें आईएमएफ और पाकिस्तान के द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय साझेदारों से अधिकारियों के सुधार प्रयासों को समर्थन देने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता भी शामिल है।

चीन के अभ्यास के दूसरे दिन ताइवान ने अपने तट के पास दर्जनों युद्धक विमान और नौसैन्य जहाज देखे

एजेंसी

ताइपे। ताइवान ने कहा कि उसके तट के पास चीन की सेना के व्यापक अभ्यास के दूसरे दिन शुक्रवार को दर्जनों चीनी युद्धक विमान और नौसैन्य पोत देखे गए। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का कहना है कि उसका यह अभ्यास ताइवान के नए राष्ट्रपति के उद्घाटन भाषण के जवाब में है। चीन ने मीडिया को व्यापक फुटेज जारी किए हैं जिनमें ताइवान को 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' के बलों से घिरा दिखाया गया है। शुक्रवार को एक नए वीडियो में 'एनिमेटेड' चीनी सेनाओं को हर तरफ से आते हुए और ताइवान को घिरा दिखाया गया है। ताइवान की आबादी 2.3 करोड़ है और इस घटनाक्रम के बावजूद यहां के लोगों में इसे लेकर कोई खास चिंता नहीं दिखाई दे रही। ताइवान की संसद में शुक्रवार को अभियानगत उपायों को लेकर राजनीतिक दलों के बीच काफी विवाद हुआ वहीं ताइपे में कारोबार सामान्य रूप से जारी रहा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसे 49 युद्धक विमान और 19 नौसैन्य पोत के साथ-साथ चीनी तट रक्षक जहाजों के होने का भी पता चला है और बृहस्पतिवार से शुक्रवार तक 24 घंटे की अवधि में 35 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य में उड़ान भरी। यह दोनों पक्षों के बीच की वास्तविक सीमा है। समुद्री और तट रक्षक पोतों, हवाई और जमीन-आधारित मिसाइल इकाइयों को खासतौर पर ताइवान नियंत्रित किनमेन और मात्सु द्वीप शृंखलाओं के आसपास अलर्ट पर रखा गया है।

ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने बृहस्पतिवार को राजधानी ताइपे के दक्षिण में ताओयुआन में एक नौसैन्य अड्डे का दौरा किया और नाविकों तथा शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों से कहा, ''हम बाहरी चुनौतियों और खतरों का सामना कर रहे हैं। हम स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों को बनाए रखेंगे।'' इससे पहले लाई ने सोमवार को अपने उद्घाटन भाषण में कहा था कि ताइवान ''एक स्वतंत्र संप्रभु राष्ट्र है जिसमें संप्रभुता लोगों के हाथों में है।'' उन्होंने साथ ही बीजिंग से अपनी सैन्य धमकी को रोकने को कहा था। वहीं चीन की सेना ने कहा कि ताइवान के आसपास उसका दो दिवसीय अभ्यास स्वतंत्रता चाहने वाली अलगाववादी ताकतों के लिए सजा के समान है। चीन में ताइवान मामलों के कार्यालय के प्रवक्ता चेन बिनहुआ ने बृहस्पतिवार रात एक बयान में कहा, ''ताइवान के नेता ने पदभार संभालते ही एक-चीन सिद्धांत को चुनौती दी और खुलेआम द्वि-राष्ट्र सिद्धांत पर बात की।'' 'एक-चीन सिद्धांत' के अनुसार चीन केवल एक है और कम्युनिस्ट पार्टी के शासन के तहत ताइवान भी चीन का ही हिस्सा है। चीन का मानना है कि ताइवान को मुख्य भूमि के साथ जोड़ा जाना चाहिए भले ही इसके लिए बल प्रयोग करना पड़े।

गाजा में इजरायली सेना ने 24 लोगों की हत्या की

एजेंसी

गाजा। इजरायली सेना ने उत्तरी और मध्य गाजा में दो घरों को निशाना बनाया, जिसमें रात भर में कम से कम 24 लोग मारे गए। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी।फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने कहा

स्रेब्रेनिका नरसंहार की याद में संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव से भारत ने बनाई दूरी

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। यूगोस्लाविया के विघटन के बाद हुए गृह युद्ध के दौरान 1995 में स्रेब्रेनिका में बड़े पैमाने पर नरसंहार हुआ था। अब इस नरसंहार की याद में एनुअल डे मनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव लाया गया। लेकिन भारत ने इस प्रस्ताव से अलग रहने का फैसला किया।

जर्मनी और रवांडा द्वारा लाये गए प्रस्ताव पर गुरुवार को 193 सदस्यीय महासभा में केवल 84 वोट पड़े। इससे विभिन्न देशों में मतभेद खुलकर सामने आ गए, क्योंकि ऐसे प्रस्ताव सर्वसम्मति से अपनाए जाते हैं।

उन्नीस देशों ने इसके खिलाफ मतदान किया, जबकि 68 देश अनुपस्थित रहे और 22 ने बिलकुल अलग रहने का फैसला किया। भारत क्यों इस प्रस्ताव से दूर रहा, इसका कोई कारण नहीं बताया गया है।

प्रस्ताव पारित होने के बाद, संयुक्त राष्ट्र हर साल 11 जुलाई कोस्रेब्रेनिका में 1995 के नरसंहार का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाएगा। 1995 में बोस्निआ में 8000 मुसलमानों की हत्या हुई थी। गृहयुद्ध से जूझ रहे बोस्निया में आजादी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को देखते ही गोली मार दी गई थी। संयुक्त राष्ट्र में जर्मनी के स्थायी प्रतिनिधि एंटजे लेन्डर्टसे ने कहा कि उनका देश जर्मन नाज़ी द्वारा किए गए नरसंहार को दोबारा होने से रोकने के लिए प्रस्ताव को प्रायोजित कर रहा था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाज़ियों ने 60 लाख यहूदियों को मार डाला था। लेन्डर्टसे ने कहा कि यह बोस्निया में स्रेब्रेनिका नरसंहार के पीड़ितों की याद का सम्मान करने के लिए था और यह सर्बों के खिलाफ नहीं था, बल्कि केवल उन लोगों के खिलाफ था जिन्होंने हत्याएं कीं।

पड़ोसी देश सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने जर्मनी के इतिहास को देखते हुए इस तरह का प्रस्ताव पेश करने के रुख पर सवाल उठाया और कहा कि इसे राजनीतिक कारणों से और सर्बियाई लोगों को कलंकित करने के लिए पेश किया गया था। उन्होंने कहा, जिन लोगों ने नरसंहार को अंजाम दिया, उन पर पहले ही मुकदमा चलाया जा चुका है, दोषी ठहराया गया है और जेल की सजा सुनाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव एकतरफा है।

इस प्रस्ताव को पश्चिम और रूस के बीच टकराव के नजरिये से भी देखा जा रहा है, क्योंकि सर्बिया मास्को का सहयोगी देश है। अधिकांश मुस्लिम देशों ने प्रस्ताव पर पश्चिमी देशों के साथ मतदान किया, उन्होंने गाजा में हो रही हत्या का भी मुद्दा उठाया।

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

रबी मौसम में 262.48 लाख टन गेहूं की खरीद

एजेंसी

नई दिल्ली। मौजूदा रबी मौसम में अभी तक केंद्रीय पूल में 262.48 लाख टन गेहूं की खरीद हो चुकी है जो पिछले वर्ष की कुल खरीद 262.02 लाख टन को पार कर गई है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने यहां बताया कि गेहूं की खरीद देश भर के प्रमुख खरीद राज्यों में सुचारू रूप से चल रही है। गेंहू खरीद में सर्वाधिक योगदान पांच राज्यों पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का रहा है। मंत्रालय के अनुसार सरकारी खरीद से इस मौसम में कुल 22.31 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं और कुल न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर 59,715 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। पंजाब से 124.26 लाख टन, हरियाणा से 71.49 लाख टन, मध्य प्रदेश से 47.78 लाख टन, राजस्थान से 9.66 लाख टन और उत्तर प्रदेश से 9.07 लाख टन की खरीद हुई है। मंत्रालय ने कहा है कि देश में धान की खरीद भी सुचारु रूप से चल रही है। इस मौसम में 489.15 लाख टन चावल के बराबर 728.42 लाख टन धान खरीदा गया है। यह 98.26 लाख किसानों से सीधे खरीदा गया है, जिसमें कुल 1,60,472 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। केंद्रीय पूल में वर्तमान में गेहूं और चावल का संयुक्त भंडार 600 लाख टन से अधिक हो गया है, जो देश को कल्याणकारी योजनाओं के तहत खाद्यान्न की आवश्यकताओं को पूरा करने और बाजार को नियंत्रित रखने के लिए पर्याप्त है।

डीयू में ‘चुनाव का बहिष्कार करो’, ‘नक्सलबाड़ी जिंदाबाद’ के नारे, अभाविप ने की कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) की दीवार पर ‘चुनाव का बहिष्कार करो’, ‘नक्सलबाड़ी जिंदाबाद’, ‘मार्क्सवाद जिंदाबाद’ जैसे नारे लिखे जाने के मामले में पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अभाविप इस संबंध में मौरिस नगर थाने में शिकायत दर्ज करायी है और इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और नारों को तत्काल मिटाने की मॉग की है। परिषद ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जहां दिल्ली का युवा मतदाता लोकतंत्र के उत्सव में भाग लेने के लिए उत्साहित है, तो वहीं कॉलेज की दीवार पर इस तरह के अलोकतांत्रिक नारे लिखे गए। अभाविप इसका कड़ा विरोध करती है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मॉग करती है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे रोड पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच करायी जाये और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

स्मृति ईरानी ने दिल्ली में किया रोड शो

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने दिल्ली में रोड शो किया और दावा किया कि भाजपा सभी सातों सीटें जीतेगी। चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल के समर्थन में श्रीमती ईरानी ने दिल्ली के अशोक विहार के राम लीला ग्राउंड से एक रोड शो में हिस्सा लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को तीसरी बार सरकार बनाने का अवसर देने के लिए बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की।

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 62.2 प्रतिशत मतदान

नई । लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों के लिए 62.2 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने अधिकार का इस्तेमाल किया। निर्वाचन आयोग ने गुरूवार को बताया कि इस चरण के लिए 20 मई को वोट डाले गये थे और सभी 49 सीटों पर 62.2 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पुरूषों का मतदान प्रतिशत 61.48 जबकि महिलाओं का 63 प्रतिशत रहा। इसके अलावा उभयलिंगी मतदाताओं का प्रतिशत 21.96 रहा।

सोनिया की दिल्ली की सभी सीटों पर गठबंधन को जिताने की अपील

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने इस चुनाव को लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव बताते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के मतदाताओं से दिल्ली की सभी सातों सीटों पर गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की है। श्रीमती गांधी ने गुरुवार को यहां कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर आक्रमण हो रहा है और संविधान तथा लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है इसलिए इंडिया गठबंधन को वोट देकर जिताना है और लोकतांत्रिक संस्थाओं को बचाना है।

उन्होंने कहा मेरे प्यारे दिल्ली वासियों, यह एक बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है। यह चुनाव देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। यह चुनाव बेरोज़गारी, महंगाई, संवैधानिक संस्थाओं पर आक्रमण जैसे मुद्दों पर लड़ा जा रहा है। आपको इस लड़ाई में अपनी भूमिका निभानी है।

मतदान के आंकड़े वेबसाइट पर डालने की याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा चुनाव मतदान के 48 घंटे के बाद प्रत्येक मतदान केंद्र पर डाले गए मतों के आंकड़े से संबंधित फॉर्म 17सी को वेबसाइट पर डालने की मांग संबंधी याचिका पर चुनाव आयोग की कड़ी आपत्ति के बाद विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के आवेदन को प्रथम दृष्ट्या संदेह और आशंका पर आधारित बताते हुए विचार करने से इनकार किया।

पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे और ए एम सिंघवी से कहा, हम योग्यता के आधार पर कुछ नहीं कह रहे...लेकिन इस समय आपके पास कोई अच्छा मामला नहीं है। पीठ ने आगे कहा, इसे लंबित रखते हैं। हम उचित समय पर इसकी जांच करेंगे। संबंधित अधिकारियों (चुनाव आयोग के) पर भरोसा करें। चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने दलील दी कि आवेदन प्रक्रिया के दुरुपयोग का एक उत्कृष्ट मामला है, क्योंकि यह चुनाव प्रक्रिया के दौरान दायर की गई थी।

शीर्ष अदालत के समक्ष उन्होंने कहा कि आवेदन संदेह, आशंका और चुनाव प्रक्रिया की अखंडता पर झूठे आरोपों पर आधारित है। यह भी दलील दी कि उन्होंने (आवेदक) चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्तियां संलग्न की हैं, लेकिन 26 अप्रैल के फैसले को संलग्न नहीं किया है। उस दिन अदालत ने ईवीएम के साथ वीवीपैट गिनती के सत्यापन के संबंध में उनकी याचिका पर विचार किया था। उन्होंने आवेदकों पर भारी जुर्माना लगाने की गुहार लगाई। इस पर अदालत के समक्ष आवेदकों के अधिवक्ताओं ने कहा कि जनहित याचिकाओं में नियमों और प्रक्रिया को सख्ती से लागू नहीं किया जा सकता। पीठ ने हालांकि कहा कि जनहित याचिकाएं आजकल ‘प्रचार’ वाली याचिकाएं बन गई हैं। पीठ ने जब आवेदकों से सवाल पूछा कि वे 16 मार्च से पहले (जब चुनाव की तारीखों की घोषणा की गई थी) क्यों नहीं इस मामले को लेकर अदालत आए। इस पर आवेदकों के अधिवक्ताओं ने कहा कि जानकारी केवल तभी उपलब्ध कराई गई थी, जब चुनाव के पहले दो चरणों में खुलासे किए गए थे। शीर्ष अदालत ने इस मामले में 17 मई को चुनाव आयोग को 2024 के लोकसभा चुनावों में प्रत्येक चरण के मतदान के 48 घंटे बाद सभी मतदान केंद्रों पर दर्ज किए गए मतों का लेखा-जोखा आयोग कबेवसाइट अपलोड करने के लिए नोटिस जारी किया।

कीर्तिनगर मेट्रो स्टेशन के इंटरचेंज पुल पर मरम्मत का कार्य शीघ: भट्टाचार्य

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के संयुक्त महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस) टी भट्टाचार्य ने कहा कि कीर्तिनगर स्टेशन पर ब्लू लाइन से ग्रीन लाइन इंटरचेंज के लिए बने पुल पर मरम्मत का काम यथाशीघ्र शुरू किया जायेगा। श्री भट्टाचार्य ने ‘यूनीवार्ता’को बताया कि देश की अग्रणी समाचार एजेंसी ‘यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया’की ओर से हाल ही में पुल से संबंधित घटनाओं के संबंध में डीएमआरसी का ध्यान आकर्षित किये जाने के बाद मामले को संज्ञान में लिया गया है। उन्होंने कहा,हमने मामले का संज्ञान लिया है और जल्द से जल्द काम शुरू किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पुल की लोहे की सतह घिस जाने से इस पर आये दिन यात्रियों के फिसल कर गिरने और घायल होने की घटनाएं सामने आयी हैं। उद्योग नगर की रहने वाली प्रतिभा पटेल ने ‘यूनीवार्ता’को बताया कि था कि पिछले सप्ताह उनकी मां का इस पुल पर पैर फिसल गया था जिससे उनकी कमर में गंभीर चोटें आयी थीं । उनका नांगलोई के एक सरकारी अस्पताल में इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि उनके जानने वाले कई लोगों ने इस तरह की घटनाओं के बारे में चर्चा की थी, लेकिन उन्हें नहीं मालूम था कि उनकी मां के साथ यह हादसा हो जायेगा। स्टेशन पर कुछ यात्रियों ने शिकायत की थी इस पुल पर चलना जोखिम भरा हो गया है, लेकिन मेट्रो रेल के अधिकारी इस ध्यान नहीं दे रहे हैं।

पश्चिम दिल्ली में पीरागढ़ी से राजीव चौक या द्वारका और कीर्तिनगर से इंद्रलोक की ओर जाने के लिए कीर्तिनगर स्टेशन पर मेट्रो रेल बदलने वाले लाखों यात्री इस इंटरचेंज पुल से गुजरते हैं। पुल की सतह घिसकर चिकनी हो जाने से कई लोगों के पैर फिसलने की घटनाएं सामने आयी हैं।

उत्तराखंड हाईकोर्ट शिफ्टिंग को लेकर दिये गये आदेश पर सुप्रीम कोट की रोक

एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को जारी अपने महत्वपूर्ण निर्णय में उत्तराखंड उच्च न्यायालय की शिफ्टिंग को लेकर प्रदेश उच्च न्यायालय की ओर से दिये गये आदेश पर रोक लगा दी है। साथ ही प्रतिवादियों से जवाबी हलफनामा दायर करने को कहा है उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने विगत आठ मई को एक न्यायिक आदेश जारी कर प्रदेश सरकार को हाईकोर्ट शिफ्टिंग के लिये एक महीने के अंदर भूमि की व्यवस्था करने के आदेश दिये थे। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को इस मामले में सात जून तक अनुपालन रिपोर्ट सौंपने को कहा था।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन लगातार इस निर्णय का विरोध करती आ रही है। बार एसोसिएशन की ओर से उच्च न्यायालय के आदेश को विशेष अपील के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गयी। उच्चतम न्यायालय की अवकाशकालीन पीठ में इस मामले में आज सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा एवं न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने इस प्रकरण में सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी।

पीठ ने सभी पक्षकारों से जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा है। अब इस मामले में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विस्तृत सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन की ओर से न्यायिक आदेश का विरोध किया गया। स्थगनादेश की खबर मिलते ही उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं में खुशी की खबर फैल गयी।

दस साल में रोजगार खत्म कर किया युवाओं के साथ अन्याय : राहुल

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में रोजगार खत्म किया है जबकि वह हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा लेकर सत्ता में आए थे। श्री गांधी ने यहां उत्तर पूर्वी दिल्ली की दिलशाद गार्डन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं के साथ पिछले दस साल में अन्याय हुआ है। श्री मोदी ने झूठ बोला कि वह युवाओं को प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देंगे। इसके उलट उन्होंने नोटबंदी और जीएसटी लाकर रोजगार देने वाले छोटे दुकानदारों, व्यवसायों को खत्म किया है और उन्होंने ऐसा अडानी-अंबानी की मदद करने के लिए किया है।

उन्होंने कहा कि संविधान खत्म झरने का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा नेता कह रहे हैं कि उनकी सरकार आई तो संविधान खत्म कर देंगे लेकिन सच ये है कि वे कभी ऐसा नहीं कर पाएंगे। देश के संविधान को कोई खत्म नहीं कर सकता।श्री गांधी ने भाजपा-आरएसएस पर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा आरएसएस की सोच कहती है कि आरक्षण से देश को नुकसान होता है। इसके ठीक विपरीत कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लखा है कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर आरक्षण से 50 प्रतिशत की लिमिट खत्म कर आरक्षण को 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाया जाएगा। उनका कहना था कि मोदी सरकार चाहती है कि हिंदुस्तान के 90 प्रतिशत लोगों की देश में कोई भागीदारी ना हो इसलिए संविधान को खत्म करना चाहते हैं। वे जानते हैं कि संविधान ने गरीबों को अधिकार दिए हैं और जिस दिन संविधान खत्म हो गया उस दिन हिंदुस्तान के गरीब लोगों की आवाज खत्म हो जाएगी।उन्होंने कहा इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना रद्द की जाएगी। केंद्र में खाली पड़ी 30 लाख सरकारी नौकरियां भरी जाएंगी। हर गरीब परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रूपये की मदद दी जाएगी। किसानों की कर्ज माफी होगी और एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाएगी। मनरेगा में 400 रुपये की दैनिक मजदूरी दी जाएगी। गरीबों को हर महीने पांच किलो की जगह दस किलो अनाज दिया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों को भारी मतों से जिताकर केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का आह्वान किया।

वालात की जाली काटकर फरार चोर 12 घंटे बाद पकड़ा

एजेंसी

नई दिल्ली। सेक्टर-49 थाने की हवालात से तड़के एक आरोपी फरार हो गया था। बाइक चोर आरोपी सोनू उर्फ सुनील हवालात की पिछली खिड़की में लगी जाली को काटकर सुबह सुबह करीब 5:00 बजे वहां से फरार हो गया। जिसकी तलाश पुलिस कर रही थी और तलाश के दौरान करीब 12 घंटे बाद आरोपी दुबारा से पकड़ा गया। सोनू होशियारपुर के सेक्टर-22 का रहने वाला है। उसे सेक्टर-51 होशियारपुर से एक बाइक चुराते हुए पकड़ा गया था। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि वह 22 मई को भी होशियारपुर से एक बाइक चुरा चुका था, जिसे बेचने की फिराक में था। पुलिस ने सोनू को गिरफ्तार कर सेक्टर-49 थाने की हवालात में रख दिया था।

आयोग की बोलने पर रोक संबंधी हिदायत दुर्भाग्यपूर्ण: कांग्रेस

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने चुनाव आयोग की संविधान पर सवाल उठाने वाली हिदायतों को भारत की अस्मिता तथा संविधान के मूल ढांचे के लिए दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा है कि जब आयोग जैसी संवैधानिक संस्था किसी दल विशेष के लिए पक्षपातपूर्ण काम करती है तो उसका यह कदम लोकतंत्र के लिए गंभीर स्थिति पैदा करता है।

कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संविधान पर सवाल उठाने वाली बातें बोलना आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है, इसलिए आयोग न तो इस पर रोक लगाने का फरमान जारी कर सकता है और न ही यह तय कर सकता है कि किसे क्या बोलना है।

उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने हिदायत दी है कि जो चीजें संविधान पर सवाल उठाती हैं आप नहीं कह सकते। हम खुलेआम कह रहे हैं कि जब तक आचार संहिता का उल्लंघन न हो, कौन क्या बोलेगा, ये तय करने का अधिकार चुनाव आयोग को नहीं है। प्रवक्ता ने आयोग की इस हिदायत को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि इस तरह के आदेश से साफ हो गया है कि आज भारत की अस्मिता, भारत की सोच तथा भारत के संविधान का मूल ढांचा खतरे में है।उन्होंने कहा, चुनाव आयोग द्वारा कहा गया कि सभी को हिदायत है कि साम्प्रदायिक न हों, लेकिन हमारी शिकायत के बावजूद प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का चुनाव आयोग के किसी दस्तावेज में नाम नहीं लिया गया। आयोग ने किसी को भी चेतावनी नहीं दी और न ही कोई प्रतिबंध लगाया और न ही कोई दोषारोपण किया गया। आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्ष को लिखा कि अपने स्टार प्रचारकों को कहें कि वे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न करें। प्रवक्ता ने आयोग की हिदायतों को अशोभनीय बताया और कहा, ÷ये सारी चीजें संवैधानिक स्तर की उच्च स्तरीय संस्था को शोभा नहीं देती हैं। ये संस्था के संवैधानिक उत्तरदायित्वों के खिलाफ है। ये चुनाव आयोग है किसी पार्टी का चुनाव एजेंट नहीं है। हम अचंभित हैं कि जब कोई संवैधानिक संस्था संविधान का पालन नहीं करती और सत्ता की ओर झुकाव दिखाती हैं तो समझ लेना चाहिए कि लोकतंत्र का अंत है।

PUBLIC NOTICE

My client Smt. Salma Khan W/o Sh. Salim Ahmed R/o House No.144, DDA Flats, Tigri, South Delhi, Delhi-110062, has severed all her relations with her son namely SHAMIM JAVED @ NANHE. My client has also debarred / disowned him from all her movable & immovable properties. So he shall have no right, title or claim in the properties of my client and my client shall not be responsible for any act, conduct and omission done by above named person in future.

GOPAL SHARMA ADVOCATE
Ch. No.-153, West Wing Tis Hazari,
Delhi-54 Mob: 9891793145

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारा ग्राहक श्री हर्ष वर्धन सिंह रावल पुत्र श्री सलिवाहन सिंह पहली मंजिल पर फ्रीहोल्ड आवासीय फ्लैट संख्या एफ–4 के मालिक हैं, पीछे की ओर, एमआईजी प्रकार बिना छत के अधिकार के, 50 वर्ग मीटर का कवर क्षेत्र, निर्मित प्लॉट संख्या नीति खंड 1/870, इंदिरापुरम गाजियाबाद तहसील और जिला गाजियाबाद, यूपी में स्थित है। सद्गुण द्वारा, विक्रय विलेख दिनांक 24.03.2023 को दस्तावेज़ संख्या 2915, पुस्तक संख्या 1, एसआरओ– IV गाजियाबाद (और विक्रय विलेख दिनांक 24.03.2023 पृष्ठ संख्या 06 ग्राउंड फ्लोर का उल्लेख किया गया है) अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि किसी अन्य व्यक्ति के पास नहीं है उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है, बेची गई संपत्ति भी श्री आकर्षण सरना की है और इसे पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा॓ शाहदरा दिल्ली द्वारा वित्तपोषित किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के अधिकार स्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

Naveen Kumar Verma
(advocate)
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

NAME CHANGE

I, PUNAM DEVI Wife of No. 14940141K Rank-NK Name-LALIT KUMAR SARASWAT Presently residing at VILL-BERA, PO-JARARA, PS-SURIR, DIST-MATHURA, UTTAR PRADESH-281205 have changed my name from PUNAM DEVI to POONAM DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 24/05/2024 before Notary Public, Delhi.

फॉर्म नंबर यूआरसी-2

भाग I के तहत पंजीकरण के बारे में सूचना देने वाला विज्ञापन

अध्याय XXI

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(बी) के अनुसार कंपनियों के नियम 4(1) (पंजीकरण के लिए अधिकृत) नियम, 2014]

1. इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि उपधारा (2) के अनुसरण में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 के तहत, एक आवेदन है दिल्ली और हरियाणा में रजिस्ट्रार को बताया गया है कि "टाउन एर्था रियल्टर एलएलपी" पहचान संख्याः एसीसी-4886 एक सीमित देयता भागीदारी व्यवसाय इकाई है जिसे कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय कके भाग कके तहत शेयरों द्वारा कंपनी लिमिटेड के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है।
2. कंपनी के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैंः रियल एस्टेट गतिविधि के एजेंट का व्यवसाय जैसे कि बिक्री, खरीद, विकास, सुधार, मरम्मत और रियल एस्टेट के क्षेत्र में किराए पर लेना।
3. मसौदा ज्ञापन और एसोसिएशन के लेखों की एक प्रति प्रस्तावित कंपनी का निरीक्षण खाता संख्या स्थित कार्यालय में किया जा सकता है। **खाता संख्या 328 336 रेक्ट नंबर 59, किला नंबर 10 सेक्टर 82, मेप्सको सोसायटी के पास, गांव सिही तहसील मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122004।**
4. एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति इस पर आपत्ति करता है तो वह आवेदनकर्ता अपनी आपत्ति को लिखित रूप में में रजिस्ट्रार , सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर सेंटर (सीआरसी) इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (आईआईसीए), **प्लॉट नंबर 6, 7 और 8, सेक्टर-5, आईएमटी मानेसर जिला गुड़गांव (हरियाणा) पिन कोड- 122050** इस सूचना के प्रकाशित होने के इक्कीस दिनों के भीतर सूचित कर सकते हैं इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख, एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में दी गई है।

आवेदक का नाम के लिए:
"टाउन एर्था रियल्टर एलएलपी
1. पारुल (नामित भागीदार)
2. वरुण मलिक (नामित भागीदार)।

दिनांकः 25 मई 2024।
कौमी पत्रिका प्रकाशन

NAME CHANGE

I, AKSHAYA MOHAPATRA Father of No. 15707852W Rank-NK Name-BIKRAM MOHAPATRA Presently residing at VPO-MITUANI, PS+TEH-KHAIRA, DIST-BALASORE, ODISHA-756048 have changed my name from AKSHAYA MOHAPATRA to AKSHAYA KUMAR MOHAPATRA for all future purposes vide Affidavit dated 24/05/2024 before Notary Public, Delhi.

NAME CHANGE

I, Santosh w/o Vimal Chand R/o Flat 304, Marigold 1, Tower 24, Gulmohar Garden, Raj Nagar Extn., Ghaziabad-201017, U.P, have changed my name to Santosh Kumari permanently.

NAME CHANGE

I, RAKESH TOMAR S/O MAHIPAL SINGH TOMER RESIDING AT D287, 1ST FLOOR, SECTOR 108 NOIDA, UTAAR PRADESH - 201304 HAVE CHANGED MY NAME TO RAKESH KUMAR TOMER FOR ALL FUTURE PURPOSES

PUBLIC NOTICE

This is to inform that Ms. Reet Dua has agreed to create mortgage the described property in favour of my client Aadhar Housing Finance Limited, Uttam Nagar Branch, Delhi, after execution of sale deed in his favour. Seller(s) Namely 1. Sh. Sanjeev Kumar 2. Sh. Sidharth Badhani has agreed to sell their property "Built Up First Floor, Without Roof Rights, Plot no. 59-A, Area Measuring 60 Sq. Yds., Out Of Khasra No. 22/19/1, Situated in the Revenue Estate of Village Razapur Khurd, Colony Known as Z-Block, Mohan Garden, Uttam Nagar, New Delhi-110059". Hence any other co-sharer(s) namely Sh. Anand Kumar Patra, Sh. Sanjeev Kumar, Sh. Sunil Kumar Jain, Sh. Anmol Bharana, Sh. Surender Jain, Sh. Vijay Veer, Sh. Partik Kabir Sethi, Sh. Anil Kumar Girja, Sh. Sanjeev Kumar, Smt. Pinki Shukla, Sh. Ramesh Kumar or any previous owners of the property, having any claim against or in respect of the said property or any part thereof by way of sale, exchange mortgage (equitable or deposit of title deed otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, Sub lease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever are hereby requested to notify the same in writing to the Undersigned with supporting documentary evidence at the address mentioned herein below within 7 days, from the date hereof, falling which the claim or claims, if any, of such person(s) shall be considered to have been waived and / or abandoned any my client shall proceed with the disbursement of loan and creation of mortgage on the property.

Dated : 24-05-2024
Place : Delhi

Advocate Ghanshyam Singh,
Ch. E-713 Karkardooma Courts,
Delhi-110032; Ph-8810212071.

NAME CHANGE

I, L D Ahuja R/o House No-26/415, Ward No-12, Jawahar Nagar Camp, Near Govt. School, Palwal-121102, Haryana, have changed my name to Laxman Dass for all future purposes.

NAME CHANGE

I, Rupant Swaroop Ahuja s/o Laxman Dass R/o House No-26/415, Ward No-12, Jawahar Nagar Camp, Near Govt. School, Palwal-121102, Haryana, have changed my name to Rupant Swaroop for all future purposes.

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि श्री अंकित जैन पुत्र श्री कमल किशोर जैन फ्रीहोल्ड आवासीय संपूर्ण तीसरी मंजिल के मालिक हैं, जिनके पास संपत्ति संख्या डब्ल्यूजेड–50, जिसे अब बी–18 के नाम से जाना जाता है, की छत/छत का अधिकार है, म्यू नंबर 31 में से 62.5 वर्ग गज क्षेत्रफल है। किला नंबर 25, खसरा नंबर 31/25, ग्राम ख्याला के क्षेत्र और राजस्व संपत्ति में स्थित, कॉलोनी जिसे शाम नगर, नई दिल्ली 110018 के नाम से जाना जाता है। बिक्री विलेख के आधार पर दिनांक 30.07.2019 को दस्तावेज़ नंबर 2210, वॉल्यूम नंबर 23588, पुस्तक के रूप में पेज 24–33 पर नंबर 1, एसआर– II बसई दारापुर, नई दिल्ली/दिल्ली। अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि उक्त संपत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति का कोई अधिकार नहीं है, और वही संपत्ति श्री राजन कुमार शर्मा द्वारा भी बेची गई है और वही संपत्ति वर्तमान में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तपोषित है और अब वही होने जा रही है। पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा॓ कालकाजी दिल्ली द्वारा पुनर्वित्त किया जाएगा यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में अधिकारञ्चस्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

Naveen Kumar Verma
(advocate)
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

NAME CHANGE

I, GODAVARI MOHAPATRA Mother of No. 15707852W Rank-NK Name-BIKRAM MOHAPATRA Presently residing at VPO-MITUANI, PS+TEH-KHAIRA, DIST-BALASORE, ODISHA-756048 have changed my name from GODAVARI MOHAPATRA to GODABARI MOHAPATRA for all future purposes vide Affidavit dated 24/05/2024 before Notary Public, Delhi.

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को यह जानकारी दी जाती है कि हमारे ग्राहक श्रीमती विनीत तोमर पुत्र श्री ॠषिपाल सिंह तोमर फ्रीहोल्ड आवासीय प्लॉट नंबर 247–ए के मालिक हैं, जिसका क्षेत्रफल 80 वर्ग गज यानी 66.88 वर्ग मीटर है, खसरा नंबर 1491 से बाहर, ग्राम रईसपुर, परगना दासाना में बालाजी एन्क्लेव तहसील और जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित है । दिनांक 09.12.2020 के विक्रय विलेख के आधार पर दस्तावेज़ संख्या 10315, खंड संख्या 17425, पृष्ठ संख्या 1–36, एसआरओ– II, गाजियाबाद। आज तक और अपना मूल विक्रय विलेख दिनांक 21.03.2018 को दस्तावेज़ संख्या 3328, खंड संख्या 13548, पृष्ठ संख्या 21–56, एसआरओ– II, गाजियाबाद के रूप में खो दिया है/गुम कर दिया है, इसे श्रीमती संतोष तोमर पत्नी श्री यशदेव के पक्ष में निष्पादित किया गया था। तोमर, अब हमारा ग्राहक घोषणा कर रहा है कि उक्त संपत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति का कोई अधिकार नहीं है, और बेची गई संपत्ति भी श्रीमती छाया सुखीजा की है, जिसका वित्त पोषण उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड शाखा॓ नोएडा, यूपी द्वारा किया जाना है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में अधिकारञ्चस्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

Naveen Kumar Verma
(advocate)
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

NAME CHANGE

I, SUDHER GAUTAM S/O RAVIT PRASAD R/o A-904, UNINAV HEIGHTS, RAJ NAGAR EXTENSION, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201017 have changed my name to SUDHER KUMAR GAUTAM

NAME CHANGE

I, MAHESH KUMAR NIRBHAY S/O RAM RATAN RESIDING AT B-103 PLOT NO-3 NEELACHAL APARTMENTS SECTOR-4 DWARKA DELHI-110078 HAVE CHANGED MY NAME TO MAHESH NIRBHAY FOR ALL FUTURE PURPOSES

NAME CHANGE

I, PRAVEEN SACHDEVA W/O BHUPINDER KUMAR residing at P-9/B3 DILSHAD GARDEN SHAHDARA DELHI-110095 have changed my name to PRAVEEN for all future purposes

NAME CHANGE

I, SHAILANDER KUMAR JAIN S/O PREM CHAND JAIN residing at H NO-100, GALI NO-5, KRISHNA NAGAR, SAFDARJUNG ENCLAVE, DELHI-110029 have changed my name to SHAILENDER KUMAR JAIN for all future purposes

NAME CHANGE

I, JYOTIPRAVA DAS Wife of No. 15707852W Rank-NK Name-BIKRAM MOHAPATRA Presently residing at VPO-MITUANI, PS+TEH-KHAIRA, DIST-BALASORE, ODISHA-756048 have changed my name from JYOTIPRAVA DAS to JYOTIRPRAVA DAS for all future purposes vide Affidavit dated 24/05/2024 before Notary Public, Delhi.

सार्वजनिक सूचना

सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि श्री राजेंद्र कुमार गुप्ता, जो कि संपूर्ण प्रथम तल बिना छत के अधिकारों, निर्मित आवासीय संपत्ति क्रमांक 03, क्षेत्रफल 60 वर्ग मीटर, ब्लॉक C–9 (पॉकेट–ष्ट), रोहिणी सेक्टर 15 में स्थित नई दिल्ली में स्थित हैं । उक्त संपत्ति को श्री अमरितेश चन्द धूपर से खरीदने का इरादा रखते हैं। उक्त संपत्ति श्रीमती स्वराज धूपर और श्री सुशील चंद्र धूपर ने विक्रय विलेख दिनाक 16.04.2007 के माध्यम से संयुक्त रूप से खरीदी थी। इसके पश्चात श्रीमती स्वराज धूपर का 16.08.2021 को निधन हो गया और उन्होंने अपने पीछे अपने कानूनी उत्तराधिकारी अमरितेश चाँद धूपर (पुत्र), श्रीमती निपुण हांडा (पुत्री) और श्रीमती अन्ना मेदीरत्ता (पुत्री) और श्री सुशील चंद्र धूपर (पति) छोड़ गए। इसके पश्चात श्री सुशील चंद्र धूपर ने अपनी आधी संपत्ति का हिस्सा श्री अमरितेश चाँद धूपर को बेच दिया और शेष आधी संपत्ति का हिस्सा श्री सुशील चंद्र धूपर, श्रीमती निपुण हांडा और श्रीमती तमन्ना मेदीरत्ता ने त्याग पत्र दिनाक 08.12.2023 के माध्यम से श्री अमरितेश चाँद धूपर के पक्ष में छोड़ दिया/हस्तांतरित कर दिया और संपूर्ण उक्त संपत्ति आरबीएल बैंक लिमिटेड द्वारा वित्त पोषित की जा रही है, जिसका पता यूनिट नंबर–306–311, तीसरी मंजिल, सोहना रोड, सेक्टर–48, जेएमडी मेगापोलिस, गुड़गांव, हरियाणा–122018 है। यदि किसी व्यक्ति(ओं) को विषय संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति है, तो कृपया सात दिनों के भीतर इस सूचना की तारीख से लिखित रूप में अपनी आपत्ति दर्ज करें। उक्त आपत्ति को निम्नलिखित पते पर पंजीकृत डाक द्वारा या ईमेल के माध्यम से कृपया भेजें। नहीं तो, उक्त संपत्ति के संबंध में दावा अवैध और व्यर्थ माना जाएगा।

[ASHWANI KUMAR] Advocate
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

नाम परिवर्तन

मैं, ऊषा देवी, पत्नी JC–541911N रैंक– SUB CLK नाम रमेश चंद्र, निवासी ग्राम–लालपुर, पोस्ट–अचलपुर, तहसील और जिला–मैनपुरी, राज्य–उत्तर प्रदेश, मेरे पति के सैन्य अभिलेखों में मेरा नाम गलत तरीके से ऊषा यादव के रूप में दर्ज किया गया है। मेरा सही नाम ऊषा देवी है। जिसे मेरे पति के सैन्य अभिलेखों में दर्ज किया जाये ।

नाम परिवर्तन

मैं, शिखा यादव, पुत्री JC–541911N रैंक– SUB CLK नाम रमेश चंद्र, निवासी ग्राम–लालपुर, पोस्ट–अचलपुर, तहसील और जिला–मैनपुरी, राज्य–उत्तर प्रदेश, मेरे पिता के सैन्य अभिलेखों में मेरा नाम गलत तरीके से शिखा के रूप में दर्ज किया गया है। मेरा सही नाम शिखा यादव है। जिसे मेरे पिता के सैन्य अभिलेखों में दर्ज किया जाये ।

Lost & found

I Sudhir gupta s/o vad parkesh gupta.Rajdhani enclave pittampura delhi at Misplaced letter of allotment for Ind. Plot No. 453, Sec-56, Ind. Estate Kundli, Allottee ID: N2019MAR17531. FIR registered LR No. 628237/2023. Please contact Sanjay Jain at +91-9810130248.

NAME CHANGE

I BHAWANA KOSARIYA W/O LOKESH KURM R/O 54/431 SUNDERNAGAR CHOWK SARABHAI HOSPITAL, TECHER COLONY DANGANIA, RAIPUR, CHHATTISGARH-492013 HAVE CHANGE MY NAME TO BHAWANA KURM FOR ALL PURPOSES.

PUBLIC NOTICE

SANJAY SONI S/D DHARAM NATH, FLAT NO F636,VILLAGE SULTAN PURI DELHI 110086 ,AGRICULURE LADN IN VILLAGE VALLUKKALOTTY TESHIL KARRIYAPPATI VIRUDHUNAGAR STATE TAMIL NADU FLOT NO/KH NO-SUIRVEY NO-198/1, 198/2,200/3,202/38 202/4A, 2024C,201, 20320,204/3, 207/20 207/3A,207/3C. 211/3, 211/2, 211/1A, SURVEY NO-198/1 AREA 4-48, SURVEY NO-1982 ARLA 2-64, SURVEY NO-2003 AREA 4-15, SURVEY NO-202/38 SURVEY NO-1-45, SURVEY NO-202/4A AREA 1-18, SURVEY NO-202/4C AREM-38, SURVEY NO-203/1 AREA 2-95, SURVEY NO 203/20 AREA 0-12, SURVEY NO 204/3 AREA 1-11, SURVEY NO-2073C AREA 0-24, SURVEY NO-211/3 AREA 0-12, SURVEY NO-211/2 AREA 0-9, SURVEY NO-211/1A AREA 0-63, TOTAL AREA 23 ACRE AND 71 CENTS WHICH IS PURCHASED BY THE EXECUTANTS BY THE SALE DEED DATED 18.05.2005 DOCUMENT NUMBER 1558 REGISTRAR OFFICE VIRUDHUNAGAR JOINT SUB REGISTRAR, STATE TAMILNADU, VILLAGE MUSUBRAMANIAPURAM TALLK VILATHIKULAM DIST THOOTHUKUDI STATE TAMILNADU PLOTNO KINO SURVEY NO-196/5,198/1, 54/2, 54/7, 129/1081, 181/10, 95/6, 103/2,95/11,214/4C65/2,62/1102/2,104/7, 125, 1266,186/1,198/5,32/2, 1243,185/1.214/12,95/12, 125/3,204/1,2104/2,213/5,130/1, 130/1C,198/4,210/1,28/28,23/3,28/68,28/7,28/4,160/3,71/2 TOTAL 39 ACRE AND 79 CENT WHICHIS PURCHASED BY THE EXECUTANT BY THESALE DEED DATED 26.04.2004 SUB REGISTRAR OFFICE VILATHIKULAM OFFICE VILATHIKULAM PATIA NO. 222 STATE TAMILNADULL

चुनाव देश का सबसे बड़ा पर्व, मतदान करें व प्रेरित करें : नरसीराम बिश्नोई

एजेंसी

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने नागरिकों से 25 मई को लोकसभा के छठे चरण के होने वाले चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और चुनाव देश का सबसे बड़ा पर्व है। भारत को विकसित राष्ट्रों में शामिल करने का रास्ता स्वस्थ लोकतंत्र से ही जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अन्य सभी नागरिकों से अपील की है कि देश की खुशहाली और वैभव के लिए 25 मई को न केवल स्वयं मतदान अवश्य करें बल्कि अपने परिजनों, रिश्तेदारों व जानकारों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

फतेहाबाद जिला में 688 बूथों पर पोलिंग पार्टियां निर्धारित, 58 माइक्रो ऑब्जर्वर भी लगाए

फतेहाबाद। लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को जिला के 688 बूथों पर सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। चुनाव प्रचार की अवधि वीरवार शाम 6 बजे से समाप्त हो गई है। अब कोई भी उम्मीदवार रैली, रोड शो या लाउडस्पीकर से प्रचार नहीं कर पाएगा। डोर टू डोर प्रचार किया जा सकता है। जिलाधीश राहुल नरवाल ने इस बारे में स्पष्ट निर्देश भी जारी किए है।जिला में 25 मई को होने वाले मतदान के लिए जिला प्रशासन ने कर्मियों की ड्यूटियां निर्धारित कर दी है। सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी की देखरेख में लघु सचिवालय के एनआईसी वीसी रूम में पोलिंग पार्टियों और माइक्रो ऑब्जर्वर की फाइनल रेंडमाइजेशन की गई। जिला में तीन विधानसभा क्षेत्रों में 688 बूथों पर मतदान होगा। इसमें प्रत्येक बूथ पर पांच कर्मियों की ड्यूटी रेंडमाइजेशन से निर्धारित की गई है। 103 पोलिंग पार्टियों को रिजर्व रखा गया है। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में 237 पोलिंग पार्टियां, रतिया विस में 224 पोलिंग पार्टियां तथा टोहाना विस क्षेत्र में 227 पोलिंग पार्टियों की बूथ अनुसार रेंडमाइजेशन की गई। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में 36, रतिया में 33 तथा टोहाना विस क्षेत्र में 34 पोलिंग पार्टियों को रिजर्व रखा गया है। सामान्य पर्यवेक्षक की देखरेख में माइक्रो ऑब्जर्वर की भी रेंडमाइजेशन की गई। जिला में कुल 58 माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी निर्धारित हुई है। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में 8, रतिया में 25 व टोहाना में भी 25 माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल, पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी, अंडरट्रेनी आईएएस आकाश, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम कैप्टन परमेश सिंह, एसडीएम प्रतीक हुड्डा, जगदीश चंद्र व राजेश कुमार, डीआईओ रमेश कुमार, नायब तहसीलदार चुनाव राज कुमार सहित चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस व सीआरपीएफ ने शहर व गांवों में निकला फ्लैग मार्च

कैथल। पुलिस बल व सीआरपीएफ की महिला कंपनी ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए थाना तितरम क्षेत्र अंतर्गत के विभिन्न गांवो में फ्लैग मार्च निकाला। एसपी उपासना ने कहा कि लोकसभा चुनाव को भय रहित वातावरण में निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए आम जनता को अधिकाधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। एसपी उपासना ने बताया कि फ्लैग मार्च के दौरान नागरिकों को संदेश दिया गया कि किसी भी व्यक्ति को कानून-व्यवस्था व शांति भंग करने की किसी सूरत में इजाजत नहीं दी जाएगी। पुलिस द्वारा नागरिकों को जागरूक किया गया कि वे झूठी अफवाहों पर ध्यान न दें, निर्भीक होकर अपना मतदान करे। फ्लैग मार्च का उद्देश्य पुलिस की उपस्थिति दिखाकर महिलाओं तथा आम लोगों विशेषकर कमजोर वर्गों मध्य सुरक्षा की भावना पैदा करने सहित कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना शामिल है। इस प्रकार के अभियान ना सिर्फ अपराधी तत्वों में भय पैदा करते है, बल्कि आमजन में सुरक्षा की भावना व पुलिस के प्रति विश्वास कायम करने में भी कारगर सिद्ध होते है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने वोट डालकर आमजन को दिया मतदान का संदेश

सिरसा। जिला निर्वाचन अधिकारी आर.के. सिंह ने गुरुवार को स्थानीय लघु सचिवालय में डीडीपीओ कार्यालय में आवश्यक सेवाओं में ड्यूटी में नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए बनाए गए मतदान केंद्र पर जाकर अपना मतदान किया और सिरसा जिला के नागरिकों को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। निर्वाचन अधिकारी ने जिला वासियों से आह्वान किया कि वे आने वाली 25 मई को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक अपने संबंधित पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान जरूर करें और जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए सिरसा का अभिमान-सौ प्रतिशत मतदान के अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि मतदाता लोभ-लालच, जाति-धर्म से ऊपर उठकर एक स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए मतदान करें।

दादी गौरी के मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की होती मनोकामना पूरी : रणजीत सिंह

● रणजीत चौटाला ने दादी गौरी के मंदिर में मत्था टेक भाजपा की जीत की कामना की

एजेंसी

हिसार। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा है कि दादी गौरी के मंदिर में आने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामना पूरी होती है। श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था के चलते दादी गौरी मंदिर की मान्यता दूर-दूर तक फैली हुई है।

भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह अपने जनसंपर्क अभियान के तहत बाड्यां जाटान व बाड्या ब्राह्मणान सहित अन्य गांवों का दौरा करके वोटों की अपील कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने दादी गौरी मंदिर में मत्था टेककर पूजा अर्चना की और भाजपा की जीत की कामना की। मंदिर व गांव में पहुंचने पर उनका पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए रणजीत सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार लगातार सभी क्षेत्रों में समान विकास कर रही है। कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जो विकास से अछूता हो। हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से जरूरमंद परिवारों के योग्य बच्चों को नौकरियां दी।

रणजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने मजबूत फैसला लेते हुए कश्मीर से धारा 370 को हटाया, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। प्रधानमंत्री ने हमेशा सेना का मनोबल बढ़ाया है। हरियाणा जवानों, किसानों और पहलवानों का प्रदेश है। प्रदेश के अधिकांश युवा सेना में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस इतनी गिरी हुई है कि वह सेना के ऑपरेशन पर सबूत मांगती है, उसे सेना के जवानों पर भरोसा नहीं है। पहले की सरकारों ने हमेशा सेना का मनोबल तोड़ने का काम किया है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नतृत्व में आज हमारी सेना मजबूत स्थिति में है और हम देश के दुश्मनों को सीना ठोंककर जवाब दे रहे हैं। युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों के लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे 25 मई को चुनाव के दिन अपना एक-एक कीमती वोट भाजपा के पक्ष डालकर उन्हें विजयी बनाएं। चुनाव में जीत के बाद वे क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में सदैव साथ रहेंगे। भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत मीरकां, बाड्या जाटान और बाड्या बाह्मणान, तलवंडी रूक्का, तलवंडी बादशाहपुर, खारिया सहित अनेक गांवों का दौरा किया। कार्यक्रमों में उनके साथ मुख्य रूप से वरिष्ठ पार्टी नेता मनदीप मलिक, पवन खारिया, संजीव गंगवा, मनीराम दलाल, पूर्व सरपंच मेवासिंह बागड़ी, राजेश दलाल, भलेराम, सत्यनारायण, रामकुमार, जगबीर दलाल, राजबीर सरपंच, पूर्व सरपंच जसबीर, कृष्ण वर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, हेतराम शर्मा, धर्मपाल शर्मा, हनुमान शर्मा, रामचंद्र वर्मा, इंद्र वर्मा आदि सैंकड़ों की तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।

कार पर कैंटर पलटा, कार सवार एक व्यक्ति की मौत, दो घायल

एजेंसी

सोनीपत। गन्नौर में जीटी रोड पर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के पास कैंटर पलट कर कार गिरा इससे कार में सवार की एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए हैं। कार क्षतिग्रस्त हो गई। तीनों व्यक्ति आम आदमी पार्टी से जुड़े हुए थे। वह कुरूक्षेत्र के उम्मीदवार सुशील गुप्ता के चुनाव प्रचार में हिस्सा लेने के बाद दिल्ली लौट रहे थे, लेकिन बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के निकट यह घटना घटित हो गई। सूचना के बाद बड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सोनीपत के अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने क्रेन की सहायता से कैंटर के नीचे दबी कार को बाहर निकलवा कर उसमें फंसे व्यक्ति के शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली के रोहिणी निवासी जगमोहन सहगल, दिल्ली के पंजाबी बाग का रहने वाले जितेंद्र व पानीपत के रामलाल कार में सवार होकर कुरूक्षेत्र में पार्टी के चुनाव प्रचार के लिए गए थे। इस हादसे में जगमोहन सहगल की कार में फंसने के कारण मौत हो गई। जबकि जितेंद्र व रामलाल घायल हो गए। बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से घायल जितेंद्र व रामलाल को कार बाहर निकाल कर अस्पताल भिजवा दिया। कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। बड़ी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है। बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि मृतक जगमोहन दिल्ली के कारोबारी हैं। पुलिस ने उनके व घायल जितेंद्र व रामलाल के स्वजन को सूचित कर दिया है। स्वजन के बयान पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

युवाओं को लेनी चाहिए शत प्रतिशत मतदान करवाने की जिम्मेदारी : डॉ. रमेश आर्य

एजेंसी

हिसार। राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य ने कहा है कि हर नागरिक को देशहित में मतदान अवश्य करना चाहिए। मतदान से जहां नागरिकों की जागरूकता का पता चलता है वहीं हम इस जागरूकता के चलते अपने मनपसंद उम्मीदवार का चयन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को शत प्रतिशत मतदान की जिम्मेवारी लेनी चाहिए।

डॉ. रमेश आर्य महिला महाविद्यालय में शत प्रतिशत मतदान बारे आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में चुनाव में मतदान के लिए मंथन किया और यह बीड़ा उठाया कि आने वाले चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए सबको प्रेरित करेंगे और लोकतंत्र में मतदान की अहमियत को लोगों तक पहुंचाएंगे। प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य ने कहा कि भारत के सुनहरे भविष्य का निर्माण 100 प्रतिशत मतदान के माध्यम से ही संभव होगा। मतदान के महत्व पर उन्होंने कहा कि पहले मतदान करें फिर जलपान करें। लोकतंत्र की यही पहचान मत, मतदाता और मतदान।

उन्होंने कहा कि हमारा लोकतंत्र विश्व में सबसे सर्वश्रेष्ठ है। इसकी मजबूती के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को विशेष कर युवाओं को अपना योगदान देना होगा। इसके लिए पहला कर्त्तव्य पूर्ण मतदान है। पारदर्शी मतदान प्रक्रिया हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। इसलिए हम सबको मतदान के लिए ड्यूटी पर लगाए गए सभी कर्मचारियों का सहयोग करना चाहिए। महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी प्रो. वसुंधरा ने बताया कि बैठक में अपील की गई कि हर स्टाफ सदस्य अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेगा। बैठक में उप प्राचार्या डॉ. एलिजा कुंडू, प्रो. नीलम दहिया, प्रो. सतीश सिंगला, प्रो. शशिकला यादव, प्रो. नीलम कुमारी तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्वक चुनाव करवाने के लिए जिले में धारा 144 लागू

एजेंसी

हिसार। जिलाधीश प्रदीप दहिया ने लोकसभा आम चुनाव हिसार संसदीय क्षेत्र में निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य को लेकर धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश भारतीय दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लागू किए हैं। ये आदेश 25 मई को मतदान प्रक्रिया संपन्न होने तक प्रभावी रहेंगे।

जिलाधीश ने कहा कि 23 मई को सायं छह बजे चुनाव प्रचार बंद कर दिया गया है। इसके बाद कोई भी राजनीतिक दल और उम्मीदवार जनसभा, रैली इत्यादि से प्रचार नहीं कर सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी वाहन पर लाउडस्पीकर लगाकर प्रचार करने पर भी प्रतिबंध रहेगा। मतदान केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में मोबाइल फोन, कोडलेश फोन इत्यादि का प्रयोग नहीं किया जा सकता। कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति पोलिंग स्टेशन के अंदर प्रवेश नहीं कर सकता। उन्होंने सभी मीडियाकर्मियों से कहा है कि वे चुनाव से संबंधित परिणाम को लेकर किसी भी प्रकार के ओपिनियन पोल को प्रसारित व प्रकाशित न करें। उन्होंने आदेशों में कहा है कि कोई भी व्यक्ति मतदान केंद्रों में हथियार के साथ प्रवेश नहीं कर सकता, लेकिन ये आदेश पुलिस विभाग तथा लोकसभा आम चुनाव की प्रक्रिया से संबंधित अन्य सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों पर जो अपनी ड्यूटी पर तैनात हो उन पर लागू नहीं होंगे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं कि इन आदेशों की अनुपालना करवाना सुनिश्चित करें। इन आदेशों के उल्लंघनकर्ता भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के अनुसार दंड के भागीदार होंगे।

शराब की बिक्री पर रहेगी पाबंदी

जिलाधीश ने 23 से 25 मई तक तथा मतगणना के दिन यानी चार जून को सभी शराब की दुकानों को बंद रखने तथा होटल, रेस्तरां तथा बार इत्यादि में शराब नहीं परोसने के आदेश भी जारी किए गए हैं। उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त इन आदेशों की दृढ़ता से अनुपालना करवाना सुनिश्चित करेंगे। आदेशों के उल्लंघनकर्ता भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के अनुसार दंड के भागीदार होंगे।

निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र चुनाव करवाना पुलिस की नैतिक जिम्मेवारी : मोहित हांडा

एजेंसी

हिसार। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा है कि चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र रूप से संपन्न करवाना पुलिस की नैतिक जिम्मेदारी है। पुलिस जिला हिसार में 389 मतदान केंद्र पर कुल 884 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। सभी पुलिस अधिकारी स्वयं प्रत्येक बूथ को चेक करें। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा पुलिस लाइन में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाने की रणनीति बारे बैठक कर रहे तथे। उन्होंने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक, क्राइम यूनिट इंचार्ज, चौकी प्रभारियों और चुनाव के दौरान तैनात पेट्रोलिंग पार्टियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी बूथों पर चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार पर्याप्त संख्या में जिला पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया जाएगा। इनमें से कुछ क्रिटिकल पोलिंग बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।उन्होंने कहा कि हिसार लोकसभा क्षेत्र में पुलिस जिला हिसार के पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें 36 पेट्रोलिंग पार्टी तैनात की गई है। इसके साथ ही चार इंटरस्टेट और चार इंटर डिस्ट्रिक्ट नाके लगाए गए हैं। सभी पेट्रोलिंग पार्टी वाकी टॉकी सेट से लैस होगी। सभी पुलिस अधिकारी क्षेत्र जोनल मजिस्ट्रेट से तालमेल बनाकर रखें। चुनाव के दौरान कोई भी व्यवधान उत्पन्न होने का अंदेशा हो तो तुरंत सूचना दें। सभी आदर्श आचार संहिता की अनुपालना करें, लापरवाही की सूरत में कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने निर्देश दिये कि संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों पर विशेष रूप से नजर रखे। नाकाबंदी के दौरान गहनता से प्रभावी चैकिग करें, संदिग्ध किस्म के युवकों या जिन आरोपियों के खिलाफ गंभीर किस्म के केस दर्ज है या जो जेल मे बंद थे अब पैरोल या बेल पर बाहर आए हुए हैं, ऐसे सभी युवकों पर विशेष रूप से नजर रखें। इंटरस्टेट नाकों पर वाहनों की गहनता से प्रभावी चैकिंग करें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव की जिला पुलिस ने सभी तैयारी समय रहते पुख्ता कर ली है। डीएसपी मुख्यालय विजयपाल को ओवरऑल नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। हिसार लोकसभा क्षेत्र में पुलिस जिला हिसार के पांच विधानसभा क्षेत्र आते है। इनमें नलवा विधानसभा क्षेत्र में एएसपी राजेश कुमार मोहन, हिसार में डीएसपी सतपाल यादव, आदमपुर में डीएसपी वजीर सिंह, बरवाला में डीएसपी गौरव शर्मा और उकलाना विधानसभा क्षेत्र में डीएसपी संजीव कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

वोटर इन क्यू एप से पता चलेगी मतदान केन्द्र पर लाइन की जानकारी

एजेंसी

कैथल। अब मतदाताओं को अपना वोट डालने में अधिक देर तक लाईन में खड़ा होकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग ने एक ऐसी एप लांच की है, जिसके माध्यम से आप मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने गुरुवार को बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है। आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की गई है। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैं, जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केन्द्र पर जा सकते हैं। कई बार मतदाता भीड़ को देखकर बगैर वोट डाले ही वापिस चले जाते हैं। लेकिन अब इस एप के माध्यम से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है।

प्रदेशभर में भाजपा मजबूत स्थिति में, सभी सीटों पर जीत तय : डॉ. कमल गुप्ता

एजेंसी

हिसार। हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने दावा किया है कि प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवार मजबूत स्थिति में है और उनकी जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थिति कहीं पर भी ज्यादा अच्छी नहीं है लेकिन जजपा व इनेलो जैसे दलों की तो जमानत जब्त होना तय है।

डॉ. कमल गुप्ता भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के हर क्षेत्र की जनता में उत्साह है जिसे देखते हुए तय है कि जनता 400 पार के नारे के संकल्प को पूरा करने में सहयोग देने को आतुर है। जनता ने अच्छी तरह से जान व समझ लिया है कि यह चुनाव राष्ट्रहित का चुनाव है। ऐसे में जनता जानती है कि केवल नरेन्द्र मोदी ही प्रधानमंत्री के तौर पर देश को मजबूत सरकार दे सकते हैं और ऐसा प्रधानमंत्री ने अपने 10 साल के शासन में ऐसा करके भी दिखाया है। उनके नेतृत्व में भारत तो हर क्षेत्र में मजबूत हुआ ही है, विदेशों में भी भारत की साख बढ़ी है। उन्होंने बताया कि उनके हिसार विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह को एक लाख की बढ़त मिलेगी और उनकी लाखों मतों से जीत तय है।डॉ. कमल गुप्ता ने कांग्रेस पर चुटकी लेते हुए कहा कि इस पार्टी की फूट जगजाहिर है। भिवानी में राहुल गांधी की रैली के दौरान भी राव दान सिंह व किरण चौधरी एक-दूसरे को उंगली दिखाते नजर आए। ऐसे में यह पार्टी कैसे सरकार बनाने का दावा कर रही है। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश के इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई, जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह को हिसार में वोट मांगने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को चुनाव लड़ने व वोट मांगने का अधिकार है। हम नहीं कहते कि जयप्रकाश वोट ना मांगे, जजपा वाले, इनेलो वाले व अन्य उम्मीदवार भी वोट मांग रहे हैं।

जयप्रकाश की बात पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। एक प्रश्न के जवाब में डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि राहुल की रैलियों व प्रियंका गांधी के रोड शो का हरियाणा में कोई असर नहीं पड़ेगा, उल्टा भाजपा को ही फायदा होगा।

पत्रकार सम्मेलन में मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा, सुरेश गोयल धूपवाला, अशोक मित्तल व डॉ. वैभव बिदानी भी मौजूद रहे।

पोलिंग पार्टियों व माइक्रो पर्यवेक्षकों की फाइनल रेंडमाइजेशन का कार्य संपन्न

एजेंसी

हिसार। हिसार संसदीय क्षेत्र में लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी, व्यवस्थित तथा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। गुरुवार को लघु सचिवालय परिसर में सामान्य पर्यवेक्षक गोपाल चंद तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में पोलिंग पार्टियों तथा माइक्रो पर्यवेक्षकों की रेंडमाइजेशन का कार्य पूरा किया गया। इस दौरान सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने इस दौरान बताया कि मतदाताओं की सुविधा के अनुरूप हिसार लोकसभा क्षेत्र में कुल 1766 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें हिसार जिले के 1312 मतदान केंद्र शामिल हैं। इन सभी मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने बताया कि आज रेंडमाइजेशन के बाद यह भी सुनिश्चित हो गया है कि कौन सी पोलिंग पार्टी तथा माइक्रो पर्यवेक्षक किस बूथ पर अपनी ड्यूटी देंगे। शुक्रवार को स्थानीय महावीर स्टेडियम से सभी पोलिंग पार्टियां आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगी। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा तमाम प्रबंध पूर्ण कर दिए गए हैं। पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों पर पहुंचाने व वापिस लाने के लिए जीपीएस युक्त गाडियों की व्यवस्था की गई है। 24 मई की रात्रि को सभी पोलिंग पार्टियों मतदान केंद्रों पर ही ठहराव करेंगी। वहां किसी भी पोलिंग पार्टी को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसके लिए प्रबंध पूरे किए जा चुके हैं।

● **सायं 6 बजे के बाद भी अगर कोई मतदाता लाइन में है तो उसका भी मतदान करवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस बार निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान से संबंधित डेटा अपडेट करने की जिम्मेवारी सेक्टर अधिकारियों को सौंपी गई है।**

वेब कास्टिंग के जरिए सभी मतदान केंद्रों पर रखी जा रही है निगरानी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग की सभी हिदायतों का की दृढ़ता से पालना करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के उद्देश्य को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग कैमरों की व्यवस्था करवाई गई है। इस व्यवस्था के माध्यम से मतदान केंद्रों पर होने वाली प्रत्येक गतिविधि पर निगरानी रखने के लिए सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा पर्याप्त कर्मियों की भी ड्यूटियां निर्धारित की गई हैं। मतदान केंद्रों के अंदर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के प्रवेश पर पाबंदी रहेगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मॉक पोल की प्रक्रिया पूरी कर सुबह 7 बजे मतदान प्रक्रिया को शुरू करवाना सुनिश्चित किया जाए।

चुनाव प्रचार बंद, उल्लंघन करने पर होगी कड़ी कानूनी कार्रवाईः मोनिका गुप्ता

एजेंसी

नारनौल। जिलाधीश मोनिका गुप्ता ने स्वतंत्र, पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने तथा भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी निर्देशों एवं नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए धारा 144 लागू की है। गुरूवार को जारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए 25 मई को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होना है। प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में कोई भी प्रचार नहीं किया जा सकेगा। इसके साथ ही निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से लाए गए राजनीतिक पदाधिकारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं, जुलूस पदाधिकारियों, प्रचार पदाधिकारियों आदि की उपस्थिति पर प्रतिबंध रहेगा, जो निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं। जिले में साइलेंट पीरियड के दौरान किसी भी प्रकार के वाहनों या किसी अन्य तरीके से लगे लाउडस्पीकरों का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिले में 23 मई को सायं 6 बजे से 26 मई को प्रातः 6 बजे तक गैरकानूनी तरीके से एकत्र होना तथा किसी भी सार्वजनिक बैठक व रैली के आयोजन पर प्रतिबंध रहेगा।

भिवानी-महेंद्रगढ़ क्षेत्र में जीवन के 100 वर्ष पूरा कर चुके एक हजार से ज्यादा मतदाता

एजेंसी

नारनौल। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र में कुल 17 लाख 93 हजार 29 मतदाता हैं। इस संसदीय क्षेत्र में कुल नौ विधानसभा क्षेत्र हैं। इन सभी विधान सभा क्षेत्रों में सौ वर्ष या इससे अधिक उम्र के एक हजार सात मतदाता हैं। इसके अलावा 18 से 19 वर्ष के 40 हजार 43 और 14 हजार 300 दिव्यांगजन मतदाता हैं। यह जानकारी भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने गुरूवार को दी। उन्होंने बताया कि लोहारू में 2लाख 4हजार 35 मतदाता, बाढडा में 1लाख 97हजार 2सौ 73 मतदाता, दादरी में 2लाख 7हजार 8सौ 12 मतदाता, भिवानी में 2लाख 33हजार 7सौ 26 मतदाता, तोशाम में 2लाख 20हजार 8सौ 94 मतदाता, अटेली में 2लाख 2हजार 7 मतदाता हैं। महेन्द्रगढ़ में 2लाख 8हजार 69 मतदाता, नारनौल में 1लाख 54हजार 7सौ 69 मतदाता, नांगल चौधरी में 1लाख 64हजार 4सौ 44 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र के सभी विधान सभा क्षेत्रों में सौ वर्ष या इससे अधिक उम्र के 1हजार 7 मतदाता हैं। इसके अलावा 18 से 19 वर्ष के 40हजार 43 और 14हजार 3सौ दिव्यांगजन मतदाता हैं। लोहारू में 147, बाढ़ड़ा में 154, दादरी में 113, भिवानी में 121, तोशाम में 134, अटेली में 94, महेंद्रगढ़ में 90, नारनौल में 61, नांगल चौधरी में 93 मतदाता ऐसे हैं जिनकी उम्र सौ वर्ष या सौ वर्ष से अधिक हैं। वहीं लोहारू में 4हजार 6सौ 28, बाढ़ड़ा में 4हजार 6सौ 83, दादरी में 4हजार 7सौ 83, भिवानी में 3हजार 9सौ 34, तोशाम में 4हजार 7सौ 69, अटेली में 5हजार 1सौ 61, महेंद्रगढ़ में 4हजार 7सौ 39, नारनौल में 3हजार 6सौ 70, नांगल चौधरी में 3हजार 6सौ 76 ऐसे मतदाता जिनकी उम्र 18 से 19 वर्ष है। वहीं लोहारू में 1हजार 8सौ 45 दिव्यांगजन, बाढ़ड़ा में 1हजार 2सौ 40, दादरी में 1हजार 2सौ 17, भिवानी में 2हजार 38, तोशाम में 1हजार 5सौ 39, अटेली में 2हजार 19, महेंद्रगढ़ में 1हजार 9सौ 73, नारनौल में 920 और नांगल चौधरी में 1हजार 5सौ 9 दिव्यांगजन मतदाता हैं।

कच्चा तेल 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 82 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इस हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.02 डॉलर यानी 0.02 फीसदी की उछाल के साथ 81.38 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.01 डॉलर यानी 0.01 फीसदी बढ़कर 76.88 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक,दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

रियलमी ने 25 हजार की रेंज में जीटी 6टी बाजार में उतारा

एजेंसी

लखनऊ देश के जाने माने स्मार्टफोन सेवा प्रदाता रियलमी ने जीटी सीरीज़ में रियलमी जीटी 6टी और एआईओटी सेगमेंट में रियलमी बड्स एयर 6 बाजार में पेश किया है।

रियलमी जीटी 6टी दो साल के लंबे इंतजार के बाद आईकोनिक जीटी सीरीज़ की भारतीय बाजार में वापसी कर रहा है। लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम रियलमी जीटी 6टी के लॉन्च की घोषणा करके बहुत रोमांचित हैं। यह अपने सेगमेंट में टॉप परफॉर्मर है। इसके साथ हमने रियलमी बड्स एयर6 भी लॉन्च किया है। दो सालों के लंबे इंतजार के बाद हमारी फ्लैगशिप जीटी सीरीज़ रियलमी में हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रियलमी जीटी सीरीज़ अपनी शुरुआत से ही लगातार टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन की सीमाएं बढ़ा रही है और उद्योग में नए मानक स्थापित करती आ रही है। यह स्मार्टफोन भी ऐसा ही कुछ करने वाला है।

6.80 लाख संदिग्ध कनेक्शनों की पहचान, पुनः सत्यापन के लिए कहा

नई दिल्ली। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने लगभग 6.80 लाख मोबाइल कनेक्शनों की पहचान की है, जिनके अवैध, अस्तित्वहीन, या नकली/जाली पहचान प्रमाण (पीओआई) और पते का प्रमाण (पीओए) केवाईसी दस्तावेजों का उपयोग करके प्राप्त किए जाने का संदेह है। डी ओ टी ने आज यहां कहा कि संदिग्ध धोखाधड़ी वाले कनेक्शनों की पहचान - उन्नत एआई-संचालित विश्लेषण के माध्यम से, दूरसंचार विभाग ने लगभग 6.80 लाख मोबाइल कनेक्शनों को संभावित धोखाधड़ी वाले के रूप में चिह्नित किया है। पीओआई/पीओए केवाईसी दस्तावेजों की संदिग्ध सत्यता इन मोबाइल कनेक्शनों को प्राप्त करने के लिए मनगढ़ंत दस्तावेजों के उपयोग का सुझाव देती है।बढ़ा रही है और उद्योग में नए मानक स्थापित करती आ रही है। यह स्मार्टफोन भी ऐसा ही कुछ करने वाला है।

न्यू इंडिया एश्योरेंस का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 128 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। न्यू इंडिया एश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ 128 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 354 करोड़ रुपये होने की घोषणा की । कंपनी के कार्यकारी निदेशक टाइटस फ्रांसिस ने कहा, न्यू इंडिया एश्योरेंस ने वर्ष के दौरान कई दावों के प्रतिकूल प्रभाव के बावजूद वित्त वर्ष 24 में उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं। वर्ष के दौरान सकल लिखित प्रीमियम 8.3 प्रतिशत बढ़कर 41,996 करोड़ रुपये और कर पश्चात लाभ 7 प्रतिशत बढ़कर 1,129 करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने कहा, सॉल्वेंसी अनुपात 1.81 पर स्वस्थ रहा और कंपनी भारतीय सामान्य बीमा उद्योग में बाजार की अग्रणी बनी हुई है।

दि न्यू इंडिया एश्योरन्स कं. लि.
THE NEW INDIA ASSURANCE CO.LTD.
The New India Assurance Co. Ltd
Wholly Owned by Government of India

क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिकवाली का दबाव, बिटकॉइन 70 हजार डॉलर से भी नीचे लुढ़का

एजेंसी

नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से तीन आभासी मुद्राएं मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि बिटकॉइन समेत 7 क्रिप्टो करेंसीज बड़ी गिरावट के साथ रेड जोन में है। आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन लुढ़क कर 70 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे आ गई।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 69,681.86 डॉलर यानी 58 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत आज 2.88 प्रतिशत की मजबूती के साथ उछल कर 3,843.51 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। इन दोनों सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसीज के अलावा टेथर 0.07 प्रतिशत, बीएनबी 2.24 प्रतिशत, सोलाना 3.74 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.70 प्रतिशत और कार्डानो 1.50 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर डॉगकॉइन 2.56 प्रतिशत और टॉनकॉइन 2.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.28 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.59 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 215.62 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी गिरावट दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 9,815 करोड़ डॉलर यानी 8.17 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 14.42 प्रतिशत कम है।

अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो कीमत में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.23 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी घट कर 52.95 प्रतिशत रह गई है।

गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का शेयर निर्गम मूल्य से 5 फीसदी ऊपर लिस्ट

नई दिल्ली। बेंगलुरु स्थित इंश्योरेंस टेक स्टार्टप कंपनी गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का शेयर निर्गम मूल्य 272 रुपये से पांच फीसदी से अधिक उछलकर गुरुवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुआ। कंपनी ने 2,615 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए इसका मूल्य दायरा 258-272 रुपये प्रति शेयर तय किया था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर गो डिजिट का शेयर 3.34 फीसदी की बढ़त के साथ 281.10 रुपये पर लिस्ट हुआ। कारोबार के दौरान यह 11.39 फीसदी चढ़कर 303 रुपये पर पहुंच गया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर यह 5.15 फीसदी उछलकर 286 रुपये पर लिस्ट हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 26,869.44 करोड़ रुपये रहा। उल्लेखनीय है कि साधारण बीमा कंपनी गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस को सार्वजनिक निर्गम के आखिरी दिन गत शुक्रवार को 9.6 गुना अभिदान मिला था। क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी एवं अभिनेत्री अनुष्का शर्मा भी कंपनी के निवेशकों में शामिल हैं। उन्होंने आईपीओ में अपना कोई शेयर नहीं बेचा है।

इंडिगो का चौथी तिमाही में मुनाफा 106 फीसदी बढ़कर 1,895 करोड़ रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। देश एवं निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की पैरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 106 फीसदी बढ़कर 1,894.8 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसका मुनाफा दोगुना से ज्यादा 1,894.8 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में एयरलाइन को 919.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी की कुल आय बढ़कर 18,505.1 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 14,600.1 करोड़ रुपये थी। इंडिगो के मुताबिक जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का परिचालन से राजस्व सालाना आधार पर 26 फीसदी बढ़कर 17,825 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने कहा कि हमारी रणनीति के मजबूत क्रियान्वयन से हमें लगातार परिणाम मिले हैं। उन्होंने कहा कि इंडिगो इस साल अपनी उड़ानों में 'बिजनेस श्रेणी' सेवा की शुरुआत करेगी।

आईटीसी का मुनाफा चौथी तिमाही में घटकर 5,191 करोड़ रुपये पर

एजेंसी

नई दिल्ली। आईटीसी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में विविध कारोबार से जुड़े आईटीसी का मुनाफा मामूली घटकर 5,190.71 करोड़ रुपये रहा है।

आईटीसी लिमिटेड ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ घटकर 5,190.71 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में कंपनी को 5,242.59 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। चौथी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय दो फीसदी बढ़कर 19,446.49 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 19,058.29 करोड़ रुपये थी उल्लेखनीय है कि तेजी से बढ़ते उपभोक्ता से लेकर होटल और सिगरेट तक का कारोबार करने वाली कंपनी आईटीसी ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए 7.50 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है। इस तरह 29 जनवरी, 2024 को घोषित 6.25 रुपये प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश के साथ वित्त वर्ष के लिए कुल लाभांश 13.75 रुपये प्रति शेयर होगा।

ITC
Enduring Value
ITC LIMITED

क्यूब हाईवे ने चौथी तिमाही के लिए प्रति यूनिट 3.94 लाभांश की घोषणा की

एजेंसी

नई दिल्ली। क्यूब हाईवे फंड एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रबंधित क्यूब हाईवे ट्रस्ट ने वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के लिए सामान्य यूनिटधारकों को 508 करोड़ रुपये के हिसाब से 3.94 रुपये प्रति यूनिट वितरण को मंजूरी दी है।एक बयान में कहा गया है कि प्रति यूनिट वितरण में ब्याज के रूप में 1.79 रुपये, लाभांश के रूप में 20 पैसे, एसपीवी ऋण के पुनर्भुगतान के रूप में 1.94 रुपये और ट्रेजरी आय के रूप में 1 पैसा शामिल है।बयान में कहा गया है, निवेश प्रबंधक के निदेशक मंडल ने सामान्य यूनिटधारकों को 3.94 रुपये प्रति यूनिट (डीपीयू) वितरण की घोषणा की है, जो कुल वितरण राशि 508 करोड़ रुपये है। ट्रस्ट ने कहा कि वित्त वर्ष 2014 के लिए घोषित 10.09 रुपये की वार्षिक डीपीयू में 7.10 रुपये प्रति यूनिट ब्याज, 99 पैसे लाभांश, 1.94 रुपये एसपीवी ऋण का पुनर्भुगतान और 6 पैसे ट्रेजरी आय शामिल है।क्यूब इनविट के सीईओ विनय सेकर ने कहा, %%हम सात और सड़क संपत्तियों का अधिग्रहण करने की योजना बना रहे हैं, जो अपेक्षित विनियामक और यूनिटधारक अनुमोदन के अधीन हैं, जिनमें से छह एनएचएआई के हाइब्रिड वार्षिकी मॉडल पर आधारित हैं, जहां राजस्व यातायात पर निर्भर नहीं है और इसलिए उच्च योगदान देगा। राजस्व स्थिरता और पैदावार।÷ क्यूब हाईवेज़ ट्रस्ट एक बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट है और इसे विविध निवेशक आधार का समर्थन प्राप्त है।

पेटीएम ने उपभोक्ताओं, व्यापारियों के लिए अपने मुख्य भुगतान समाधानों को बढ़ावा देने के लिए नया विज्ञापन अभियान शुरू किया

नई दिल्ली। अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम का स्वामित्व रखने वाली वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) ने कंपनी के विश्वसनीय भुगतान उत्पादों और अनुभव को प्रदर्शित करके मौजूदा उपयोगकर्ता जुड़ाव को बढ़ाने के लिए एक नया विज्ञापन अभियान शुरू किया। यह अभियान यूपीआई मनी ट्रांसफर, स्कैन और पे, अग्रणी साउंडबॉक्स, पेटीएम यूपीआई लाइट वॉलेट, यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड, रिचार्ज और भुगतान को बढ़ावा देता है। पेटीएम ऐप पर उपलब्ध अन्य भुगतान उपकरणों के साथ-साथ बिल भुगतान, रिकवरी के लिए पेटीएम के प्रमुख फोकस क्षेत्रों को दर्शाता है। ये वर्टिकल अब पेटीएम के पेमेंट जीएमवी का महत्वपूर्ण हिस्सा बनेंगे। उदाहरण के लिए, यूपीआई जो पहले पेटीएम के पेमेंट जीएमवी में 70 प्रतिशत का योगदान देता था, अब जीएमवी में 80 से 85 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। पेटीएम ने कहा, जैसा कि हम वित्त वर्ष 2015 में मजबूत विकास के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं, हम अधिक भारतीयों को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था में लाने और यूपीआई, भुगतान क्यूआर कोड और साउंडबॉक्स जैसे भुगतान बुनियादी ढांचे को इस देश के हर कोने में फैलाने के लिए पहले से कहीं अधिक प्रतिबद्ध हैं। प्रवक्ता ने कहा. इसमें कहा गया है, हमारा विज्ञापन अभियान हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है- हर बार जब भारत अपने भविष्य की योजना बनाएगा, हम उसके केंद्र में होंगे और जैसे-जैसे आप जीवन में आगे बढ़ेंगे, पेटीएम हमेशा आपके साथ रहेगा।

सर्राफा बाजार में सोना स्थिर, चांदी में तेजी

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 74,500 रुपये से लेकर 74,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 68,290 रुपये से लेकर 68,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बना हुआ है। हालांकि चांदी आज एक बार फिर तेजी दिखा कर 96 हजार के स्तर के करीब पहुंच गया है। चांदी में तेजी आने की वजह से आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 95,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 68,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 68,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 68,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 74,550 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 68,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज भी 74,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना भी बुधवार के भाव यानी 68,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी का किया एलान

एजेंसी

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए वार्षिक वेतन वृद्धि का एलान किया। साथ ही कंपनी और व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रदर्शन बोनस भुगतान की भी घोषणा की।कंपनी के सीएचआरओ रवींद्र कुमार ने कहा कि कंपनी पांच साल की परिवर्तन योजना के तहत स्वयं को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया में है। साथ ही कर्मचारियों के बीच प्रदर्शन, संचालन और योग्यता आधारित प्रयासों के तहत प्रतिभा प्रोत्साहन के तहत प्रतिस्पर्धी वेतन वृद्धि प्रदान कर रही है। दो साल पहले टाटा समूह द्वारा घाटे में चल रही विमानन प्रक्रिया का अधिग्रहण करने के बाद यह पहली मूल्यांकन प्रक्रिया (अपरेजल प्रोसेस) है। एयर इंडिया में लगभग 18,000 कर्मचारी हैं। एयरलाइन ने ग्राउंड स्टाफ, केबिन क्रू और पायलटों सहित 31 दिसंबर, 2023 से पहले शामिल हुए सभी कर्मचारियों के लिए वार्षिक मूल्यांकन शुरू किया है। मूल्यांकन नए प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली पर आधारित हैं।

शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर रिकॉर्डतोड़ तेजी का गवाह बना। आज के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंचने के साथ ही ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाया। दिन के कारोबार में सेंसेक्स निचले स्तर से 1,341 अंक से अधिक और निफ्टी निचले स्तर से 415 अंक से अधिक उछलने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.61 प्रतिशत और निफ्टी 1.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल और मेटल इंडेक्स के अलावा सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। निफ्टी का पीएसयू बैंक इंडेक्स 1.05 प्रतिशत उछल कर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी के फाइनेंशियल सर्विसेज, आईटी, एफएमसीजी और रियल्टी इंडेक्स भी मजबूती के साथ कारोबार करते रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.58 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आई रिकॉर्डतोड़ तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 420.09 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 415.94 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.15 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,945 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,822 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,010 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 113 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,247 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,043 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,204 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 26 शेयर बढ़त के साथ और 4 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 44 शेयर हरे निशान में और 6 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 32.47 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,253.53 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक 62.71 अंक की कमजोरी के साथ 74,158.35 अंक तक गिर गया, लेकिन इसके बाद बाजार पर पूरी तरह से तेजडियों का कब्जा हो गया। इसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आई गई। आज दिनभर खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 1,341.56 अंक उछल कर 1,278.85 अंक की मजबूती के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 75,499.91 अंक तक पहुंच गया। हालांकि अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट की वजह से हुई बिकवाली के कारण ये सूचकांक ऊपरी स्तर से करीब 80 अंक फिसल कर 1,196.98 अंक की बढ़त के साथ 75,418.04 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 16.30 अंक की तेजी के साथ 22,614.10 के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव के कारण ये सूचकांक भी 20.35 अंक की कमजोरी के साथ 22,577.45 अंक के स्तर तक गिर गया लेकिन इसके बाद बाजार में चौतरफा खरीदारी होने लगी। इसके कारण इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली। बाजार में लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक निचले स्तर से 416.15 अंक उछल कर 395.80 अंक की बढ़त के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 22,993.60 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 369.85 अंक की मजबूती के साथ 22,967.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिनभर की खरीद-बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी एंटरप्राइज 7.84 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 4.73 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 3.22 प्रतिशत, लार्सन एंड टूब्रो 3.60 प्रतिशत और एक्सिस बैंक 3.49 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 3.80 प्रतिशत, सन फार्मास्यूटिकल्स 2.87 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 1.13 प्रतिशत, कोल इंडिया 0.88 प्रतिशत और एनटीपीसी 0.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

सूजी में लग गए हैं कीड़े, तो फेंकने के बजाए आजमाएं ये 5 ट्रिक्स, हमेशा रहेगी फ्रेश

सूजी का इस्तेमाल कई तरीके का नाश्ता बनाने में किया जाता है। इसके हलवे का हर कोई फैन होता है लेकिन इसे स्टोर करते वक्त सबसे बड़ी परेशानी होती है इसे कीड़ों से बचाने की। अगर आपकी सूजी में भी अक्सर कीड़े लग जाते हैं तो इसे फेंकने के बजाय आप इस आर्टिकल में बताई गई 5 ट्रिक्स का इस्तेमाल करके इन्हें हमेशा फ्रेश बनाए रख सकते हैं।

खानपान में सूजी का इस्तेमाल कई तरीकों से किया जाता है, लेकिन इसे स्टोर करते वक्त परेशानी यह होती है, कि इसमें आसानी से कीड़े लग जाते हैं, जो सफेद रंग या भूरे रंग के होते हैं। ऐसे में, अगर आप भी इसे फेंकना या जानवरों को डाल देना ही पसंद करते हैं, तो यह आर्टिकल आप ही के लिए है। यहां हम आपको ऐसी 5 ट्रिक्स बताएंगे, जिनकी मदद से इस नुकसान से बच सकते हैं। आइए जानें।

नीम की पत्तियों का यूज

सूजी में लगे कीड़ों से निजात पाने के लिए नीम की पत्तियां बेहद मददगार होती हैं। बता दें, कि इसके लिए आपको सूखी हुई कुछ नीम की पत्तियां लेनी है और इन्हें सूजी में डालकर धूप में रख देना है। इससे न सिर्फ कीड़े भाग जाएंगे, बल्कि आपकी सूजी भी हमेशा फ्रेश बनी रहेगी। इसलिए ध्यान रखें, कि आप जिस भी जार में सूजी को स्टोर करते हैं, उसमें नीम की 10-15 पत्तियां भी डाल दें।

तेज पत्ता इस्तेमाल करें

सूजी को कीड़ों से बचाने में तेज पत्ता भी काफी असरदार होता है। इसलिए आप जिस भी कंटेनर में सूजी स्टोर करें, उसमें इसकी 3-4 पत्तियां भी डाल दें। ऐसा करने से आपकी सूजी लंबे समय तक फ्रेश बनी रहेगी और कीड़ों की समस्या नहीं होगी।

कपूर भी है उपयोगी

सूजी से कीड़े निकालने के लिए कपूर का प्रयोग भी काफी बढ़िया रहता है। अगर आपकी सूजी में भी कीड़े लग गए हैं, तो सबसे पहले इसे अखबार पर फैला लें और फिर इसमें कपूर के छोटे-छोटे टुकड़े फैला कर रख दें। इसकी गंध से कीड़े छूमंतर हो जाएंगे।

नमक का प्रयोग

सूजी को कीड़ों से बचाने के लिए नमक का यूज भी काफी फायदेमंद होता है। इसके लिए आपको साबुत नमक लेना है और इसके छोटे-छोटे टुकड़े करके उस जार में रख देने हैं, जिनमें आप सूजी को स्टोर करते हैं। इस तरह भी इसमें कभी कीड़ों की समस्या नहीं आएगी।

लौंग भी है कारगर

क्लोव यानी लौंग भी सूजी को कीड़ों से बचाने में बेहद उपयोगी होती है। आप चाहें, तो कागज में लपेटकर या सूजी के साथ ही इसे स्टोर करने वाले डिब्बे में 10-15 लौंग रख सकते हैं। इनकी महक से कीड़े दूर रहते हैं और आपकी सूजी फ्रेश बनी रहती हैं। कीड़े लगने पर भी आप एक अखबार में सूजी फैलाकर इसके बीच कुछ लौंग डाल सकते हैं और धूप में रख सकते हैं। ऐसा करने से आप पाएंगे कि सारे कीड़े दूर भाग गए हैं।

राजनैतिक रूप से पूर्वांचल का है अलग मिजाज



उत्तर प्रदेश में पांच चरण के मतदान के बाद अब राजनैतिक ताकतों का पूरा फोकस पूर्वांचल की 27 लोकसभा सीटों पर आकर टिक गया हैं। पूर्वांचल में पूरे प्रदेश से अलग सियासी बयार बहती है। यह क्षेत्र राजनैतिक रूप से काफी सशक्त भीर है। यहां के लोगों की रग-रग में सियासत देखने को मिल जाती है। तमाम बड़े और दिग्गज नेताओं को भी पूर्वांचल की धरती काफी रास आती है। यहां से निकले नेताओं ने देश-विदेश में खूब नाम कमाया है। पूर्व प्रधानमंत्रियों में पंडित जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, वीपी सिंह, चन्द्रशेखर यही की धरती से निकलकर सियासत की बुलंदी पर पहुंचे थे। पूर्वांचल से सर्वाधिक बार निर्वाचित होने वाले सांसदों की सूची पर नजर डालें तो बलिया की धरती के रहने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर 1977 से 1991 तक के बीच में बलिया से रिकॉर्ड 8 बार सांसद निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा बलिया के चंद्रशेखर ने सीधे सांसद से प्रधानमंत्री बनने तक का सफर तय किया है। इन 27 सीटों में एक सीट वाराणसी की भी है, जहां से मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव लड़ रहे हैं। यह उनका तीसरा लोकसभा चुनाव है। मोदी की जीत में कहीं कोई संदेह नहीं है, यहां तक की सपा प्रमुख अखिलेश यादव तक ने यहां से मोदी की जीत की भविष्यवाणी कर दी है। हॉ, यह और बात है कि वह यहां से तीसरी बार चुनाव जीत कर प्रधानमंत्री के रूप में भी हैट्रिक लगा पायेंगे। इस बार यदि मोदी फिर से पीएम बनते हैं तो वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के लगातार तीन कार्यकाल में प्रधानमंत्री बनने के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। इसको लेकर बीजेपी तो पूरी तरह से आत्मविश्वास से भरी हुई है, लेकिन विपक्ष को यही लगता है कि अबकी से मोदी बुरी तरह से हार रहे हैं।खैर, मुद्दे पर आया जाये तो पूर्वांचल ने देश को देश की पहली मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी जैसी नेत्री दी तो संपूर्णानंद, कमलापति त्रिपाठी, वीर बहादुर सिंह और राम नरेश यादव जैसे मुख्यमंत्री यूपी को दिए। इतना ही नहीं सीपीएन सिंह, महावीर प्रसाद, कल्पनाथ राय, सुखदेव प्रसाद, केडी मालवीय, आरपीएन सिंह और कलराज मिश्र जैसे नेता पूर्वांचल से निकल कर केंद्रीय सरकारों में महत्वपूर्ण पदों पर हैं और रहे। सोशलिस्ट पार्टी के नेता बाबू गेंदा लाल से लेकर कम्युनिस्ट नेता सिवन लाल सक्सेना जैसे नेताओं ने पूर्वांचल से राजनीति की। हरिशंकर तिवारी, मार्कंडेय चंद्र, बलराम यादव, जगदम्बिका पाल, राम गोविंद चौधरी, अम्बिका चौधरी जैसे पूर्वांचल के कद्दावर नेता राज्य सरकारों में मंत्री रहे। वर्तमान में सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ ही सात कैबिनेट सहित कई मंत्री पूर्वांचल से हैं। इसके लिए इंडिया और एनडीए ने ताकत झोंक दी है। खास बात यह है कि इसी क्षेत्र में एनडीए गठबंधन में शामिल सुभासपा, निषाद पार्टी और अपना दल की प्रतिष्ठा दांव पर हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में भी चुनाव है। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन में शामिल तृणमूल कांग्रेस को एक और कांग्रेस को पांच सीटें मिली हैं। इन सीटों को पर कांग्रेस और सपा ने फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों को उतार दिया है। पूर्वांचल की 27 लोकसभा सीटों पर एक-एक वोट का हिसाब रखा जा रहा है।यूपी के पश्चिमी, मध्य और बुंदेलखंड के इलाकों में चुनाव होने के बाद सभी दलों के आलाकमान ने यहां के ज्यादातर नेताओं को इन्हीं 27 सीटों पर उतार दिया गया है। भाजपा ने वाराणसी में महिला सम्मेलन के जरिए नया प्रयोग किया है तो आसपास की सीटों पर प्रचार का नया मॉडल अपनाया है। पार्टी की ओर से पूर्वांचल की सीटों पर जल जीवन मिशन, मकान और शौचालय हित अन्य योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थियों की ब्लॉकवार सूची निकाली गई है। इस सूची के जरिए मतदाताओं तक पहुंच कर उन्हें समझाने का प्रयास किया जा रहा है। हर विधानसभा को तीन से चार हिस्से में बांट कर वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में बैठकें की जा रही है। इतना ही नहीं पार्टी ने नई रणनीति के तहत समूह बैठक तय की है। इसमें डॉक्टर, इंजीनियर, कपड़ा कारोबारी, दवा व्यापारी की बैठकें तय की गई हैं। उदाहरण के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नेताओं को इसी क्षेत्र के लोगों से मिलने का लक्ष्य दिया है। इसके लिए बाकायदे विधानसभा क्षेत्रवार सूची सौंपी गई है। खास बात यह है कि पिछड़े वर्ग पर ज्यादा फोकस किया गया है। यही वजह है कि पिछड़े वर्ग की जहां जिस जाति की आबादी है, उस क्षेत्र में उसी बिरादरी के नेताओं को भेजा गया है। भाजपा पिछड़ा वर्ग काशी क्षेत्र के महामंत्री सुभाष कुशवाहा ने बताया कि वाराणसी और आसपास की सीटों पर इटावा, एटा, फर्रूखाबाद, मैनपुरी सहित सैफई के आसपास के यादव नेताओं को उतार दिया गया है। इसी तरह निषाद बहुल इलाके में इसी बिरादरी के नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उधर, पूर्वांचल की 27 सीटों पर इंडिया गठबंधन तू चल मैं आता हूं की तर्ज पर कार्य कर रही है। सपा और कांग्रेस इस इलाके को सियासी तौर पर उपजाऊ मानती है। यही वजह है कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की जिन सीटों पर जनसभा हो रही है, उन पर निगाह रखी जा रही है। इसके लिए कांग्रेस ने अलग से टीम लगाई है। यह टीम नेताओं के कार्यक्रम और उनके द्वारा जनसभा में उठाए गए सवाल का जवाब तैयार कर अपने नेताओं को भेज रही है। इतना ही नहीं अगले दो से तीन दिन में संबंधित इलाके में न सिर्फ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की सभा लगाई जा रही है बल्कि उन सीटों पर मतदाताओं को लुभाने के लिए नई रणनीति अपनाई जा रही है। कांग्रेस और सपा ने पूर्वांचल की 27 सीटों के लिए रायबरेली-अमेठी मॉडल को भी लागू किया है। विधानसभा क्षेत्र को सेक्टर में बांट कर बूथों पर जिस बिरादरी का वोटबैंक हैं, उसी बिरादरी के नेता को लगाया गया है। इन दोनों पार्टियों ने यादव, मुसलमान के अलावा अन्य जातियों के नेताओं को जिम्मेदारी देने पर जोर दिया है। ब्राह्मण बहुल इलाके की जिम्मेदारी खुद कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने संभाली है। वह दिन में सपा-कांग्रेस के नेताओं के बीच समन्वय बैठकें कर रहे हैं तो रात में ब्राह्मण बहुल इलाके में रात्रि चौपाल लगा रहे हैं। इसी तरह सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजपाल कश्यप निषाद, कश्यप, बिंद बिरादरी के बीच रात्रिकाली बैठकें करने में जुटे हैं। डा. कश्यप का दावा है कि सपा की ओर से निषाद बिरादरी के पांच प्रत्याशी उतारने का फायदा मिल रहा है।छठवें चरण की 14 सीटें और सातवें चरण की 13 सीटें पर कई दिग्गज मैदान में हैं। इसमें सुल्तानपुर से मेनका गांधी, आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, भदोही से तृणमूल कांग्रेस के ललितेशपति त्रिपाठी, इलाहाबाद से उज्जवल रमण सिंह, जौनपुर से महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री कृपाशंकर सिंह जैसे नामचीन चेहरे हैं। वाराणसी से खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, मिर्जापुर से अपना दल की अनुप्रिया पटेल, घोसी से सुभासपा के अरविंद राजभर मैदान में हैं। इसी क्षेत्र में निषाद पार्टी का भी वजूद है। ऐसे में इन सभी दलों के मुखिया से लेकर बूथ सदस्य तक गांव- गांव वोट मांग रहे हैं।

संपादकीय

मोदी मैजिक फेल, लक्ष्य भी ध्वस्त

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जिस कथित करिश्माई व्यक्तित्व के बल पर भारतीय जनता पार्टी ने इस लोकसभा चुनाव में अपने बल पर 370 और नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) के बल पर 400 सीटों से ज्यादा का लक्ष्य निर्धारित किया था, वह मतदान के पांच चरण निकलते-निकलते इसलिये हवा में उड़ता नज़र आ रहा है क्योंकि अब न तो मोदी के पास कोई नयी बात कहने को रह गई है और न ही उनके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित हो पा रहे हैं। इसका कारण यही है कि भाजपा के विमर्श का आधार उनका चेहरा था, जबकि उन्हें टक्कर देता इंडिया गठबन्धन विमर्श के आधार पर कई करिश्माई व्यक्तित्व गढ़ चुका है जो देश के चारों दिशाओं में धूम मचा रहे हैं।

विमर्श की बात करें तो लगता है कि भाजपा के पास अपना कोई भी नैरेटिव नहीं रह गया है। प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं वही भाजपा का विमर्श और विषय होता है; और मोदी जी जो कहते हैं वह कांग्रेस या इंडिया गठबन्धन के नेताओं द्वारा कही गई किसी बात की प्रतिक्रिया मात्र होती है। अब भाजपा की सभाओं में दिखने वाली भीड़ केवल जुटाई गई होती है जो लौटते वक्त कोई नयी बात लेकर नहीं जा रही है। चूंकि यह हुजूम लाया हुआ है इसलिये वह मोदी या भाजपा के भाषणों के दौरान कहां पर %मोदी मोदी% कहना है, बखूबी जानता है। इसे ही दरबारी मीडिया प्रस्तुत करता है। यह माहौल बनाने में उसका योगदान होता है जबकि अब तक सम्पन्न हुए 418 लोकसभा सीटों पर मतदान के बाद जो अनुमान आ रहे हैं वे साफ बता रहे हैं कि भाजपा-एनडीए लगभग सभी राज्यों में पिछड़ रही है। मोदी मैजिक तो हवा में उड़ ही चुका है, वह अपने साथ 370-400 पार के नारे को भी उड़ा ले गया है।अनेक ऐसे संकेत मिल रहे हैं जो इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि खुद भाजपा कार्यकर्ता एवं उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक इस बार के चुनाव को लेकर उदासीन हैं। इसका एक संकेत सभी चरणों में कम मतदान का होना है। भाजपा व संघ दोनों के ही कार्यकर्ता जानते हैं कि मोदी अपने सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये संघर्षरत हैं और वे 400 पार लाकर वह करना चाहते हैं

जो भाजपा के कहीं पहले संघ का लक्ष्य रहा है- संविधान व लोकतंत्र को समाप्त कर मनुवादी व्यवस्था को लाना। ऐसे आड़े वक्त में अगर दोनों संगठनों के कार्यकर्ता मतदान कराने के लिये 2014 एवं 2019 की तरह घरों से नहीं निकल रहे हैं तो मानकर चलना होगा कि इन पर से मोदी की पकड़ छूट चुकी है। इन संगठनों के कार्यकर्ता यह भी जान गये हैं कि जिन उद्देश्यों के लिये नरेंद्र मोदी ने यह नारा दिया है वह हासिल करने के लायक नहीं है।सम्भवत~ उन्होंने यह भी सोच लिया है कि अगर हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा को साकार करना भी है तो वह कम से कम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में तो बिलकुल नहीं करना है क्योंकि दोनों ने इसके प्रति लोगों में शंकाएं एवं अरुचि पैदा कर दी है। इन दोनों संगठनों के कार्यकर्ता यदि अपनी नाराज़गी या उदासीनता जो भी रही हो, उसे त्यागकर मोदी की मदद के लिये आना भी चाहते तो अब भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के उस बयान के बाद तो बिलकुल ही आने से रहे जिसमें नड्डा ने कहा है कि ब भाजपा बड़ी हो चुकी है तथा उसे अब राजनैतिक कामों के लिये संघ की ज़रूरत नहीं रह गई ह ै। नड्डा का यह भी मानना है कि पहले चाहे संघ पर भाजपा आश्रित थी पर अब दोनों अपने-अपने कामों को स्वतंत्रतापूर्वक करते हैं- भाजपा राजनीतिक काम और संघ विचारधारा सम्बन्धी कार्यकलाप व सांस्कृतिक गतिविधियां।% यह तय है कि इस बयान के बाद अब भाजपा को अगले तथा अंतिम दो चरणों में संघ की मदद मिलने से रही। 400 सीटों का लक्ष्य पाना तो दूर, अब वह सत्ता बचा ले यही बहुत है।कुछ बातें और जो सामने आई हैं उनमें प्रमुख यह है कि भाजपा ने जिस विषय को इस चुनाव का प्रमुख मुद्दा बनाने की सोची थी, वह पूरी तरह से गौण हो गया है- अयोध्या में राम मंदिर का। 2019 के बाद से ही बड़े सुनियोजित तरीके से मोदी ने रामलला मंदिर के निर्माण का रास्ता साफ कराया और आनन-फानन में उसका निर्माण करवाया। इतना ही नहीं, आधे-अधूरे रूप से निर्मित मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा स्वयं मोदी ने एक भव्य समारोह में की। कुछ दिनों पहले एक प्रतिष्ठित संगठन ने जो सर्वे किया उसके नतीजों ने भाजपा को मैदान से ही बाहर कर दिया। सर्वेक्षण ने बतलाया कि केवल 6 फीसदी लोग ही राम मंदिर को चुनाव के लिये सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दा मानते हैं। बेरोजगारी व महंगाई को सबसे अहम मसले बतलाकर मोदी व भाजपा की सारी तैयारियां ध्वस्त कर दीं।

यही कारण है कि खुद मोदी ने अपने चुनाव प्रचार में इस विषय का सबसे कम बार उल्लेख किया। कांग्रेस के कथित परिवारवाद सम्बन्धी मोदी-शाह के बयानों से लोग ऊब चुके हैं और विपक्षी नेताओं पर लगाये जाने वाले भ्रष्टाचार सम्बन्धी आरोपों पर भी कोई भरोसा नहीं कर रहा क्योंकि सभी भ्रष्टाचारियों के लिये भाजपा ने द्वार खोल रखे हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड्स का पर्दाफाश है ही।

चुनाव आयोग की सियासी नसीहत और राजनीतिक हकीकत को मानवतावादी परिप्रेक्ष्य में ऐसे समझिए

आम चुनाव 2024 के पांच चरण बीत जाने के बाद भारतीय चुनाव आयोग ने चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा और कांग्रेस को धर्म, जाति, भाषा, सेना और देश के संविधान को लेकर की जा रही बयानबाजी पर जो सख्त हिदायत दी है, वह देर आयद दुरुस्त आयद जैसा कदम तो है, लेकिन इससे होगा क्या, यह सवाल आज हर किसी के जेहन में कौंध रहा है! उससे भी बड़ा सवाल यह है कि आयोग ने सिर्फ भाजपा और कांग्रेस जैसे जिम्मेदार राजनीतिक दलों को इससे परहेज करने की नसीहत क्यों दी है? क्या इनके गठबंधन में शामिल अन्य क्षेत्रीय दल बयानबाजी के मामले में पाक साफ हैं? यदि मीडिया रपटों पर नजर दौड़ाएं तो कतई नहीं, तो फिर उन्हें नोटिस क्यों नहीं भेजी गई, आयोग को यह बात स्पष्ट करनी चाहिए।आयोग की इन बातों में दम है कि देश के सामाजिक सांस्कृतिक परिवेश को कोई चोट नहीं पहुंचनी चाहिए। लेकिन सवाल फिर यही कि हमारे राजनीतिक दल तो गुलाम भारत से लेकर आजाद भारत तक में बहुमत की जो सियासत किए, उसमें ऐसे ऐसे मुद्दे उछाले गए जिससे भारत का सामाजिक और सांस्कृतिक ताना-बाना छिन्न भिन्न हो गया, देश दो हिस्सों में बंट गया। लेकिन इन क्षुद्र राजनीतिज्ञों को आजादी के 75 साल बाद भी होश नहीं आया है।गोया, कांग्रेस की सियासी लापरवाही की बात यदि छोड़ भी दी जाए तो भाजपा की भी सियासी लापरवाही कम नहीं है। इन दोनों राष्ट्रीय दलों ने एक दूसरे को मात देने के लिए जिस तरह से क्षेत्रीय दलों के आगे घुटने टेके, उनके राष्ट्रघाती-जनघाटी मुद्दों से समझौता किया, उसके परिप्रेक्ष्य में यही कहा जा सकता है कि देश में आज स्वस्थ और मुद्दापरक राजनीति की बात बेमानी है। सभी राजनीतिक दल भावनात्मक मुद्दों के साथ खेल रहे हैं, क्योंकि पूंजीपतियों को यही पसंद है।सच कहा जाए तो इन बातों पर भारतीय नौकरशाही, न्यायपालिका और मीडिया का स्टैंड भी मानवतावादी नहीं, बल्कि व्यवस्थाहितवादी दिखा, जिससे भारतीय समाज और संस्कृति दोनों %गर्त% में गई और उसके तथाकथित संरक्षक सियासी मौज लूट रहे हैं। जनता को भरमाकर और सिस्टम से सांठगांठ करके सत्ता पाने या सत्ता में बने रहने के चक्रब्यूह रच रहे हैं, जिसमें जनता ही अभिमन्यु बनकर हमेशा मारी जाती है और संविधान आधारित यह सिस्टम उसकी बेबसी पर आश्वासनों के छींटे मारने के अलावा कुछ नहीं कर पाता!से में चुनाव आयोग ने इन दोनों ही राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों को निचले स्तर की टिप्पणियों को लेकर 22 मई 2024 को नोटिस जारी करके रस्मअदायगी कर ली हो, लेकिन इससे कुछ होने जाने वाला नहीं है, क्योंकि भारतीय चुनाव आयोग भी सिर्फ सफेद हाथी समझा जाता है। वह इतना तो कह सकता है और कहा भी है कि दोनों राजनीतिक दल इस तरह की बयानबाजी पर तुरंत रोक लगाएं। साथ ही वह अपने स्टार प्रचारकों को भी ऐसी टिप्पणियों से बचने और मर्यादित संवाद करने को कहें। लेकिन जब उससे पूछा जाएगा कि स्वतंत्र भारत में उसके विभिन्न हिदायतों को न मानने वाले दलों के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई, इस पर श्वेत पत्र जारी करे, तो उसकी घिग्घी बंध जाएगी। हिंदी पट्टी में इसके बारे में कहा भी जाता है कि यह वह ढोढवा सांप है जिसके काटने से विष नहीं चढ़ता है। ऐसे में आप समझ सकते हैं कि भारत के बेलगाम सियासी दलों के अक्सर बेलगाम बने रहने की असली वजह क्या है?देखा जाए तो निर्वाचन आयोग ने इस दौरान सबसे तीखी आपत्ति कांग्रेस की ओर से अग्निवीर को लेकर सेना पर किये जा रहे हमलों और उसे लेकर की जा रही राजनीति पर जताई है। आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को थमाए नोटिस में सेना और सुरक्षा बलों पर बिल्कुल भी राजनीति न करने की नसीहत दी है। साथ ही संविधान के खतरे में होने और संविधान बदलने के आरोपों पर भी तुरंत रोक लगाने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि ऐसे आरोपों से देश की साख और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचता है।लेकिन अब आयोग को कौन समझाए कि इन्हीं जनहितैषी मुद्दों ने ही तो प्रधानमंत्री मोदी की सियासी खटिया खड़ी कर रखी है। देश के नेताओं को, नौकरशाहों को, न्यायविदों को तो पेंशन चाहिए और काम की सुरक्षा भी। लेकिन यही चीज वो देश के नौजवानों को वे लोग देना नहीं चाहते और पूंजीपतियों के हित में कांट्रेक्ट सर्विस जैसे कानूनी प्रावधान तय करते हैं, जिस पर शुरू हुई सियासत के बाद जनादेश जब कांग्रेस के पक्ष में जा रहा है तो

निर्वाचन सदन
NIRVACHAN SADAN
भारत निर्वाचन आयोग
ELECTION COMMISSION OF INDIA
निर्वाचन सदन
NIRVACHAN SADAN

नौकरशाही भी तिलमिला उठी है। चुनाव आयोग की नई नसीहत इसकी बानगी नहीं तो क्या है? यदि संविधान को बचाने की बात नहीं छेड़ी गई होती तो कांग्रेस का दलित वोट बैंक कभी भी उसके पाले में नहीं लौटता, बसपा-लोजपा जैसे दलितवादी दलों का साथ छोड़कर। जहां तक संविधान बदलने की बात है तो इसमें 100 से ज्यादा संविधान संशोधन इस बात के प्रतीक हैं कि इन्हें समय के साथ साथ बदलते रहने की जरूरत है। आज इसकी खामियों को दूर किये जाने की जरूरत है, ताकि एकबार फिर यह राष्ट्र और समाज नहीं बंट पाए।वहीं, चुनाव आयोग ने भाजपा को भी धर्म, जाति और समाज को बांटने वाले बयानों को तुरंत बन्द करने को कहा है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को दिए नोटिस में आयोग ने कहा है कि इस तरह के बयानों से समाज में कटुता बढ़ती है। यह समाज व देश दोनों के लिए घातक है। आयोग ने इस दौरान दोनों दलों की ओर से आपत्तिजनक बयानों पर पेश की गई सफाई को सिरे से खारिज कर दिया। साथ ही कहा कि चुनाव प्रचार के स्तर को बेहतर बनाये रखने की जिम्मेदारी विपक्षी दलों से ज्यादा सत्ताधारी दल की है। आयोग की बात सही है, लेकिन यह कार्य तो कांग्रेस और भाजपा से ज्यादा अब क्षेत्रीय दल करने लगे हैं। ऐसे में उन्हें हिदायत नहीं देने की बात सबके समझ से परे है। यह कौन नहीं जानता कि देश में जातिवाद, सम्प्रदायिकता और क्षेत्रवाद के बीज भारतीय संविधान में ही रोपे गए हैं, जो अब विशालकाय वृक्ष बनकर किसी को छाया दे रहे हैं तो किसी का हक मार रहे हैं। विभिन्न मायनों में यह संविधान अयोग्य लोगों को संरक्षण देकर योग्य लोगों का गला घोंट रहा है। वैचारिक रूप से यह इतना विरोधाभासी है और हमारे जातीय, साम्प्रदायिक और क्षेत्रीय नेता इतनी क्षुद्र सोच रखते आये हैं कि राष्ट्रीयता और मानवता उनके लिए कोई मायने नहीं रखता, सिवाय संवैधानिक हिस्सेदारी के। ऐसे में आयोग ने भले ही दोनों ही प्रमुख दलों के अध्यक्षों को भेजे गए नोटिस में कहा है कि चुनाव तो आते जाते रहते हैं, लेकिन उनकी आपत्तिजनक टिप्पणियां समाज और देश में लंबे समय तक कटुता पैदा करेंगी। ऐसे में वह जो भी बोलें, वह उसके दीर्घकालिक परिणामों को सोच-विचार कर ही बोलें, यह सही बात है। लेकिन आयोग की कोई मानेगा क्यों, जब तक कि उसके पास दंडात्मक कार्रवाई करने का स्पष्ट अधिकार नहीं हो और कार्रवाई भी वह पारदर्शिता पूर्ण तरीके से करे। जो कि भारतीय संवैधानिक संस्थाओं में अमूमन नहीं दिखती। यदि ऐसा होता तो ईडी, सीबीआई आदि संस्थाओं को सरकारी तोता नहीं कहा जाता।हैरत की बात तो यह है कि जब आयोग ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही सभी राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार के दौरान संयमित भाषा के इस्तेमाल को लेकर दी गई नसीहत की फिर से याद दिलाई है, तो सवाल यह उठता है कि उसकी सख्त कार्रवाई क्या तब नजर आएगी, जब चुनावी फसल राजनैतिक दल समेट ले जाएंगे। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के बाकी बचे दो चरणों के लिए अब 25 मई और 1 जून को मतदान होना है, तब चुनाव आयोग की नसीहत सामने आई है। जबकि अब तो उसकी कार्रवाई सामने आनी चाहिए, नसीहत नहीं!

खाना बनाना पहली पसंद...

यहाँ स्त्री-पुरुष का भेद भी नहीं है; स्त्री हो या पुरुष कई सेलिब्रिटीज का चुनाव चिह्न (!) अब बेलन है। पाककला के अड्डे में कई बड़े-बड़े उतर आए हैं। चलिए आज मिलते हैं ऐसी ही कुछ सेलिब्रिटीज से, जिनकी 'भाषा लजीज' और 'खाना बौद्धिक' है; और इसमें कुछ भी उल्टा-पुल्टा नहीं है, सब सीधा-सीदा है। खाना बनाना आखिर कोई कम दिमाग का काम थोड़े ही है !

एक समय था जब कुकिंग को केवल घरेलू कार्य ही माना जाता था। कार्य विभाजन के चलते रसोईघर स्त्रियों को ही सौंपा जाता था खासकर घरेलू स्त्रियों को। हालाँकि मोटे तौर पर यह आज भी सत्य है, पर इस बीच एक और सत्य खंगाल लिया गया है कि कुकिंग एक ऐसी कला है जिसके गुणग्राहक लगभग सभी हैं। 'अच्छा भोजन' हर किसी को अच्छा लगता है। यह सत्य अन्वेषित करते ही कई बड़े-बड़े 'कलाकार' कुकिंग के क्षेत्र में उतर आए हैं।

अच्छा भोजन पकाना अब न बोरिंग कहलाता है, न घरेलू कहकर सीमित किया जाता है बल्कि इसे एक अंतरराष्ट्रीय कला विधा का दर्जा प्राप्त हो गया है। इसके चलते कई कलमकारों ने कलम के साथ ही खुर्ची ले ली है। रंग व ब्रश वाले हाथ गरम तवे पर छींटे डालते नजर आते हैं, तो कहीं बुद्धिजीवी कहलाने वाले चिंतक, पत्रकारों, सोशलाइट्स ने भी बावर्ची की टोपी पहन ली है।

पद्मालक्ष्मी की गिनती विश्व की दिग्गज सुपर मॉडलों में होती है। एक छात्रा रहते ही मॉडल के रूप में कोई 2 लाख रुपए प्रतिदिन कमाने वाली पद्मालक्ष्मी हमेशा एक अत्याधुनिक, फैशनेबल महिला के रूप में जानी जाती रही हैं। अभिनय के क्षेत्र में भी उनका दखल है। एक ऐसी जगह है,जहाँ ऐसी 'हाई लाइफ' जीने वाली महिला को पाने की उम्मीद प्रायः आप और हम नहीं करते। वह है रसोईघर... लेकिन यह क्या ! पद्मालक्ष्मी तो यहाँ भी मौजूद हैं ! वे न सिर्फ खाना पकाती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खान-पान विशेषज्ञ के रूप में ख्याति पा चुकी हैं। कुकिंगसंबंधी अनेक टीवी शोज कर चुकीं पद्मालक्ष्मी 1999 में लेखिका भी बनीं, जब उन्होंने मॉडल्स के खान-पान पर केंद्रित पुस्तक 'इजी एक्जोटिक' लिखी और अपनी इस पहली ही पुस्तक के लिए पुरस्कृत भी हुईं। दरअसल एक पार्टी में एक प्रकाशक हार्वे वाइनस्टीन ने पद्मालक्ष्मी को आम लोगों की ही तरह खाते हुए देखा तो उन्हें आश्चर्य हुआ, क्योंकि आम तौर पर यही देखा गया है कि मॉडल्स अपना फिगर मैंटेन करने की खातिर भुखमरी की कगार तक चली जाती हैं। उन्होंने पद्मा से मॉडल्स की खुराक पर केंद्रित किताब लिखने को कहा। इस पर पद्मा ने विभिन्न देशों के कम वसायुक्त पकवानों की 30 विधियों की किताब तैयार कर डाली। इन दिनों वे अपनी दूसरी किताब लिखने में व्यस्त हैं।

एक समय था जब कुकिंग 'साधारण गृहिणियों' के एकाधिकार वाला 'बोरिंग' काम माना जाता था। उच्च शिक्षित, आधुनिक करियर वीमेन का इससे छत्तीस का आँकड़ा होना एक सामान्य बात समझी जाती थी। पुरुषों का इसमें दखल होना तो खैर, दुनिया का आठवाँ अजूबा ही माना जाता था (बशर्ते वे पेशेवर शेफ न हों) ! मगर आज स्थितियाँ बदल गई हैं। देश-विदेश में अपने-अपने क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियाँ (स्त्री एवं पुरुष दोनों) शौक की खातिर अथवा वैकल्पिक व्यवसाय के तौर पर रसोईघर की ओर रुख कर रही हैं। स्वयं विभिन्न प्रांतों व देशों के पकवान पकाने के अलावा वे टीवी पर कुकरी शो प्रस्तुत करते हैं, पाक विधा पर किताबें लिखते हैं, देश-दुनिया के पंच सितारा रेस्तराँओं से लेकर सड़क किनारे के ढाबों में जाकर वहाँ के व्यंजन चखकर उन पर अपनी राय देते हैं तथा लोगों को सलाह देते हैं कि क्या खाएँ, कहाँ खाएँ, कैसे खाएँ आदि। ऐसे सेलेब्रिटी पाक कला विशेषज्ञों की लंबी फेहरिस्त बन सकती है। उदाहरण के लिए, मधुर जाफरी हमेशा अभिनेत्री बनना चाहती थीं। वे स्कॉलरशिप पाकर एक्टिंग सीखने इंग्लैंड गईं और अभिनेत्री बन भी गईं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कुछ फिल्मों में उन्होंने काम किया। फिर जब अभिनेता सईद जाफरी से उनका तलाक हो गया तो उनके जीवन में महत्वपूर्ण मोड़ आया। उनके ऊपर तीन बच्चों के लालन-पालन का जिम्मा था और अभिनय से पर्याप्त आय हो नहीं रही थी। मधुर ने अनेक छुट-पुट काम किए, जिनमें संयुक्त राष्ट्रसंघ में गाइड का काम भी शामिल था। वे पत्रिकाओं में विभिन्न विषयों पर लेख भी लिखने लगीं। इनमें पाक कला पर लिखे लेख इतने पसंद किए गए कि उनसे इसी विषय पर और लिखने के लिए कहा जाने लगा। देखते ही देखते उनकी ख्याति अभिनेत्री से भी ज्यादा कुकरी विशेषज्ञ के रूप में स्थापित हो गई। पत्र-पत्रिकाओं में उनके स्तंभ छपने लगे, किताबें छपीं, टीवी पर अनेक सफल शोज आए। भारतीय खान-पान को ब्रिटेन-अमेरिका में लोकप्रिय बनाने में मधुर जाफरी का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

रश्मि उदय सिंह ने पत्रकारिता की उपाधि प्राप्त की थी, लेकिन फिर सिविल सर्विसेज परीक्षा में बैठीं और भारतीय राजस्व सेवा में चुन ली गईं। 13 वर्ष तक उन्होंने आयकर विभाग में नौकरी की। इसके साथ ही लेखन के शौक को बरकरार रखते हुए वे विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में लिखती रहीं। अस्सी के दशक में उन्होंने जेआरडी टाटा, एमएफ हुसैन, रूसी करंजिया और देव आनंद जैसे चिर युवाओं पर एक लेख लिखा। इसके लिए वे इन सभी युवाओं से मिलीं। इन सबमें जो एक समान बात उन्होंने पाई, वह यह कि वे अपने काम में पूरा रस लेते थे और इसी से ऊर्जा प्राप्त करते थे। इन मुलाकातों ने रश्मि के मन पर गहरा प्रभाव छोड़ा। वे इन चिर युवाओं के जीवन दर्शन पर करीब दो साल तक सोचती रहीं। अंततः उन्होंने तय किया कि वे अपना शेष जीवन ऐसा काम करते हुए बिताना चाहेंगी जिसे वे तहेदिल से करना चाहती हों। उन्होंने आयकर उपायुक्त पद पर रहते हुए नौकरी छोड़ दी और लेखन पर ध्यान केंद्रित कर दिया। वैसे तो वे कई विषयों पर लिखती थीं, लेकिन मुख्यतः उनका विषय रेस्तराँ और भोजन ही होता। जब एक अखबार में उनका स्तंभ शुरू हुआ तो फिर रश्मि ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। आज वे एक दिग्गज कुकरी विशेषज्ञ के रूप में सुविख्यात हैं।

कुणाल विजयकर यूँ तो रंगमंच, फिल्मों एवं टीवी पर अभिनेता के रूप में नाम कमा चुके हैं। वे विज्ञापन जगत से भी संबंध रखते हैं और पेंटिंग से भी उनका ताल्लुक है, लेकिन इन दिनों वे खान-पान विशेषज्ञ की भूमिका में खासे चर्चित हो रहे हैं। अपने टीवी शो में वे देशके कोने-कोने में जाकर वहाँ के खास व्यंजनों की पड़ताल करते हैं।

वरिष्ठ पत्रकार वीर संघवी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय राजनीति और समाज से जुड़े प्रायः हर विषय पर लिखते हैं, लेकिन एक विषय जिस पर उनका लेखन अपनी अलग ही छाप छोड़ता है, वह है खान-पान। वे इस पर नियमित स्तंभ भी लिखते हैं और किताब भी लिख चुके हैं, साथ ही टीवी पर भीशो करते हैं।

विनोद दुआ टीवी पर एक जाना-पहचाना चेहरा हैं। भ्रष्टाचारियों की खबर लेना हो या फिर चुनाव विश्लेषण करना हो, विनोद दुआ के कायल दर्शक हमेशा रहे हैं। अब वे एक खान-पान विशेषज्ञ की भूमिका में नियमित रूप से टीवी पर नजर आ रहे हैं। वे प्रसिद्ध 'खाऊ' ठिकानों पर जाकर वहाँ की खास डिशेज का रसास्वादन करते हैं और उनकी खूबियों के बारे में दर्शकों का ज्ञानवर्द्धन करते हैं।

खान-पान के क्षेत्र में इन लीक से हटकर हस्तियों के आने से एक महत्वपूर्ण बात यह सामने आई है कि खाने में पोषक तत्वों, कैलोरीज की मात्रा, पकाने की स्वास्थ्यवर्द्धक विधि आदि पर विशेष ध्यान दिया जाने लगा है। चूँकि कुछेक अपवादों को छोड़कर ये विशेषज्ञ न्यूट्रीशन आदि विषयों पर काफी कुछ पढ़ चुके हैं और अमूमन पाक कला के वैज्ञानिक पक्ष को भी बेहतर तरीके से समझते हैं, अतः उनके द्वारा बताई जाने वाली विधियों में यह वैज्ञानिक पहलू स्पष्ट झलकता है। वे स्वाद पर ही नहीं जाते, बल्कि पौष्टिकता और स्वास्थ्य की तराजूपर भी पकवानों को तौलते हैं। इससे इनके पाठकों-दर्शकों का भला होता है। मनपसंद काम में रमने से वैकल्पिक करियर उपलब्ध होने से इन सेलेब्रिटीज का भी भला होता है। यानी दोनों ही पक्षों के हाथों में लड्डू !

शादी को यादगार बनाना हुआ दूभर

एजेंसी. न्यूयॉर्क

शादी के मौके पर फोटोग्राफर कीअहमियत सभी जानते हैं। यदि फोटोग्राफर ही न हो तो शादी के उन हसीन पलों को कैद करके रखना संभव नहीं है।

न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और पेनिसिलवेनिया के दर्जनोंजोड़ों के सामने एक नई समस्या खड़ी होगई है। यहां के फोटोग्राफरों ने बिना किसी चेतावनी के अपने स्टूडियो में ताले जड़ दिए हैं।

इस कारण यहां पर नई-नई शादी रचाने वाले युगलों कोकाफी परेशानी हो रही है। हाल ही में विवाह-सूत्र में बंधी किर्स्टन साउथॉफ का कहना है कि उनके पास पति का कोई भी फोटो नहीं है।

शादी वाले दिन कोईफोटोग्राफर नहीं मिला, जिसके कारण वे अपने यादगार दिन की कोई याद नहीं रख पाईं।

विशेषज्ञों के अनुसार शादी के लिए किसी फोटोग्राफर को लेने से पहले सारी जानकारियां एकत्रित कर लें। अपना पर्सनल कैमरा रखें तो और भी बेहतर है।

परिवार का खर्च चलाने में महिलाएँ माहिर

बेशक महिलाएँ ठाट-बाट और कीमती पोशाक की शौकीन होती हैं लेकिन वह घर का खर्चा पुरुषों से ज्यादा बेहतर ढंग से चला सकती हैं। घर के खर्चा-पानी का प्रबंधन महिलाएँ पुरुषों से ज्यादा बेहतर ढंग से कर सकती हैं यह बात एक अध्ययन में सामने आई है।

ब्रिटेन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि महिलाएँ घर का बजट ठीक ढंग से चलाती हैं, घर के फालतू खर्चों पर रोक लगा सकती हैं। महिलाओं के विपरीत पुरुष फालतू खर्चों पर रोक नहीं लगा सकते।

वह आर्थिक उधारी जैसे डेबिट कार्ड या बिल चुकाने में लेट- सवेर करते हैं और कभी-कभी तो उसे पूरी तरह नजरअंदाज ही कर देते हैं। पुरुष निवेश में विश्वास नहीं करते वह साल में कम से कम भुगतान करना पसंद करते हैं।

हालाँकि महिलाओं के बारे में हमेशा से माना जाता है कि वे बहुत खर्चीली होती हैं सजने- सँवरने,कपड़ों व जूतों पर ज्यादा पैसा खर्च करती हैं।

डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक इडी बोशर ऑफ लवली मनी डॉट कॉम ने अध्ययन में पाया कि पुरुष हमेशा यह सोचते रहते हैं कि वह घर का खर्चा-पानी चलाने में अपनी प्रतिष्ठा कैसे बचा सकते हैं जबकि महिलाएँ हमेशा यही सोचती रहती हैं कि उन्हें घर का खर्चा सही बजट के हिसाब से चलाना है।

3,000 ब्रिटेन के लोगों पर अध्ययन किया गया जिसमें आदमियों ने 2176 पाउंड का ऋण देना भूल गए जबकि 1987 पाउंड का ऋण सही समय पर चुका दिया।

महिलाओं का वार्डरोब

वस्त्रों का चयन इस प्रकार करें जिसे पहन कर आप आत्मविश्वासी लगें। ऐसा न लगे कि आपका शरीर वस्त्रों में बस लिपटा हुआ है। जिस ड्रैस को पहनें, उसे पहनने का सलीका रखें। अवसरों के आधार पर वस्त्रों का चयन करें।

आधुनिक पढ़ी-लिखी स्त्री खाली घर बैठकर घर संभालना पसंद नहीं करती। घर से बाहर निकलने पर स्त्री आत्मविश्वासी, समय की पाबंद और स्मार्ट होती है। बाहर निकलने पर भिन्न-भिन्न कपड़ों की भी आवश्यकता रहती है। प्रतिदिन वह अपने वार्डरोब को सही रूप नहीं दे सकती इसलिए उसे चाहिए कि वह अपना वार्डरोब अपनी आवश्यकतानुसार कपड़ों से तैयार रखे जिससे सुबह उसे समय नष्ट किए बिना अपनी जरूरत अनुसार कपड़े आसानी से प्राप्त हो सकें।

ऑफिसवियर: कामकाजी महिला को प्रतिदिन दफ्तर जाने के लिए जिन वस्त्रों की आवश्यकता हो, उन्हें एक शैल्फ में इस प्रकार लगा कर रखें कि सुबह बिना रुकावट के अपनी पसंद के कपड़े आसानी से प्राप्त हो सकें। ऑफिस हेतु आरामदेय वस्त्र ही पहनें, जो काम करते समय किसी प्रकार की रुकावट पैदा न करें। कपड़े ऐसे पहनें जो साथियों के बीच हंसी का पात्र न बन सकें। साड़ी पहनते समय पल्लू को ढंग से बांध कर रखें। ब्लाऊज और सूट के गले अधिक गहरे न रखें। सूट पहनते समय चुन्नी सही रूप से लें।

समारोहों पर पहनने वाले वस्त्र: इन कपड़ों को प्रतिदिन प्रयोग में आने वाले वस्त्रों से अलग रखें। इन्हें हमेशा प्रैस करवा कर या चर्ख चढ़वा कर हैंगर में लटकाएं और कवर से ढंक कर रखें। जब भी समारोह पर वस्त्र पहनेंगे, प्रफुल्लता का एहसास होगा।

रात्रि में पहनने वाले वस्त्र: रात में ऐसे कपड़े पहनें जो नर्म और आकर्षक हों। नॉयलोन मिश्रित कपड़े त्वचा पर रैश पैदा कर सकते हैं। अधिक लेसदार नाइट वियर न पहनें। कपड़े वही पहनें जो त्वचा के लिए आरामदायक हों। रात को कभी सख्त और कसे हुए वस्त्र न पहनें। शरीर को रात्रि में पूरा आराम मिलना आवश्यक है। रात्रि के वस्त्रों का शैल्फ अलग रखें जो अन्य कपड़ों में मिक्स न हों।

वस्त्रों का चयन: वस्त्रों का चयन इस प्रकार करें जिसे पहन कर आप आत्मविश्वासी लगें। ऐसा न लगे कि आपका शरीर वस्त्रों में बस लिपटा हुआ है। जिस ड्रैस को पहनें, उसे पहनने का सलीका रखें। अवसरों के आधार पर वस्त्रों का चयन करें।

मेल खाते आभूषण: प्रतिदिन ऑफिस जाते समय ध्यान रखें कि आपकी साड़ी, सूट के साथ मेल खाते गहने भी पहनें। जरूरी नहीं कि सोने के आभूषण बदल-बदल कर पहनें। आप मोतियों के, नगों के, नकली, चांदी के आभूषण ड्रैस के अनुसार पहनें। इन आभूषणों को भी अपने वार्डरोब में उचित स्थान दें जिससे सुबह आपको ढूंढने हेतु समय नष्ट न करना पड़े।

निकली है तोंद खतरे कई हजार

भूख और खाने में दो बाते होती हैं। एक ये कि एक इंसान अपनी भूख मिटाने के लिए पेट भरता है और दूसरी यह कि एक इंसान टेस्ट के लिए और ठस के पेट भरने के लिए खाना खाता है। यदि किसी को कोई चीज अच्छी लग गई तो वह इसे जी भरकर खा लेना चहाता है और अपने पेट से ज्यादा इसे लेने की कोशिश करता है। हर व्यक्ति की एक सीमा होती है जो इसे क्रॉस कर जाते हैं वह पेट बढ़ने की समस्या से पीड़ित हो जाते हैं। वैसे हर व्यक्ति को उम्र के किसी न किसी पड़ाव पर मोटापा महसूस होता है। कई बार शरीर में चर्बी बढ़ने के कारण गंभीर रोग भी हो जाते हैं।

बढ़ते पेट की समस्याएं

बेली फैट: पेट के निचले हिस्से में बढ़ने वाले फैट को बेली फैट कहा जाता है, यह देखने में काफी भद्दा लगता है और फिगर को गंदा बना देता है। इस फैट से पाचन क्रिया और रीढ़ की हड्डी पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए, अगर आपको भी बैली फैट होने लगा है तो इसे कम करने के बारे में सोचना शुरू कर दीजिए।

बढ़ने वाले पेट में टॉक्सिन इक्ट्ठे हो जाते हैं : शरीर में कहीं और चर्बी होने से अलग होता है बेली फैट। पेट में जमा होने वाले फैट में कई सारे टॉक्सिन भी इक्ट्ठे हो जाते हैं जिससे शरीर में ऐसे हारमोन निकलते हैं जो नुकसान पहुंचाते हैं।

यह मधुमेह का कारण भी बनता है : टमी फैट के कारण निकलने वाले हारमोन्स से एक हारमोन शुगर (डाइबिटीज) होने का कारण भी बन सकता है। यह शरीर में इंसुलिन प्रतिरोधक को बढ़ा देता है और व्यक्ति के शरीर में इंसुलिन की मात्रा कम होती जाती है।

हार्ट अटैक की वजह भी बन सकता है : इसकी वजह से कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ जाता है जिसकी वजह से हार्ट संबंधी रोग भी हो जाते हैं। जो गंभीर होते हैं और मरीज की जान लेने में देर नहीं लगाते। इसकी वजह से हार्ट अटैक, स्ट्रोक से तुंरत मृत्यु होने का खतरा बहुत ज्यादा हो जाता है।



कैंसर का भी खतरा : कई बार मोटे पेट के कारण निकलने वाले हारमोन से कैंसर या अवसाद का खतरा भी बना रहता है। रक्त के थक्के का जमना, ब्लड प्रेशर आदि की समस्या भी हो सकती है।

सबसे पहले खुराक में परिवर्तन लाएं : इसीलिए, अगर आपको पेट के निचले हिस्से में फैट जमा होने लगा है तो अपनी खुराक में परिवर्तन लाएं। डाइट चार्ट के हिसाब से भोजन करें।

पेट को प्रोटीन के सेवन से इसे कम करें : शोध से यह बात साफ हो चुकी है कि प्रोटीन के सेवन से इसे कम किया जा सकता है तो प्रोटीन का भरपूर सेवन करें। लेकिन स्वस्थ रहें और पेट पर चढ़ने वाली चर्बी को कम करें।

पेट की चर्बी आसानी से कम नहीं होती : इसके लिए अपने खाने से लेकर जौगिंग और जिम में मेहनत करनी होगी। व्यायाम करें, दौड़ें, शारीरिक श्रम करें और बढ़े पेट को कम करने का प्रयास करें।

ग्लूकोमा रोगियों के लिए सिर झुकाने वाले आसन खतरनाक

न्यूयॉर्क। योग करते समय सिर झुका कर आसन करने और पुश-अप, भारी वजन उठाने जैसे अन्य व्यायाम करने से ग्लूकोमा के रोगियों की आंखों पर दबाव बढ़ सकता है। एक नए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है।

- ग्लूकोमा के रोगियों को अपनी आंखों पर जोर देने के लिए मनाही है

- यानी वो आसन या काम जो आप सिर झुका कर उठाते हो या आसन मुद्रा में करते हो, ऐसे आसन बिलकुल या काम बिलकुल न करें

- इन आसनों से ग्लूकोमा रोगी अपनी आखों की रोशनी हमेशा के लिए खो सकते हैं

अंधापन : ग्लूकोमा रोगियों में कम से लेकर अधिक स्तर तक यह आंखों की रोशनी को प्रभावित कर सकता है और इसकी वजह से रोगी की आंखों की रोशनी हमेशा के लिए भी जा सकती है।

ऑप्टिक नर्व को नुकसान : ग्लूकोमा के रोगियों के ऑप्टिक नर्व को उस समय नुकसान पहुंच सकता है जब उनकी आंख के अंदर तरल पदार्थ का दबाव बढ़ जाता है। आंखों में तरल पदार्थ का दबाव बढ़ने का सबसे सामान्य कारण ''एलिवेटेड इंट्राऑक्यूलर प्रेशर' (आईओपी) है।

तरल पदार्थ का दबाव बढ़ा : अध्ययन में, ''न्यूयॉर्क आई एंड ईयर इनफर्मरी ऑफ माउंट सिनाई' (एनवाईईई) के अध्ययनकर्ताओं ने कई ऐसे प्रतिभागियों को शामिल किया जिनमें से कुछ को आंख से संबंधित कोई बीमारी नहीं थी और कुछ लोग ग्लूकोमा के रोगी थे। इन लोगों ने कई तरह के सिर झुकाकर किए जाने वाले योगासन किए थे। ऐसे आसन करने के बाद स्वस्थ लोगों और ग्लूकोमा पीड़ित लोगों की आंखों में तरल पदार्थ का दबाव बढ़ा हुआ पाया गया।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष
चू चे चो ला ली लू ले लो आ

कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

वृष
इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

मिथुन
का की कू घ ड छ के को हा

व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

कर्क
ही हू हे हो डा डी डू डे डो

कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

सिंह
मा मी मू मे मो टा टी टू टे

यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

कन्या
टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होगें। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

तुला
रा री रु रे रो ता ती तू ते

लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

वृश्चिक
तो ना नी नू ने नो य यी यू

व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7

धनु
ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

मकर
भे जा जी खी खू खे खो गा गी

मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ
गू गे गो सा सी सू से सो दा

आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

मीन
दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

लॉफिंग ज़ोन

नाना ने कुछ बडे हो गए नाती को गुर की बात समझाते हुए कहा- 'बेटा अब कोई काम धन्धा जमा लो, बेकार फिरना अच्छी बात नहीं। जब मैं तुम्हारी उम्र का था तो मैंने दुकान में 50 रूपये की नौकरी की थी। फिर छः साल बाद उतनी ही बडी दुकान बना ली थी।'

नाती से रहा न गया । बोल पडा- 'नाना जी, अब वे जमाने लद गए। अब वैसी तिकडम नहीं चलती। हर जगह कायदे के अनुसार हिसाब-किताब रखा जाता है।'

□ □ □

नवविवाहित जोंडा जब हनीमून मनाने के लिए हिल स्टेशन के एक होटल में पंहुचा तो मैनजेर ने दूल्हे को देखते ही उसका नाम रजिस्टर में लिख दिया।

दुल्हन ने खुशी के मारे मैनेजर से पूछा- क्या मेरे पति इतने मशहूर है कि आपकों उनका नाम-पता पूछने की जरूरत ही नही पडी बात असल में यह है देवीजी मैनेजर ने कहा-आपके पति हमारे होटल में हर वर्ष हनीमून मनाने आते है।

□ □ □

भोलाराम का बेटा मां से बोला- अम्मी तुम भी पिताजी की तरह क्रिकेट में छक्के लगा सक ती हो।

छक्के लगा तो नहीं सकती ,छुडा सकती हूं, मां बोली।

काकुरो पहेली - 4064



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 4063 हल



फिल्म वर्ग पहेली- 4064



बायें से दायें:-

१. 'इश्क कभी करियो ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं कहीं कवि न बन जाऊं' गीत वाली धर्मेन्द्र, वैजयंती की फिल्म-२,१,२
७. राहुलराय, दीपक तिजोरी, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१०. 'वो लम्हे वो बातें' गीत वाली इमरान हाशमी, उदिता, शमिता की फिल्म-३
१२. 'अमूल स्टार वॉइस ऑफ इंडिया' का एंकर कौन है?-२
१४. 'मोरनी रे मोरनी मैं' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, सीमा की 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आँखों में तू होठों में तू' गीत वाली जिमी शेरगिल, शेनाज की फिल्म-३
१७. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की 'बंद होठों से जो' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२०. संजय, शरद, मनीषा की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दिल विच तेरा ही खयाल' गीत वाली अमिताभ, अक्षय की फिल्म-२
२३. संजयदत्त, माधुरी, की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२७. संजीवकुमार, जया की फिल्म-३
२८. सलमान खान, स्नेहा की 'सुन जरा सोनिये सुन जरा' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'लड़के ने लड़की को देखा' गीत वाली गोविंदा, जूही की फिल्म-४
३१. 'चल प्रेमनगर जाएगा बतला ओ' गीत वाली फिल्म-२
३२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
३३. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. 'सुहानी चाँदनी रातें' गीत वाली संजीव, शशि, विद्यासिन्हा, बिंदिया की फिल्म-२
२. रितिक रोशन, करिश्मा कपूर की 'मैं नाचूं बिन पायल' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
५. विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी की 'ये कैसी लगी अगन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ये कैसा गम सजना' गीत वाली सुनीलदत्त, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-२,२
८. अमिताभ, परवीन की 'देख सकता हूँ मैं कुछ भी होते हुए' गीत वाली फिल्म-४
९. देव आनंद, उषा किरण की फिल्म-३
११. अमिताभ, रजनीकांत, गोविंदा, किमी की 'बम चिकी चिकी' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हम से तुम दोस्ती कर' गीत वाली सनी देओल, डिम्पल की फिल्म-४
१६. संजीवकुमार, सुलक्षणा की 'सुबह और शाम काम ही' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-३
१९. नवीन निश्चल, रेखा की 'कान में झुमका चाल में ठुमका' गीत वाली फिल्म-३,२
२१. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२४. अनिल धवन, रेहाना की 'दिल बेचैन रहा तुम बिन' गीत वाली फिल्म-२,२
२५. 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
२६. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की फिल्म-३
२९. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 4063



सूडोकु -4064

3				8				9
		8	6		9	5		
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
		6	4		5	8		
9				1				7

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4063 हल

8	2	4	3	9	7	5	1	6
3	5	6	1	4	2	7	8	9
1	9	7	6	5	8	2	3	4
9	6	2	5	8	3	1	4	7
5	3	1	4	7	9	8	6	2
4	7	8	2	1	6	9	5	3
2	8	3	9	6	1	4	7	5
6	1	5	7	2	4	3	9	8
7	4	9	8	3	5	6	2	1

शब्द पहेली - 4064



बाएँ से दाएँ

1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

ऊपर से नीचे

2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

शब्द पहेली -4063 का हल



प्रत्येक राजनीतिक दल भाजपा की तरह तानाशाह नहीं : आप

एजेंसी

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) की पंजाब इकाई ने शुक्रवार को श्री भगवंत मान को कागजी मुख्यमंत्री बताने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर पलटवार किया और कहा कि श्री मोदी को अपनी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर नजर डालने की जरुरत है क्योंकि प्रत्येक राजनीतिक दल भाजपा की तरह तानाशाह नहीं है। आप के प्रवक्ता नील गर्ग ने अपने बयान में कहा कि कागजी मुख्यमंत्री नियुक्त करना भाजपा की शैली है।मध्य प्रदेश में उन्होंने मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में शिवराज सिंह चौहान के साथ चुनाव लड़ा और बाद में मोहन यादव को वहां का मुख्यमंत्री बना दिया।

भाजपा-आरएसएस की सोच है, महिलाएं दोयम दर्जे की नागरिक बनी रहेंः राहुल गांधी

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की सोच यह है कि महिलाएं दोयम दर्जे की नागरिक बनी रहें।उत्तर-पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार उदित राज के समर्थन में मंगोलपुरी इलाके में एक चुनावी कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने संसद में महिला आरक्षण विधेयक को बहुत धूमधाम से पारित किया, लेकिन बाद में उसने कहा कि यह 10 साल बाद लागू होगा।

इससे पहले उन्होंने उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा को देश के संविधान एवं आरक्षण को खत्म करने का सपना देखना छोड़ देना चाहिए, क्योंकि उनकी पार्टी और देश के करोड़ों लोग ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के प्रचार के आखिरी दिन राहुल गांधी ने मेट्रो की सवारी भी की और लोगों से बातचीत की। राहुल गांधी ने मंगोलपुरी के कार्यक्रम में भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा, ''आरएसएस में महिलाओं को (अपने संगठन में) लेते ही नहीं है, महिला अंदर ही नहीं जा सकती है।

सेना प्रमुख ने पासिंग आउट परेड में नई तकनीक के सहारे सैन्य क्रांति पर जोर दिया

नई दिल्ली। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने शुक्रवार को नई तकनीक के सहारे सैन्य क्रांति पर जोर देते हुए सशस्त्र बलों में शामिल जवानों से एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने पासिंग आउट कोर्स के गौरवान्वित माता-पिता के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की, जिन्होंने अपने बच्चों को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए भेजा। सेना प्रमुख आज खेत्रपाल परेड ग्राउंड, एनडीए, खड़कवासला में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 146वें कोर्स की पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। परेड में कुल 1265 कैडेटों ने भाग लिया, जिनमें से 337 कैडेट पासिंग आउट कोर्स से थे। इसमें 199 सेना कैडेट, 38 नौसेना कैडेट और 100 वायु सेना कैडेट शामिल थे, जिनमें भूटान, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार और मालदीव जैसे मित्र देशों के 19 कैडेट थे। इसके अलावा 24 महिला कैडेटों के एक दल ने भी परेड में भाग लिया, जो अपने तीसरे और चौथे प्रशिक्षण सत्र में हैं। सैन्य नेतृत्व के उद्गम स्थल के रूप में जाना जाने वाला एनडीए देश का प्रमुख संयुक्त सेवा प्रशिक्षण संस्थान है। जून, 2021 में 146वें कोर्स को शामिल किया गया और तीन साल के कठोर सैन्य प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद कैडेट उत्तीर्ण हुए। कैडेट अब अपने-अपने प्री-कमीशनिंग प्रशिक्षण अकादमिक में शामिल होंगे। परेड की समीक्षा करते हुए थल सेनाध्यक्ष ने पासिंग आउट कोर्स के कैडेटों, पदक विजेताओं और चैंपियन स्क्वाड्रन को उनकी कड़ी मेहनत और शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

हनी ट्रैप में फंसा कर हुई थी बांग्लादेश के सांसद की हत्या

कोलकाता । बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या मामले की सीआईडी जांच में चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही हैं। अब पश्चिम बंगाल सीआईडी ने हत्या के पीछे हनी ट्रैप की आशंका जताई है।

सीआईडी का दावा है कि हत्या से पहले बांग्लादेश के सांसद को हुश्न के जाल में फंसा कर बुलाया गया था। वहां पहुंचने के बाद उन्हें योजनाबद्ध तरीके से मौत के घाट उतारा गया। हालांकि, इससे पहले सीआईडी ने सांसद की हत्या के पीछे दोस्त का हाथ बताया था। सीआईडी की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अनार को मारने के लिए दोस्त ने पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी थी।

पुलिस ने पूछताछ के लिए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। उससे रात भर पूछताछ हुई है। शुक्रवार को सीआईडी सूत्रों ने बताया है कि सांसद को एक महिला न्यू टाउन के एक फ्लैट में प्रलोभन देकर ले गई, जिसके बाद भाड़े के बदमाशों द्वारा उनकी हत्या की गई होगी। हिरासत में लिये गए व्यक्ति ने हत्या के मुख्य आरोपितों में से एक से मुलाकात की थी। यह व्यक्ति बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब पश्चिम बंगाल के एक इलाके का निवासी है। पुलिस अधिकारी ने हिरासत में लिये गए व्यक्ति की पहचान बताए बिना कहा कि जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह व्यक्ति सांसद से क्यों मिला और उन्होंने क्या चर्चा की थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार कोलकाता के न्यू टाउन इलाके के जिस फ्लैट में बांग्लादेश के सांसद को आखिरी बार प्रवेश करते देखा गया था, उसे उसके मालिक ने अपने दोस्त को किराये पर दिया था।

ठाणे रसायन फैक्ट्री विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 11, मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज

एजेंसी

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रसायन फैक्ट्री में हुए विस्फोट के मामले में दुर्घटनास्थल से एक और शव मिला है जिसके बाद मृतक संख्या बढ़कर 11 हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने डोंबिवली एमआईडीसी के फेज दो में स्थित 'अमुदान केमिकल्स' के मालिकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि कारखाने के बॉयलर में गुरुवार को विस्फोट के बाद आग लगने से नौ श्रमिकों की मौत हो गयी थी, जबकि 48 अन्य घायल हो गए थे। अधिकारी ने बताया कि विस्फोट डोंबिवली एमआईडीसी क्षेत्र के चरण 2 में स्थित एम्बर केमिकल कंपनी के बॉयलर में हुआ। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि विस्फोट इतना जोरदार था कि इसकी आवाज एक किलोमीटर दूर तक सुनी गयी। विस्फोट के कारण बगल की इमारत की खिड़कियां टूट गईं, जबकि आसपास के कई घर क्षतिग्रस्त हो गये। घायल श्रमिकों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। राज्य सरकार की ओर से एक्स पर दी गयी सूचना में कहा गया है, घायलों के इलाज की व्यवस्था की गयी है और अधिक एम्बुलेंस तैयार रखी गयी हैं। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने एक्स पर पोस्ट किया कि उन्होंने त्रासदी के बाद ठाणे कलेक्टर के साथ चर्चा की। कलेक्टर के अलावा एनडीआरएफ, टीडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंचीं। यह विस्फोट दोपहर में हुआ था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने देर रात दुर्घटनास्थल का दौरा किया और कहा कि कुछ श्रेणियों के उद्योगों द्वारा उत्पन्न जोखिमों को देखते हुए, सरकार भविष्य में ऐसी आपदाओं से बचने के लिए ऐसे खतरनाक कारखानों को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की योजना बना रही है। शिवसेना (यूबीटी) के विपक्ष के नेता (परिषद) अंबादास दानवे ने शुक्रवार सुबह दुर्घटनास्थल का दौरा किया था। उन्होंने कारखाना मालिकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में कानूनी कार्रवाई करने के साथ ही घटना की गहन जांच का आदेश देने की मांग की।

दानवे ने सत्तारूढ़ महायुति शासन पर उंगली उठाते हुए कहा, पूर्व महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार ने जोखिम वाली इकाइयों वाली कम से कम पांच फैक्टरियों को स्थानांतरित करने की योजना बनाई थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस मामले में कुछ नहीं किया। ठाणे पुलिस ने फैक्ट्री के मालिक मलय मेहता और उनकी पत्नी मालती मेहता पर लापरवाही, गैर इरादतन हत्या आदि से संबंधित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

जम्मू-कश्मीर में राजस्व अधिकारी के खिलाफ दो मामले

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो(एसीबी) ने शुक्रवार को एक राजस्व अधिकारी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति और धोखाधड़ी से जुड़े दो मामले दर्ज किये।एसीबी के सूत्रों ने बताया कि बारामूला के वाहिगुंड कुंजर के पटवारी हलका माटीपोरा पट्टन अब्दुल माजिद शेख उर्फ ??मल्ला द्वारा भ्रष्ट आचरण के माध्यम से आय से अधिक संपत्ति (डीए) जमा करने के आरोपों के सत्यापन के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। सत्यापन से पता चला कि लोक सेवक के पास अपने नाम के साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर अर्जित अचल, चल संपत्तियों के रूप में आय से अधिक संपत्ति है।

उन्होंने बताया कि लोक सेवक द्वारा अर्जित संपत्ति का मूल्य और साथ ही किया गया खर्च उसकी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक पाया गया, जिसका वह संतोषजनक हिसाब देने में विफल रहा। तदनुसार जांच के समापन पर अब्दुल माजिद के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया । मामला दर्ज करने के तुरंत बाद, आरोपी के आवास पर भी तलाशी ली गई। तलाशी में 3.80 लाख रुपये की नकदी के अलावा अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद किए गए, जिन्हें मौके पर ही जब्त कर लिया गया। इस सत्यापन के दौरान यह तथ्य सामने आया कि संदिग्ध ने समय-समय पर वाहिगुंड कुंजर में कई व्यक्तियों से 16 कनाल से अधिक की मालिकाना भूमि के रूप में अचल संपत्ति खरीदी है, और इन संपत्तियों को धोखाधड़ी से लगने वाले स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क सहित अन्य से बचने के लिए मौखिक रूप से उपहार के रूप में दिखाया गया।

अभिनेत्री लैला खान और पांच अन्य की हत्या के मामले में सौतेले पिता को मृत्युदंड, फार्म हाउस में मिले थे कंकाल

एजेंसी

मुंबई। मुंबई की सत्र अदालत ने अपनी सौतेली बेटी एवं अभिनेत्री लैला खान, लैला की मां और उनके चार भाई-बहनों की 2011 में हत्या करने के मामले में परवेज टाक को शुक्रवार को मौत की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सचिन पवार ने नौ मई को टाक को हत्या और सबूतों को नष्ट करने के अलावा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत अन्य अपराधों का दोषी पाया था। इस पर फैसला शुक्रवार को सुनाया गया कि दोषी को क्या सजा दी जानी है। टाक लैला की मां सेलिना का तीसरा पति था। लैला, उनकी मां और उनके चार भाई-बहनों की फरवरी 2011 में महाराष्ट्र के नासिक जिले के इगतपुरी स्थित उनके बंगले में हत्या कर दी गई थी। हत्याओं का मामला कुछ महीने बाद उस समय सामने आया जब टाक को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गिरफ्तार किया। सड़े गले शव बाद में बंगले से बरामद किए गए।

अभियोजन पक्ष ने कहा था कि संपत्तियों पर बहस के बाद टाक ने पहले सेलिना की और फिर लैला एवं उनके चार भाई-बहनों की हत्या कर दी। अभियोजन पक्ष ने टाक के खिलाफ 40 गवाहों से पूछताछ की थी।

फार्म हाउस से मिले थे कंकाल

पूछताछ में परवेज ने हत्याओं की बात कुबूल की। बाद में सभी के कंकाल इगतपुरी के एक फार्म हाउस से बरामद किए गए। परवेज ने पुलिस को बताया था कि लैला परिवार के साथ इगतपुरी फार्म हाउस में छुट्टी मनाने गई थी। वहां पर उसने सभी की हत्या कर दी और शवों को गड्ढे में गाड़ दिया।

केदारनाथ में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, बाल-बाल बचे यात्री

एजेंसी

रुद्रप्रयाग । केदारनाथ धाम में पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से बच गया। केदारनाथ धाम के लिए उड़ान भरने वाले हेलीकॉप्टर की पालयट ने शुक्रवार सुबह 7:05 बजे इमरजेंसी लैंडिंग की।

हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी होने पर पायलट ने धैर्य का परिचय देते हुए सुरक्षित लैंडिंग कराई। जिससे 6 लोगों की जान बच गई। हैलीकॉप्टर ने सेरसी से केदारनाथ धाम के लिए उड़ान भरी थी।

रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनएस रजवार ने बताया, ÷हेलीकॉप्टर सुबह सेरसी से केदारनाथ की ओर जा रहा था। केदारनाथ हेलीपैड से 100 मीटर पहले तकनीकी खराबी होने का कारण हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत 6 यात्री सवार थे। हेलीकॉप्टर सेरसी हेलीपैड से श्री केदारनाथ धाम की ओर जा रहा था तभी अचानक क्रिस्टल एविएशन के हेलीकॉप्टर में कुछ तकनीकी खराबी आ गई। पायलट कल्पेश के अनुसार, सभी यात्री सुरक्षित हैं। यदि इमरजेंसी लैंडिंग नहीं कराते तो बड़ा हादसा हो सकता था। सुरक्षित लैंडिंग के बाद यात्रियों ने भी राहत की सांस ली।

रिपोर्ट के अनुसार, केदारनाथ धाम में इस समय नौ हेलीकॉप्टर सेवाएं चल रही हैं।

काम्या कार्तिकेयन एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की बनीं भारतीय

एजेंसी

नई दिल्ली/जमशेदपुर। काम्या कार्तिकेयन नेपाल की ओर से दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 16 साल की उम्र में हासिल की। जमशेदपुर स्थित टाटा स्टील एड्वेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस पर्वतारोहण में सहयोग करने वाले टीएसएएफ के एक अधिकारी ने बताया कि काम्या ने अपने पिता एवं भारतीय नौसेना के कमांडर एस. कार्तिकेयन के साथ एवरेस्ट की चोटी को फतह किया। उन्होंने बताया कि पिता और पुत्री 20 मई को एवरेस्ट की 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे। नौसेना अधिकारी की बेटी काम्या मुंबई के 'नौसेना बाल विद्यालय' में बारहवीं कक्षा की छात्रा हैं। नौसेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, ''इस सफलता के साथ ही काम्या दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई करने वाली दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की लड़की और नेपाल की ओर से एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की पहली भारतीय पर्वतारोही बन गई है।'' भारतीय नौसेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर काम्या की तस्वीरें साझा की। नौसेना ने कहा, ''काम्या ने सात महाद्वीपों में से छह में सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ाई करने में अपार साहस और धैर्य का प्रदर्शन किया है और इस साल दिसंबर में अंटार्कटिका में माउंट विंसन मैसिफ पर चढ़ने का लक्ष्य है, ताकि सात चोटियों को फतह करने वाली सबसे कम उम्र की लड़की बन सके।'' टीएसएएफ के अध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने एक बयान में कहा, ''इतनी कम उम्र में माउंट एवरेस्ट को फतह करने की काम्या कार्तिकेयन की असाधारण उपलब्धि पर हमें बेहद गर्व है। उनकी यात्रा दृढ़ता, सावधानीपूर्वक तैयारी और अटूट दृढ़ संकल्प की भावना का प्रमाण है।'' चौधरी ने कहा कि वह हर जगह युवा साहसी लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं, जिसने साबित किया है कि समर्पण और सही सहयोग के साथ, सबसे महत्वाकांक्षी सपनों को भी साकार किया जा सकता है। वह मुंबई स्थित नेवी चिल्ड्रेन स्कूल में 12वीं का छात्रा हैं। काम्या प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल शक्ति पुरस्कार से सम्मानित की जा चुकी हैं। यह पुरस्कार देश में बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धि के लिए दिया जाता है। टीएसएएफ ने बताया कि काम्या अपनी टीम के साथ छह अप्रैल को काठमांडू पहुंचीं। अनुकूलन और कई दिनों की योजना के बाद, उनकी अंतिम शिखर चढ़ाई 16 मई को एवरेस्ट आधार शिविर से शुरू हुई और 20 मई की सुबह शिखर की ओर अंतिम चढ़ाई शुरू की।

टीएसएएफ ने बताया कि काम्या ने हिमालय में पर्वतारोहण की शुरुआत 2015 में सात साल की उम्र में चंद्रशीला चोटी (12,000 फीट) को फतह करने के साथ की। अगले साल, उन्होंने हर-की दून (13,500 फीट), केदारकांठा पीक (13,500 फीट) और रूपकुंड झील (16,400 फीट) जैसे स्थानों की कठिन चढ़ाई की। टीएसएएफ के मुताबिक उन्होंने मई 2017 में नेपाल में एवरेस्ट आधार शिविर (17,600 फीट) तक की चढ़ाई की और यह उपलब्धि हासिल करने वाली दूसरी सबसे कम उम्र की लड़की बनीं। काम्या ने मई 2019 में भृगु झील (14,100 फीट) तक की चढ़ाई की और हिमाचल प्रदेश में सार दर्रे (13,850 फीट) को पार किया।

सांप्रदायिक आधार पर राजनीति करने वालों को चुनाव के बाद बंगाल से बाहर कर दिया जाएगा: अभिषेक बनर्जी

एजेंसी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता चुनाव के बाद सुनिश्चित करेगी कि सांप्रदायिक आधार पर विभाजनकारी राजनीति करने वालों को राज्य से बाहर कर दिया जाए। पश्चिम बंगाल के जादवपुर लोकसभा क्षेत्र के भांगड़ में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि अबतक हुए पांच चरण के चुनाव में बंगाली विरोधी ताकते हार रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन ताकतों को आखिरी झटका एक जून को अंतिम चरण के मतदान के बाद लगेगा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए तृणमूल महासचिव ने संकल्प लिया, ''हम सुनिश्चित करेंगे कि जो अशांति पैदा करने के लिए सांप्रदायिक और विभाजनकारी राजनीति को बढ़ा दे रहे हैं उनका पश्चिम बंगाल में कोई राजनीतिक आधार नहीं हो। निरंकुश (प्रधानमंत्री)नरेन्द्र मोदी केंद्र की सत्ता से बेदखल होंगे।'' भांगड़ से विधायक नौशाद सिद्दीकी का नाम लिए बिना उनका स्पष्ट संदर्भ देते हुए अभिषेक बनर्जी ने भाजपा की आलोचना नहीं करने पर उनकी आलोचना की। उन्होंने सिद्दीकी पर भाजपा की 'बी टीम' होने का आरोप लगाया। तृणमूल नेता ने कहा, ''कल कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2010 से बंगाल में मिल कई समुदायों को मिल रहे ओबीसी दर्जे को खत्म कर दिया। क्या विधायक ने इसपर प्रतिक्रिया दी? '' पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक ने कहा, ''पश्चिम बंगाल की पूजनीय धरती पर विभाजनकारी राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। इस राज्य के लोग अनेकता में एकता में विश्वास रखते हैं।''

जब तक देश में मोदी की सरकार रहेगी, तब तक खत्म नहीं होगा आरक्षण : दुष्यंत गौतम

एजेंसी

कुरुक्षेत्र। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का कुरुक्षेत्र लोकसभा का सम्मेलन कुरूक्षेत्र के स्टर्लिंग रिसोर्ट में आयोजित किया गया। इसमें हजारों की संख्या में एससी समाज के लोगों ने भाग लेकर भाजपा को अपना समर्थन देने की घोषणा की।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद एवं भाजपा में राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने शिरकत कर समाज के सभी लोगों को भाजपा को भारी मतों से जीताकर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को पीएम बनाने का आह्वान किया। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पटौदी से विधायक एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट सत्यप्रकाश जरावता शामिल हुए। उनके अलावा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामपाल पाली, जिला परिषद कुरूक्षेत्र की चेयरमैन कंवलजीत कौर, रादौर के पूर्व विधायक ईश्वर पलाका, डीएनटी बोर्ड के सलाहकार दल सिंह मल्लाह आदि विशेष रूप से शामिल हुए।

दुष्यंत गौतम ने बताया कि पिछली बार बीजेपी के पक्ष में 58 फीसदी मतदान हुआ था, लेकिन इस बार मतदान का प्रतिशत और बढ़ेगा उसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस वर्षो में इतना काम किया है कि लोग आज उनके काम को सराह रहे हैं। पटौदी से विधायक एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता ने कहाकि आज हर वर्ग में जोश और उत्साह है, उसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग का ख्याल रखा है। जरावता ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा बाबा साहेब अम्बेडकर, भारतीय संविधान और आरक्षण के विरोधी रही है सबसे ज्यादा विरोध पंडित जवाहर लाल नेहरु ने किया और इंदिरा गाँधी ने 39वाँ संविधान संसोधन करके संविधान को खत्म करने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि 39वें संविधान संसोधन में यह जोड़ने की कोशिश की गई थी कि राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा स्पीकर का चुनाव न्यायालय से बाहर रखा जाए जिसे सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया क्योंकि देश का संविधान सर्वोच्च है देश के संविधान को बदला नहीं जा सकता। जरावता ने कहा कि संविधान के मूल भूत ढाँचे से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती यदि कोई भी निर्णय संविधान और संविधान की आत्मा के विरुद्ध संसद पारित करती है तो वह अमान्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हो, चाहे अमित शाह हो, चाहे जेपी नड्डा हो या चाहे मनोहर लाल हों। इन्होंने हर बार कहा है कि जब तक हम है आरक्षण देश से खत्म नहीं हो सकता। रामपाल पाली ने बताया कि 10 साल का कार्यकाल तो ट्रेलर हैं पिक्चर अभी बाकी है।

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामला : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आजम खान, पत्नी और बेटे को जमानत दी

एजेंसी

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खान और उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुला आजम को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी है. इसके साथ ही हाइकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के सजा के फ़ैसले पर भी रोक लगा दी है।

18 अक्टूबर 2023 को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शोभित बंसल की कोर्ट ने दो जन्म प्रमाणपत्र के 2019 के मामले में आजम खान, तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम को दोषी ठहराया और अधिकतम सात साल की सजा सुनाई थी।

दरअसल, भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में गंज थाने में सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाणपत्र होने का मामला दर्ज कराया था, जिसमें सपा नेता आजम खान और उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा को भी आरोपी बनाया गया था।

पुलिस ने विवेचना के बाद मामले में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। तीनों ही लोग इस समय जमानत पर चल रहे हैं। मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में चल रहा है।आरोप पत्र के मुताबिक, रामपुर नगर पालिका द्वारा जारी एक जन्म प्रमाणपत्र में, अब्दुल्ला आजम की जन्म तिथि एक जनवरी, 1993 बताई गई थी। दूसरे प्रमाणपत्र के अनुसार उनका जन्म 30 सितंबर, 1990 को लखनऊ में हुआ था।

आरोप था कि अब्दुल्ला ने अपने दो जन्म प्रमाणपत्र बनवाए हैं, जिनमें एक रामपुर नगरपालिका परिषद से, जबकि दूसरा प्रमाणपत्र लखनऊ नगर निगम से बनवाया। ज्ञात हो कि साल 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के टिकट पर स्वार क्षेत्र से चुनाव जीतने वाले अब्दुल्ला आजम को 2008 के एक मामले में दोषी ठहराते हुए गत फरवरी में मुरादाबाद की एक अदालत ने दो साल की सजा सुनाई थी।

दोषसिद्धि और सजा के दो दिन बाद, अब्दुल्ला आजम को यूपी विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। अब्दुल्ला आजम सजा पर रोक के लिए हाईकोर्ट गए, जहां उनकी याचिका अस्वीकार कर दी गई।

केरल में भारी बारिश, कई शहरों में जलभराव...तीन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। केरल में भारी बारिश जारी है। राज्य के कुछ हिस्सों में पिछले 24 घंटों में 200 मिमी से अधिक बारिश हुई है। भारी बारिश से कोच्चि और त्रिशूर सहित प्रमुख शहरों में शुक्रवार को जलभराव हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पत्तनमथिट्टा, कोट्टायम और इडुक्की जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रेड अलर्ट 24 घंटों में 20 सेंटीमीटर से ज्यादा और बहुत ही भारी बारिश का संकेत देता है, जबकि ऑरेंज अलर्ट के तहत 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश की संभावना होती है। छह सेंटीमीटर से 11 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश की संभावना होने पर येलो अलर्ट जारी किया जाता है। राज्य के राजस्व मंत्री के. राजन ने आज मीडिया से मुलाकात की और कहा कि राज्य के कुछ हिस्सों में पिछले 24 घंटों में 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश हुई है। उन्होंने कहा कि कोझिकोड जिले के कुन्नमंगलम में पिछले 24 घंटों में 226.2 मिमी बारिश हुई। उन्होंने कहा कि अलप्पुझा जिले के चेरथला में 215 मिमी, कोट्टायम जिले के कुमारकोम और कोझिकोड जिले के थामारसेरी में क्रमशः 203 मिमी और 200.7 मिमी बारिश हुई। राजन ने कहा, कम समय में इस तरह की भारी बारिश से कई घटनाएं होंगी और हमें उसी के अनुसार सुविधाओं की व्यवस्था करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय अधिकारी, अग्निशमन बल, पुलिस और राजस्व विभाग किसी भी घटना का सामना करने के लिए तैयार हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि एनडीआरएफ की दो टीमें इस समय राज्य में हैं। राजन ने कहा कि राज्य में हाल ही में हुई बारिश से संबंधित विभिन्न घटनाओं में 11 लोगों की जान गई है। राजन ने कहा, %%मृतकों में से छह की डूबने की विभिन्न घटनाओं में जान चली गई, दो पानी से भरे गड्ढों में गिर गए, दो बिजली की चपेट में आ गए और एक व्यक्ति की दीवार गिरने से जान चली गई। कल रात भारी बारिश के बाद कोच्चि शहर के कुछ हिस्से जलमग्न हो गए। टीवी चैनलों ने शहर की प्रमुख सड़कों पर पानी भर जाने और पैदल चलने वालों, मोटर चालकों को आने-जाने में कठिनाई होने के दृश्य दिखाए। पास के अलुवा शहर में भी ऐसी ही स्थिति थी, जहां बाजार जलमग्न था। जलमग्न क्षेत्रों की अधिकांश दुकानें और आसपास की कुछ सड़कें बंद रहीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अलुवा नगर पालिका जल निकासी की सफाई करने में विफल रही, जिसके कारण भारी जलभराव हो गया। त्रिशूर शहर में जिला अस्पताल के पास कल रात लगातार हो रही बारिश में एक बड़ा पेड़ उखड़ गया, जिससे सड़क जाम हो गई। राज्य के विभिन्न हिस्सों से पेड़ों के उखड़ने, सड़क के अवरुद्ध होने और मामूली भूस्खलन की खबरें आई हैं। वर्तमान में, 223 लोगों को राज्य के आठ राहत शिविरों में ठहराया गया है। भारी बारिश को देखते हुए कोझिकोड, मलप्पुरम, एर्नाकुलम और तिरुवनंतपुरम जिलों में राहत शिविर खोले गए हैं।

चुनाव देश का सबसे बड़ा पर्व, मतदान करें व प्रेरित करें : नरसीराम बिश्नोई

एजेंसी

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने नागरिकों से 25 मई को लोकसभा के छठे चरण के होने वाले चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और चुनाव देश का सबसे बड़ा पर्व है। भारत को विकसित राष्ट्रों में शामिल करने का रास्ता स्वस्थ लोकतंत्र से ही जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अन्य सभी नागरिकों से अपील की है कि देश की खुशहाली और वैभव के लिए 25 मई को न केवल स्वयं मतदान अवश्य करें बल्कि अपने परिजनों, रिश्तेदारों व जानकारों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

फतेहाबाद जिला में 688 बूथों पर पोलिंग पार्टियां निर्धारित, 58 माइक्रो ऑब्जर्वर भी लगाए

फतेहाबाद। लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को जिला के 688 बूथों पर सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। चुनाव प्रचार की अवधि वीरवार शाम 6 बजे से समाप्त हो गई है। अब कोई भी उम्मीदवार रैली, रोड शो या लाउडस्पीकर से प्रचार नहीं कर पाएगा। डोर टू डोर प्रचार किया जा सकता है। जिलाधीश राहुल नरवाल ने इस बारे में स्पष्ट निर्देश भी जारी किए है।जिला में 25 मई को होने वाले मतदान के लिए जिला प्रशासन ने कर्मियों की ड्यूटियां निर्धारित कर दी है। सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी की देखरेख में लघु सचिवालय के एनआईसी वीसी रूम में पोलिंग पार्टियों और माइक्रो ऑब्जर्वर की फाइनल रेंडमाइजेशन की गई। जिला में तीन विधानसभा क्षेत्रों में 688 बूथों पर मतदान होगा। इसमें प्रत्येक बूथ पर पांच कर्मियों की ड्यूटी रेंडमाइजेशन से निर्धारित की गई है। 103 पोलिंग पार्टियों को रिजर्व रखा गया है। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में 237 पोलिंग पार्टियां, रतिया विस में 224 पोलिंग पार्टियां तथा टोहाना विस क्षेत्र में 227 पोलिंग पार्टियों की बूथ अनुसार रेंडमाइजेशन की गई। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में 36, रतिया में 33 तथा टोहाना विस क्षेत्र में 34 पोलिंग पार्टियों को रिजर्व रखा गया है। सामान्य पर्यवेक्षक की देखरेख में माइक्रो ऑब्जर्वर की भी रेंडमाइजेशन की गई। जिला में कुल 58 माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी निर्धारित हुई है। फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में 8, रतिया में 25 व टोहाना में भी 25 माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल, पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी, अंडरट्रेनी आईएएस आकाश, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम कैप्टन परमेश सिंह, एसडीएम प्रतीक हुड्डा, जगदीश चंद्र व राजेश कुमार, डीआईओ रमेश कुमार, नायब तहसीलदार चुनाव राज कुमार सहित चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस व सीआरपीएफ ने शहर व गांवों में निकला फ्लैग मार्च

कैथल। पुलिस बल व सीआरपीएफ की महिला कंपनी ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए थाना तितरम क्षेत्र अंतर्गत के विभिन्न गांवो में फ्लैग मार्च निकाला। एसपी उपासना ने कहा कि लोकसभा चुनाव को भय रहित वातावरण में निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए आम जनता को अधिकाधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। एसपी उपासना ने बताया कि फ्लैग मार्च के दौरान नागरिकों को संदेश दिया गया कि किसी भी व्यक्ति को कानून-व्यवस्था व शांति भंग करने की किसी सूरत में इजाजत नहीं दी जाएगी। पुलिस द्वारा नागरिकों को जागरूक किया गया कि वे झूठी अफवाहों पर ध्यान न दें, निर्भीक होकर अपना मतदान करे। फ्लैग मार्च का उद्देश्य पुलिस की उपस्थिति दिखाकर महिलाओं तथा आम लोगों विशेषकर कमजोर वर्गों मध्य सुरक्षा की भावना पैदा करने सहित कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना शामिल है। इस प्रकार के अभियान ना सिर्फ अपराधी तत्वों में भय पैदा करते है, बल्कि आमजन में सुरक्षा की भावना व पुलिस के प्रति विश्वास कायम करने में भी कारगर सिद्ध होते है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने वोट डालकर आमजन को दिया मतदान का संदेश

सिरसा। जिला निर्वाचन अधिकारी आर.के. सिंह ने गुरुवार को स्थानीय लघु सचिवालय में डीडीपीओ कार्यालय में आवश्यक सेवाओं में ड्यूटी में नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए बनाए गए मतदान केंद्र पर जाकर अपना मतदान किया और सिरसा जिला के नागरिकों को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। निर्वाचन अधिकारी ने जिला वासियों से आह्वान किया कि वे आने वाली 25 मई को प्रात~ 7 बजे से सायं 6 बजे तक अपने संबंधित पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान जरूर करें और जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए सिरसा का अभिमान-सौ प्रतिशत मतदान के अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि मतदाता लोभ-लालच, जाति-धर्म से ऊपर उठकर एक स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए मतदान करें।

दादी गौरी के मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की होती मनोकामना पूरी : रणजीत सिंह

- **रणजीत चौटाला ने दादी गौरी के मंदिर में मत्था टेक भाजपा की जीत की कामना की**

एजेंसी

हिसार। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा है कि दादी गौरी के मंदिर में आने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामना पूरी होती है। श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था के चलते दादी गौरी मंदिर की मान्यता दूर-दूर तक फैली हुई है।

भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह अपने जनसंपर्क अभियान के तहत बाड्यां जाटान व बाड्या ब्राह्मणान सहित अन्य गांवों का दौरा करके वोटों की अपील कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने दादी गौरी मंदिर में मत्था टेककर पूजा अर्चना की और भाजपा की जीत की कामना की। मंदिर व गांव में पहुंचने पर उनका पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए रणजीत सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार लगातार सभी क्षेत्रों में समान विकास कर रही है। कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जो विकास से अछूता हो। हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से जरूरमंद परिवारों के योग्य बच्चों को नौकरियां दी।

रणजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने मजबूत फैसला लेते हुए कश्मीर से धारा 370 को हटाया, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। प्रधानमंत्री ने हमेशा सेना का मनोबल बढ़ाया है। हरियाणा जवानों, किसानों और पहलवानों का प्रदेश है। प्रदेश के अधिकांश युवा सेना में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस इतनी गिरी हुई है कि वह सेना के ऑपरेशन पर सबूत मांगती है, उसे सेना के जवानों पर भरोसा नहीं है। पहले की सरकारों ने हमेशा सेना का मनोबल तोड़ने का काम किया है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नतृत्व में आज हमारी सेना मजबूत स्थिति में है और हम देश के दुश्मनों को सीना ठोंककर जवाब दे रहे हैं। युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों के लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे 25 मई को चुनाव के दिन अपना एक-एक कीमती वोट भाजपा के पक्ष डालकर उन्हें विजयी बनाएं। चुनाव में जीत के बाद वे क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में सदैव साथ रहेंगे। भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत मीरकां, बाड्या जाटान और बाड्या बाह्मणान, तलवंडी रूक्का, तलवंडी बादशाहपुर, खारिया सहित अनेक गांवों का दौरा किया। कार्यक्रमों में उनके साथ मुख्य रूप से वरिष्ठ पार्टी नेता मनदीप मलिक, पवन खारिया, संजीव गंगवा, मनीराम दलाल, पूर्व सरपंच मेवासिंह बागड़ी, राजेश दलाल, भलेराम, सत्यनारायण, रामकुमार, जगबीर दलाल, राजबीर सरपंच, पूर्व सरपंच जसबीर, कृष्ण वर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, हेतराम शर्मा, धर्मपाल शर्मा, हनुमान शर्मा, रामचंद्र वर्मा, इंद्र वर्मा आदि सैंकड़ों की तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।

कार पर कैंटर पलटा, कार सवार एक व्यक्ति की मौत, दो घायल

एजेंसी

सोनीपत। गन्नौर में जीटी रोड पर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के पास कैंटर पलट कर कार गिरा इससे कार में सवार की एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए हैं। कार क्षतिग्रस्त हो गई। तीनों व्यक्ति आम आदमी पार्टी से जुड़े हुए थे। वह कुरूक्षेत्र के उम्मीदवार सुशील गुप्ता के चुनाव प्रचार में हिस्सा लेने के बाद दिल्ली लौट रहे थे, लेकिन बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के निकट यह घटना घटित हो गई। सूचना के बाद बड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सोनीपत के अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने क्रेन की सहायता से कैंटर के नीचे दबी कार को बाहर निकलवा कर उसमें फंसे व्यक्ति के शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली के रोहिणी निवासी जगमोहन सहगल, दिल्ली के पंजाबी बाग का रहने वाले जितेंद्र व पानीपत के रामलाल कार में सवार होकर कुरूक्षेत्र में पार्टी के चुनाव प्रचार के लिए गए थे। इस हादसे में जगमोहन सहगल की कार में फंसने के कारण मौत हो गई। जबकि जितेंद्र व रामलाल घायल हो गए। बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से घायल जितेंद्र व रामलाल को कार बाहर निकाल कर अस्पताल भिजवा दिया। कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। बड़ी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है। बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि मृतक जगमोहन दिल्ली के कारोबारी हैं। पुलिस ने उनके व घायल जितेंद्र व रामलाल के स्वजन को सूचित कर दिया है। स्वजन के बयान पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

युवाओं को लेनी चाहिए शत प्रतिशत मतदान करवाने की जिम्मेदारी : डॉ. रमेश आर्य

एजेंसी

हिसार। राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य ने कहा है कि हर नागरिक को देशहित में मतदान अवश्य करना चाहिए। मतदान से जहां नागरिकों की जागरूकता का पता चलता है वहीं हम इस जागरूकता के चलते अपने मनपसंद उम्मीदवार का चयन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को शत प्रतिशत मतदान की जिम्मेवारी लेनी चाहिए।

डॉ. रमेश आर्य महिला महाविद्यालय में शत प्रतिशत मतदान बारे आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में चुनाव में मतदान के लिए मंथन किया और यह बीड़ा उठाया कि आने वाले चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए सबको प्रेरित करेंगे और लोकतंत्र में मतदान की अहमियत को लोगों तक पहुंचाएंगे। प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य ने कहा कि भारत के सुनहरे भविष्य का निर्माण 100 प्रतिशत मतदान के माध्यम से ही संभव होगा। मतदान के महत्व पर उन्होंने कहा कि पहले मतदान करें फिर जलपान करें। लोकतंत्र की यही पहचान मत, मतदाता और मतदान।

उन्होंने कहा कि हमारा लोकतंत्र विश्व में सबसे सर्वश्रेष्ठ है। इसकी मजबूती के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को विशेष कर युवाओं को अपना योगदान देना होगा। इसके लिए पहला कर्त्तव्य पूर्ण मतदान है। पारदर्शी मतदान प्रक्रिया हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। इसलिए हम सबको मतदान के लिए ड्यूटी पर लगाए गए सभी कर्मचारियों का सहयोग करना चाहिए। महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी प्रो. वसुंधरा ने बताया कि बैठक में अपील की गई कि हर स्टाफ सदस्य अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेगा। बैठक में उप प्राचार्या डॉ. एलिजा कुंडू, प्रो. नीलम दहिया, प्रो. सतीश सिंगला, प्रो. शशिकला यादव, प्रो. नीलम कुमारी तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्वक चुनाव करवाने के लिए जिले में धारा 144 लागू

एजेंसी

हिसार। जिलाधीश प्रदीप दहिया ने लोकसभा आम चुनाव हिसार संसदीय क्षेत्र में निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य को लेकर धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश भारतीय दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लागू किए हैं। ये आदेश 25 मई को मतदान प्रक्रिया संपन्न होने तक प्रभावी रहेंगे।

जिलाधीश ने कहा कि 23 मई को सायं छह बजे चुनाव प्रचार बंद कर दिया गया है। इसके बाद कोई भी राजनीतिक दल और उम्मीदवार जनसभा, रैली इत्यादि से प्रचार नहीं कर सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी वाहन पर लाउडस्पीकर लगाकर प्रचार करने पर भी प्रतिबंध रहेगा। मतदान केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में मोबाइल फोन, कोडलेश फोन इत्यादि का प्रयोग नहीं किया जा सकता। कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति पोलिंग स्टेशन के अंदर प्रवेश नहीं कर सकता। उन्होंने सभी मीडियाकर्मियों से कहा है कि वे चुनाव से संबंधित परिणाम को लेकर किसी भी प्रकार के ओपिनियन पोल को प्रसारित व प्रकाशित न करें। उन्होंने आदेशों में कहा है कि कोई भी व्यक्ति मतदान केंद्रों में हथियार के साथ प्रवेश नहीं कर सकता, लेकिन ये आदेश पुलिस विभाग तथा लोकसभा आम चुनाव की प्रक्रिया से संबंधित अन्य सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों पर जो अपनी ड्यूटी पर तैनात हो उन पर लागू नहीं होंगे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं कि इन आदेशों की अनुपालना करवाना सुनिश्चित करें। इन आदेशों के उल्लंघनकर्ता भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के अनुसार दंड के भागीदार होंगे।

शराब की बिक्री पर रहेगी पाबंदी

जिलाधीश ने 23 से 25 मई तक तथा मतगणना के दिन यानी चार जून को सभी शराब की दुकानों को बंद रखने तथा होटल, रेस्तरां तथा बार इत्यादि में शराब नहीं परोसने के आदेश भी जारी किए गए हैं। उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त इन आदेशों की दृढ़ता से अनुपालना करवाना सुनिश्चित करेंगे। आदेशों के उल्लंघनकर्ता भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के अनुसार दंड के भागीदार होंगे।

निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र चुनाव करवाना पुलिस की नैतिक जिम्मेवारी : मोहित हांडा

एजेंसी

हिसार। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा है कि चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र रूप से संपन्न करवाना पुलिस की नैतिक जिम्मेदारी है। पुलिस जिला हिसार में 389 मतदान केंद्र पर कुल 884 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। सभी पुलिस अधिकारी स्वयं प्रत्येक बूथ को चेक करें। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा पुलिस लाइन में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाने की रणनीति बारे बैठक कर रहे तथे। उन्होंने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक, क्राइम यूनिट इंचार्ज, चौकी प्रभारियों और चुनाव के दौरान तैनात पेट्रोलिंग पार्टियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी बूथों पर चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार पर्याप्त संख्या में जिला पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया जाएगा। इनमें से कुछ क्रिटिकल पोलिंग बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।उन्होंने कहा कि हिसार लोकसभा क्षेत्र में पुलिस जिला हिसार के पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें 36 पेट्रोलिंग पार्टी तैनात की गई है। इसके साथ ही चार इंटरस्टेट और चार इंटर डिस्ट्रिक्ट नाके लगाए गए हैं। सभी पेट्रोलिंग पार्टी वाकी टॉकी सेट से लैस होगी। सभी पुलिस अधिकारी क्षेत्र जोनल मजिस्ट्रेट से तालमेल बनाकर रखें। चुनाव के दौरान कोई भी व्यवधान उत्पन्न होने का अंदेशा हो तो तुरंत सूचना दें। सभी आदर्श आचार संहिता की अनुपालना करें, लापरवाही की सूरत में कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने निर्देश दिये कि संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों पर विशेष रूप से नजर रखे। नाकाबंदी के दौरान गहनता से प्रभावी चैकिग करें, संदिग्ध किस्म के युवकों या जिन आरोपियों के खिलाफ गंभीर किस्म के केस दर्ज है या जो जेल मे बंद थे अब पैरोल या बेल पर बाहर आए हुए हैं, ऐसे सभी युवकों पर विशेष रूप से नजर रखें। इंटरस्टेट नाकों पर वाहनों की गहनता से प्रभावी चैकिंग करें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव की जिला पुलिस ने सभी तैयारी समय रहते पुख्ता कर ली है। डीएसपी मुख्यालय विजयपाल को ओवरऑल नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। हिसार लोकसभा क्षेत्र में पुलिस जिला हिसार के पांच विधानसभा क्षेत्र आते है। इनमें नलवा विधानसभा क्षेत्र में एएसपी राजेश कुमार मोहन, हिसार में डीएसपी सतपाल यादव, आदमपुर में डीएसपी वजीर सिंह, बरवाला में डीएसपी गौरव शर्मा और उकलाना विधानसभा क्षेत्र में डीएसपी संजीव कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

वोटर इन क्यू एप से पता चलेगी मतदान केन्द्र पर लाइन की जानकारी

एजेंसी

कैथल। अब मतदाताओं को अपना वोट डालने में अधिक देर तक लाईन में खड़ा होकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग ने एक ऐसी एप लांच की है, जिसके माध्यम से आप मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने गुरुवार को बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है। आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की गई है। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैं, जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केन्द्र पर जा सकते हैं। कई बार मतदाता भीड़ को देखकर बगैर वोट डाले ही वापिस चले जाते हैं। लेकिन अब इस एप के माध्यम से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा, जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है।

प्रदेशभर में भाजपा मजबूत स्थिति में, सभी सीटों पर जीत तय : डॉ. कमल गुप्ता

एजेंसी

हिसार। हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने दावा किया है कि प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवार मजबूत स्थिति में है और उनकी जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थिति कहीं पर भी ज्यादा अच्छी नहीं है लेकिन जजपा व इनेलो जैसे दलों की तो जमानत जब्त होना तय है।

डॉ. कमल गुप्ता भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के हर क्षेत्र की जनता में उत्साह है जिसे देखते हुए तय है कि जनता 400 पार के नारे के संकल्प को पूरा करने में सहयोग देने को आतुर है। जनता ने अच्छी तरह से जान व समझ लिया है कि यह चुनाव राष्ट्रहित का चुनाव है। ऐसे में जनता जानती है कि केवल नरेन्द्र मोदी ही प्रधानमंत्री के तौर पर देश को मजबूत सरकार दे सकते हैं और ऐसा प्रधानमंत्री ने अपने 10 साल के शासन में ऐसा करके भी दिखाया है। उनके नेतृत्व में भारत तो हर क्षेत्र में मजबूत हुआ ही है, विदेशों में भी भारत की साख बढ़ी है। उन्होंने बताया कि उनके हिसार विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह को एक लाख की बढ़त मिलेगी और उनकी लाखों मतों से जीत तय है।डॉ. कमल गुप्ता ने कांग्रेस पर चुटकी लेते हुए कहा कि इस पार्टी की फूट जगजाहिर है। भिवानी में राहुल गांधी की रैली के दौरान भी राव दान सिंह व किरण चौधरी एक-दूसरे को उंगली दिखाते नजर आए। ऐसे में यह पार्टी कैसे सरकार बनाने का दावा कर रही है। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश के इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई, जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह को हिसार में वोट मांगने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को चुनाव लड़ने व वोट मांगने का अधिकार है। हम नहीं कहते कि जयप्रकाश वोट ना मांगे, जजपा वाले, इनेलो वाले व अन्य उम्मीदवार भी वोट मांग रहे हैं। जयप्रकाश की बात पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। एक प्रश्न के जवाब में डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि राहुल की रैलियों व प्रियंका गांधी के रोड शो का हरियाणा में कोई असर नहीं पड़ेगा, उल्टा भाजपा को ही फायदा होगा।

पत्रकार सम्मेलन में मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा, सुरेश गोयल धूपवाला, अशोक मित्तल व डॉ. वैभव बिदानी भी मौजूद रहे।

पोलिंग पार्टियों व माइक्रो पर्यवेक्षकों की फाइनल रेंडमाइजेशन का कार्य संपन्न

एजेंसी

हिसार। हिसार संसदीय क्षेत्र में लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी, व्यवस्थित तथा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। गुरुवार को लघु सचिवालय परिसर में सामान्य पर्यवेक्षक गोपाल चंद तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में पोलिंग पार्टियों तथा माइक्रो पर्यवेक्षकों की रेंडमाइजेशन का कार्य पूरा किया गया। इस दौरान सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने इस दौरान बताया कि मतदाताओं की सुविधा के अनुरूप हिसार लोकसभा क्षेत्र में कुल 1766 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें हिसार जिले के 1312 मतदान केंद्र शामिल हैं। इन सभी मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने बताया कि आज रेंडमाइजेशन के बाद यह भी सुनिश्चित हो गया है कि कौन सी पोलिंग पार्टी तथा माइक्रो पर्यवेक्षक किस बूथ पर अपनी ड्यूटी देंगे। शुक्रवार को स्थानीय महावीर स्टेडियम से सभी पोलिंग पार्टियां आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगी। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा तमाम प्रबंध पूर्ण कर दिए गए हैं। पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों पर पहुंचाने व वापिस लाने के लिए जीपीएस युक्त गाडियों की व्यवस्था की गई है। 24 मई की रात्रि को सभी पोलिंग पार्टियों मतदान केंद्रों पर ही ठहराव करेंगी। वहां किसी भी पोलिंग पार्टी को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसके लिए प्रबंध पूरे किए जा चुके हैं।

वेब कास्टिंग के जरिए सभी मतदान केंद्रों पर रखी जा रही है निगरानी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग की सभी हिदायतों का की दृढ़ता से पालना करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के उद्देश्य को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग कैमरों की व्यवस्था करवाई गई है। इस व्यवस्था के माध्यम से मतदान केंद्रों पर होने वाली प्रत्येक गतिविधि पर निगरानी रखने के लिए सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा पर्याप्त कर्मियों की भी ड्यूटियां निर्धारित की गई हैं। मतदान केंद्रों के अंदर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के प्रवेश पर पाबंदी रहेगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मॉक पोल की प्रक्रिया पूरी कर सुबह 7 बजे मतदान प्रक्रिया को शुरू करवाना सुनिश्चित किया जाए।

- **सायं 6 बजे के बाद भी अगर कोई मतदाता लाइन में है तो उसका भी मतदान करवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस बार निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान से संबंधित डेटा अपडेट करने की जिम्मेवारी सेक्टर अधिकारियों को सौंपी गई है।**

चुनाव प्रचार बंद, उल्लंघन करने पर होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई: मोनिका गुप्ता

एजेंसी

नारनौल। जिलाधीश मोनिका गुप्ता ने स्वतंत्र, पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने तथा भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी निर्देशों एवं नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए धारा 144 लागू की है। गुरूवार को जारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए 25 मई को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होना है। प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में कोई भी प्रचार नहीं किया जा सकेगा। इसके साथ ही निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से लाए गए राजनीतिक पदाधिकारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं, जुलूस पदाधिकारियों, प्रचार पदाधिकारियों आदि की उपस्थिति पर प्रतिबंध रहेगा, जो निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं। जिले में साइलेंट पीरियड के दौरान किसी भी प्रकार के वाहनों या किसी अन्य तरीके से लगे लाउडस्पीकरों का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिले में 23 मई को सायं 6 बजे से 26 मई को प्रातः 6 बजे तक गैरकानूनी तरीके से एकत्र होना तथा किसी भी सार्वजनिक बैठक व रैली के आयोजन पर प्रतिबंध रहेगा।

भिवानी-महेंद्रगढ़ क्षेत्र में जीवन के 100 वर्ष पूरा कर चुके एक हजार से ज्यादा मतदाता

एजेंसी

नारनौल। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र में कुल 17 लाख 93 हजार 29 मतदाता हैं। इस संसदीय क्षेत्र में कुल नौ विधानसभा क्षेत्र हैं। इन सभी विधान सभा क्षेत्रों में सौ वर्ष या इससे अधिक उम्र के एक हजार सात मतदाता हैं। इसके अलावा 18 से 19 वर्ष के 40 हजार 43 और 14 हजार 300 दिव्यांगजन मतदाता हैं। यह जानकारी भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने गुरूवार को दी। उन्होंने बताया कि लोहारू में 2लाख 4हजार 35 मतदाता, बाढडा में 1लाख 97हजार 2सौ 73 मतदाता, दादरी में 2लाख 7हजार 8सौ 12 मतदाता, भिवानी में 2लाख 33हजार 7सौ 26 मतदाता, तोशाम में 2लाख 20हजार 8सौ 94 मतदाता, अटेली में 2लाख 2हजार 7 मतदाता हैं। महेन्द्रगढ़ में 2लाख 8हजार 69 मतदाता, नारनौल में 1लाख 54हजार 7सौ 69 मतदाता, नांगल चौधरी में 1लाख 64हजार 4सौ 44 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र के सभी विधान सभा क्षेत्रों में सौ वर्ष या इससे अधिक उम्र के 1हजार 7 मतदाता हैं। इसके अलावा 18 से 19 वर्ष के 40हजार 43 और 14हजार 3सौ दिव्यांगजन मतदाता हैं। लोहारू में 147, बाढ़ड़ा में 154, दादरी में 113, भिवानी में 121, तोशाम में 134, अटेली में 94, महेंद्रगढ़ में 90, नारनौल में 61, नांगल चौधरी में 93 मतदाता ऐसे हैं जिनकी उम्र सौ वर्ष या सौ वर्ष से अधिक हैं। वहीं लोहारू में 4हजार 6सौ 28, बाढ़ड़ा में 4हजार 6सौ 83, दादरी में 4हजार 7सौ 83, भिवानी में 3हजार 9सौ 34, तोशाम में 4हजार 7सौ 69, अटेली में 5हजार 1सौ 61, महेंद्रगढ़ में 4हजार 7सौ 39, नारनौल में 3हजार 6सौ 70, नांगल चौधरी में 3हजार 6सौ 76 ऐसे मतदाता जिनकी उम्र 18 से 19 वर्ष है। वहीं लोहारू में 1हजार 8सौ 45 दिव्यांगजन, बाढ़ड़ा में 1हजार 2सौ 40, दादरी में 1हजार 2सौ 17, भिवानी में 2हजार 38, तोशाम में 1हजार 5सौ 39, अटेली में 2हजार 19, महेंद्रगढ़ में 1हजार 9सौ 73, नारनौल में 920 और नांगल चौधरी में 1हजार 5सौ 9 दिव्यांगजन मतदाता हैं।

थ्रो बॉल नेशनल चैंपियनशिप के लिए वीर भूमि के 19 छात्र-छात्राएं चयनित

एजेंसी

महोबा। वीर भूमि राजकीय महाविद्यालय में दो दिन पूर्व आयोजित प्रदेश स्तरीय थ्रो बाल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिले के 11 बालक और आठ बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। यह प्रतियोगिता 28 मई को पंजाब के पटियाला में आयोजित की जाएगी। जनपद मुख्यालय स्थित वीर भूमि राजकीय महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर प्रदीप कुमार ने शुक्रवार को बताया कि 29वीं राष्ट्रीय सब जूनियर थ्रो बाल प्रतियोगिता का आयोजन पंजाब के पटियाला शहर में 28 से 30 मई को होना है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जनपद के कुलपहाड़ कस्बा स्थित आरबीपीएस स्कूल के छात्र दीपराज ,आदित्य राजपूत, अथर्व निरंजन, सिद्धांत शक्ति, औनिक अग्रवाल, रेहान खान, हसन खान व फरहान खान व शरद गुप्ता को माधव इंटरनेशनल स्कूल के छात्र यह यशांसमणि व दिव्य दीप को बालक वर्ग की प्रादेशिक टीम में चयनित किया गया है। तो वहीं बालिका वर्ग में आरबीपीएस स्कूल की छात्राएं दिशा द्विवेदी, नंदिनी तिवारी, अंशिका पटेल, अक्षरा सोनी, खुशी गुप्ता ,अनुष्का नामदेव और कृतिका अग्रवाल को और माधव इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा राजनंदिनी को प्रदेश टीम में शामिल किया गया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 मई तक पंजाब के पटियाला में होगा।

बांग्लादेश अमेरिका के खिलाफ दूसरा टी20 मैच क्यों हार गया : कप्तान नजमुल हुसैन

ह्यूस्टन। प्रेयरी व्यू क्रिकेट कॉम्प्लेक्स में दूसरे टी20 मैच में अमेरिका के खिलाफ अपनी टीम की 6 रन से हार के बाद, बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने कहा कि उन्होंने हार मान ली है क्योंकि मेहमान टीम ने बीच के ओवरों में विकेट खो दिए। दूसरा टी20आई मैच यॉर्कर उत्सव बन गया, जिसमें हर जगह बेल्स उड़ रही थीं और हर एक विकेट के गिरने पर यूएसए के खिलाड़ी खुशी और जश्न मना रहे थे। अमेरिका के प्रेरित प्रदर्शन ने उन्हें तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी।

मैच के बाद बोलते हुए, नजमुल ने कहा कि दूसरे टी20 मैच में हार झेलना उनके लिए 'निराशाजनक' था। बांग्लादेश के कप्तान ने स्वीकार किया कि उन्होंने मैच में अच्छा नहीं खेला लेकिन वे आगामी मैच में वापसी की योजना बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें अपने भविष्य के मैचों के लिए अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है।'हमारे लिए बहुत निराशाजनक है। हमने बीच के ओवरों में विकेट खो दिए, यही कारण था कि हम हार गए। हम अच्छा नहीं खेल पाए, लेकिन हमारे पास अगले मैच में अच्छी योजना के साथ उतरने का मौका है। हमें अपना बदलाव करना चाहिए। मानसिकता, यह हमारे कौशल के बारे में नहीं है, नजमुल हुसैन ने कहा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया चेन्नई में 'क्रिकेट की गर्मी' का जश्न मनाएगा

चेन्नई। पुरुषों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा शुरू होने में छह महीने से भी कम समय बचा है, ऑस्ट्रेलिया-भारत संबंध केंद्र (सीएआईआर) और चेन्नई में ऑस्ट्रेलियाई महावाणिज्य दूतावास, ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साथ और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए), 25 मई को चेन्नई में एक विशेष कार्यक्रम की मेजबानी करेगा।इस कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों देशों के लंबे समय से चल रहे क्रिकेट संबंधों का जश्न मनाना है, और यह नवंबर में जब दोनों टीमें मैदान में उतरेंगी तो श्रृंखला को लाइव देखने का अवसर भी उजागर करेगी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान और सीएआईआर सलाहकार बोर्ड के निदेशक एडम गिलक्रिस्ट ने कहा, ÷हमें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ समर ऑफ क्रिकेट कार्यक्रम तैयार करने में खुशी हुई है, जो समुदाय, व्यापार, मनोरंजन और पर्यटन में क्रिकेट को हमारे दोनों देशों के लिए एक बाध्यकारी शक्ति बनने में मदद करेगा।÷ . हम उम्मीद कर सकते हैं कि इस गर्मी में कई ऐसे पल होंगे जिन्हें आप भूल नहीं पाएंगे। भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त, फिलिप ग्रीन ने कहा, ÷बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला इस ग्रीष्मकालीन क्रिकेट कैलेंडर का मुख्य आकर्षण होने का वादा करती है। इसीलिए मैं भारतीय बिजनेस लीडर्स को बड़े खेलों के लिए ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करने, ऑस्ट्रेलियाई कॉरपोरेट्स के साथ नए संबंध विकसित करने और ऑस्ट्रेलिया की सभी पेशकशों का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा हूं। इस कार्यक्रम में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर और प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों के शामिल होने की उम्मीद है।

नीदरलैंड ने टी-20 विश्वकप टीम में किए दो बदलाव

एम्स्टर्डम। फ्रेड क्लासेन और डैनियल डोरम के चोटिल होने के कारण नीदरलैंड ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के लिए दो नए खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार चोटिल खिलाड़ियों को टीम से बाहर किये जाने के बाद उनकी जगह रिजर्व काइल क्लेन और साकिब जुल्फिकार को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही काइल के भाई, रयान क्लेन को अब रिजर्व के खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है।

T20
ICC
MEN'S T20
WORLD CUP
2021

अमेरिका ने किया बड़ा उलटफेर, बांग्लादेश को लगातार दो बार हराकर जीती अपनी पहली टी-20 सीरीज

एजेंसी

ह्यूस्टन। अमेरिका ने बांग्लादेश को दूसरे टी-20 मैच में 6 रनों से हराकर अपनी पहली ऐतिहासिक टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती। प्रेयरी व्यू क्रिकेट कॉम्प्लेक्स में तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में, मेजबान टीम ने जीत हासिल की और तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। एक अच्छी सतह पर 144 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, बांग्लादेश के बल्लेबाजों को प्रवाह और लय के लिए संघर्ष करना पड़ा और अंततः अनुशासित गेंदबाजी के सामने उन्हें घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा। खेले गए इस मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

स्टीवन टेलर और कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज मोनांक ने यूएसए को सधी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 6.3 ओवर में 44 रन जोड़े, हालांकि इसके बाद रिशाद हुसैन ने दो लगातार गेंदों पर टेलर और एंड्रीस गाउस को आउट कर बांग्लादेश को दोहरी सफलता दिलाई। टेलर ने 28 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्के की बदौलत 31 रन बनाए, जबकि गाउस खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद मोनांक और आरोन जोंस ने टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। 104 के कुल स्कोर पर जोंस को मुस्तफिजुर रहमान ने आउट कर बांग्लादेश को तीसरी सफलता दिलाई। जोंस ने 34 गेंदों पर 35 रन बनाए, इस दौरान उन्होंने 3 चौके और एक छक्का लगाया। कोरी एंडरसन कुछ खास नहीं कर सके और 11 रन बनाकर शोरिफुल इस्लाम का शिकार बने। 128 के स्कोर पर मोनांक पटेल इस्लाम का दूसरा शिकार बने। मोनांक ने 38 गेंदों पर 4 चौके और 1 छक्के की बदौलत 42 रन बनाए। पिछले मैच के हीरो रहे हरमीत सिंह (00) कुछ खास नहीं कर सके और 134 के कुल स्कोर पर मुस्तफिजुर ने उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद नितिश कुमार (नाबाद 07) और वेन शल्कविक (नाबाद 07) ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और यूसए की टीम को 20 ओवर में 6 विकेट पर 144 रन के कुल स्कोर तक पहुंचा दिया।

बांग्लादेश के लिए शोरिफुल इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान और रिशाद हुसैन ने 2-2 विकेट लिये। 145 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में सौरभ नेत्रवाल्कर ने सौम्य सरकार (00) को पवेलियन भेज दिया। पांचवें ओवर में 30 के कुल स्कोर पर जेसी सिंह ने तंजीद हसन (19) को बोल्ड कर बांग्लादेश को दूसरा झटका दिया।

यहां से नजमुल हुसैन शांतो (36), तौहीद हृदोय (25) और शाकिब अल हसन (30) ने मिलकर बांग्लादेश का स्कोर 100 के पार पहुंचाया, लेकिन इन तीनों के आउट होने के बाद बांग्लादेश की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह ढह गई और पूरी टीम 19.3 ओवर में 138 पर सिमट गई।

यूएसए के लिए अली खान ने 3, सौरभ नेत्रवाल्कर और शैडली वेन शल्कविक ने 2-2 व जसदीप सिंह (जेसी), और कोरी एंडरसन ने 1-1 विकेच लिया।

जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे नोवाक जोकोविच

एजेंसी

जिनेवा। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने गुरुवार को यहां डचमैन टालोन ग्रिक्सपुर को 7-5, 6-1 से हराकर जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने यह मुकाबला 77 मिनट में जीता।दुनिया के 27वें नंबर के ग्रिक्सपुर, 28-सदस्यीय जिनेवा टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त थे। यह टूर्नामेंट अगले सप्ताह से शुरु हो रहे फ्रेंच ओपन से पहले वार्म-अप के रूप में कार्य करता है।शुक्रवार को सेमीफाइनल में जोकोविच का सामना चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से होगा, जिन्होंने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन को 6-3, 7-6(2) से हराया। गुरुवार के अन्य मैचों में, दूसरी वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड ने अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज को 6-3, 3-6, 6-4 से हराया, जबकि इटली के फ्लेवियो कोबोली ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर शेवचेनो को 6-4, 6-4 से हराया।

फ्रेंच ओपन 2024, पुरुष एकल ड्राः पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे राफेल नडाल

एजेंसी

नई दिल्ली। चौदह बार के चैंपियन राफेल नडाल 2024 फ्रेंच ओपन के पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ने के लिए तैयार हैं। गुरुवार को टूर्नामेंट का ड्रा घोषित किया गया। यह दो साल पहले हुए उनके सेमीफाइनल का रीमैच होगा जब ज्वेरेव को टखने में चोट लग गई थी जिसके कारण उन्हें प्रतियोगिता से रिटायर होना पड़ा था।

नडाल कूल्हे की चोट के कारण पिछले साल के संस्करण में नहीं खेल पाए थे और संभव है कि क्ले कोर्ट में यह उनकी आखिरी उपस्थिति हो सकती है।गत चैंपियन नोवाक जोकोविच शुरुआती दौर में स्थानीय वाइल्डकार्ड पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट से भिड़ेंगे। नडाल और जोकोविच ड्रा के एक ही हाफ में हैं और सेमीफाइनल में भिड़ सकते हैं। मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त जननिक सिनर, यूएसए के क्रिस्टोफर यूबैंक्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।दो बार के मेजर चैंपियन, तीसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कराज, पहले दौर में क्वालीफायर विजेता खिलाड़ी से भिड़ेंगे।

ड्रा के अनुसार पहले दौर में बड़े खिलाड़ियों के मैच इस प्रकार हैं-

राफेल नडाल बनाम अलेक्जेंडर ज्वेरेव
गेल मोनफिल्स बनाम थियागो सेबोथ वाइल्ड
जैकब मेन्सिक बनाम कैस्पर रूड
करेन खाचानोव बनाम सुमित नागल
होल्गर रूण बनाम डैनियल इवांस
उगो हम्बर्ट बनाम लोरेंजो सोनेगो
स्टेफानोस सितसिपास बनाम मार्टन फुस्कोविक्स
स्टेन वावरिंका बनाम एंडी मरे

जननिक सिनर बनाम क्रिस्टोफर यूबैंक्स।

कोच इगोर स्टिमक ने कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम घोषित की

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने गुरुवार को 6 जून को कुवैत के खिलाफ आगामी फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए 27 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

कुल 32 खिलाड़ी भुवनेश्वर में शिविर में प्रशिक्षण कर रहे थे, जिनमें से फुरबा लाचेनपा, पार्थिब गोगोई, इमरान खान, मुहम्मद हम्माद और जितिन एमएस को शिविर से रिलीज कर दिया गया। स्टिमक ने एआईएफएफ के हवाले से कहा, वे सभी बहुत पेशेवर और मेहनती थे। उनके बीच प्रतिस्पर्धा वास्तव में कड़ी है, खासकर जितिन और पार्थिब के पदों पर। पार्थिब और हम्माद को कुछ दिन पहले मामूली चोटें लगी थीं और उन्हें 7-14 दिनों के आराम की जरूरत होगी। बाकी खिलाड़ी 29 मई तक भुवनेश्वर में ट्रेनिंग करते रहेंगे, जिसके बाद वे कोलकाता जाएंगे।

ग्रुप ए के अपने आखिरी दो मैचों में 11 जून को कतर से भिड़ने से पहले भारतीय टीम 6 जून को विवेकानन्द युबा भारती क्रिरंगन में कुवैत से भिड़ेगी। भारत वर्तमान में चार मैचों में चार अंकों के साथ ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है।

समूह की शीर्ष दो टीमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर के राउंड 3 के लिए क्वालीफाई करेंगी और एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 में अपनी जगह पक्का करेंगी।

कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारत की 27 सदस्यीय टीम इस प्रकार है-

गोलकीपरः गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ।

डिफेंडरः अमेय रानावाडे, अनवर अली, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मेहताब सिंह, नरेंद्र, निखिल पुजारी, राहुल भेके, सुभाशीष बोस।

मिडफील्डरः अनिरुद्ध थापा, ब्रैंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंडिका, जेकसन सिंह थौनाओजम, लालियानजुआला चांगटे, लिस्टन कोलाको, महेश सिंह नाओरेम, नंदकुमार सेकर, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह वांगजम।

फॉरवर्डः डेविड लालह्लानसंगा, मनवीर सिंह, रहीम अली, सुनील छेत्री, विक्रम प्रताप सिंह।

संयुक्त राष्ट्र ने फीफा के प्रतिवर्ष विश्व फुटबॉल सप्ताह मनाने के प्रस्ताव को दिया समर्थन

एजेंसी

जिनेवा। फीफा ने घोषणा की कि प्रतिवर्ष विश्व फुटबॉल सप्ताह मनाने के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र का समर्थन प्राप्त है। विश्व फुटबॉल दिवस, जिसे बहरीन, लीबिया और ताजिकिस्तान द्वारा शुरू किया गया था और बाद में इस महीने की शुरुआत में महासभा में 170 देशों द्वारा सर्वसम्मति से अपनाया गया, वैश्विक स्तर पर इस तरह का समर्थन दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल की एकीकृत शक्ति और लोगों और देशों को एक साथ लाने की इसकी क्षमता का प्रमाण है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 25 मई को वार्षिक विश्व फुटबॉल दिवस को फुटबॉल की वैश्विक पहुंच और वाणिज्य, शांति और कूटनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में इसके प्रभाव के रूप में स्वीकार किया और यह माना कि फुटबॉल सहयोग के लिए जगह बनाता है। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैनटिनो ने 21-25 मई तक विश्व फुटबॉल सप्ताह शुरू करने का आह्वान किया और उनके प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र और ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स ऑफ फुटबॉल ने समर्थन दिया। इन्फैनटिनो ने एक बयान में कहा, मुझे लगता है कि यह दुनिया को एकजुट करने की फुटबॉल की अद्वितीय शक्ति के बारे में सब कुछ कहता है... मैं केवल आपको, आप सभी को और संयुक्त राष्ट्र को भी इस ऐतिहासिक निर्णय पर बधाई देता हूं। फुटबॉल वास्तव में दुनिया को एकजुट करता है!!

पूरी उम्मीद है कि धोनी अगले साल सीएसके के लिए उपलब्ध रहेंगे- काशी विश्वनाथन

एजेंसी

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने कहा कि उन्हें पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से एक खिलाड़ी के रूप में आईपीएल 2025 में भाग लेने की 'बहुत, बहुत उम्मीद' है।धोनी, जिन्होंने सीएसके को रिकॉर्ड पांच इंडियन प्रीमियर लीग खिताब दिलाए, ने मौजूदा सीज़न की शुरुआत से पहले कप्तान के रूप में पद छोड़ दिया और रुतुराज गायकवाड़ को ज़िम्मेदारियाँ सौंपी, जिन्होंने टीम को पांचवें स्थान पर पहुँचाया।अटकलें लगाई जा रही हैं कि यह टूर्नामेंट में धोनी का आखिरी सीजन हो सकता है, लेकिन विश्वनाथन ने कहा कि अपने भविष्य पर अंतिम फैसला लेना पूरी तरह से पूर्व भारतीय कप्तान पर निर्भर है। मुझे नहीं पता। यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर केवल एमएस ही दे सकता है। हमारे लिए सवाल यह है कि हमने हमेशा एमएस द्वारा लिए गए फैसलों का सम्मान किया है। हमने इसे उन पर छोड़ दिया है, उन्होंने सीएसके के यूट्यूब चैनल पर एक सवाल पर कहा। लेकिन हमें पूरी उम्मीद है कि वह अगले साल सीएसके के लिए उपलब्ध होंगे। यह मेरा और प्रशंसकों का दृष्टिकोण और अपेक्षाएं हैं।

पेरिस ओलंपिक से पहले जर्मनी में प्रशिक्षण लेंगी सिंधु, लक्ष्य सेन जाएंगे फ्रांस

एजेंसी

नई दिल्ली। शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए क्रमशः जर्मनी और फ्रांस में प्रशिक्षण लेंगे, खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने वित्तीय सहायता के लिए उनके संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। एमओसी ने सिंधु के हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सचूले में प्रशिक्षण के लिए सारब्रुकन, जर्मनी जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। पेरिस जाने से पहले वह अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ एक महीने से अधिक समय तक वहां प्रशिक्षण लेंगी।दूसरी ओर, लक्ष्य, जो पेरिस में पुरुष एकल स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे, ओलंपिक खेलों से पहले 8 से 21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ द हाले डेस स्पोर्ट्स पार्समेन में प्रशिक्षण लेंगे।मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है, एमओसी ने मंत्रालय की लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत उनके हवाई किराया, बोर्डिंग/आवास लागत, स्थानीय परिवहन शुल्क, वीज़ा शुल्क, शटलकॉक खर्चों के वित्तपोषण को मंजूरी दे दी है।एमओसी ने टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला और तीरंदाज टीशा पुनिया के उपकरण खरीदने के समर्थन के प्रस्तावों और गोल्फर अदिति अशोक और तैराक आर्यन नेहरा के विभिन्न प्रतियोगिताओं में यात्रा के लिए सहायता के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी। टॉप्स उनके हवाई किराए, आवास लागत, स्थानीय परिवहन लागत, आर्यन के उपकरण और अदिति के कैडी शुल्क का वित्तपोषण करेगा।एमओसी ने टेबल टेनिस खिलाड़ी हरमीत देसाई और महिलाओं की 4म400 रिले टीम को टॉप्स कोर ग्रुप में शामिल करने और पहलवान निशा (68 किग्रा) और रीतिका (76 किग्रा) को कोर ग्रुप में पदोन्नत करने को भी मंजूरी दे दी।

एमओसी ने लॉस एंजिल्स और ब्रिस्बेन में क्रमशः 2028 और 2032 ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित करते हुए टॉप्स डेवलपमेंट में गोल्फर कार्तिक सिंह को भी शामिल किया है।

मकाबी तेल अवीव ने इजरायली बास्केटबॉल नियमित सीज़न में पहला स्थान हासिल किया

एजेंसी

जेरूसलम। इजरायली चैंपियन मकाबी तेल अवीव ने इजरायली प्रीमियर लीग में हापोएल तेल अवीव पर 88-82 से घरेलू जीत हासिल की। इसके साथ ही मकाबी ने लीग में 27 मैचों में अपनी 23वीं जीत दर्ज की, जिससे वह 8 टीमों की अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। वहीं, हापोएल, अब 21-7 जीत-हार की रिकॉर्ड के साथ, दूसरे स्थान से प्लेऑफ़ में प्रवेश करेगा।

दक्षिणी तेल अवीव में मेनोराह मिवतचिम एरिना में 10,000 प्रशंसकों के सामने, हापोएल ने ब्रायन अंगोला के बेहतरीन खेल की बदौलत पहले क्वार्टर के अंत में 20-16 की बढ़त ले ली। इसके बाद टायलर एनिस के रिबाउंड और पॉइंट्स की बदौलत हापोएल ने हाफटाइम तक 40-31 की बढ़त ले ली। हालांकि इसके बाद तीसरे क्वार्टर में रोमन सॉर्किन और लोरेंजो ब्राउन ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मैकाबी को वापसी दिलाई और 58-54 की बढ़त हासिल कर ली। अंत में सॉर्किन और तामीर ब्लाट के अंकों की बदौलत मैकाबी ने 88-82 से जीत हासिल कर ली।

सॉर्किन 19 अंकों के साथ मैकाबी के शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि ब्राउन ने 18 अंक जोड़े। हापोएल के लिए जेलेन होर्ड ने सर्वाधिक 22 अंक बनाए।

ड्रीम एफसी ने गुडविल को रौंदा, भारत यूनाइटेड वायुसेना पर भारी

15-0
2-0
SUPER SIX
SUPER SIX
SUPER SIX

नई दिल्ली। डीएसए ए डिवीजन लीग में यहां नेहरू स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में ड्रीम एफसी ने गुडविल को 15 गोलों से रौंद कर लीग की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वहीं एक अन्य मैच में यंगस्टर एफसी ने दिल्ली यूनाइटेड को भूपिंदर और गौतम भाटिया के गोलों से 2-0 से हराया। सीनियर डिवीजन के सुपर सिक्स मुकाबलों में नेशनल यूनाइटेड ने हिंदुस्तान एफसी को 4-2 से और भारत यूनाइटेड ने वायुसेना को 3-1 से पराजित किया। शास्त्री और अजमल 3-3 से ड्रा खेले।

नरेन की वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप टीम में वापसी

एजेंसी

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज की टी20 विश्व कप टीम में नरेन की वापसी पर रसेल ने कहा, मैंने उनसे बात करने की कोशिश की मैंने उनसे बात करने की कोशिश की÷ नरेन की वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप टीम में वापसी पर रसेल वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी आंद्रे रसेल ने खुलासा किया है कि उन्होंने टीम के पूर्व साथी सुनील नरेन को अगले महीने कैरेबियाई और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापस आने के लिए मनाने की कोशिश की थी।

वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी आंद्रे रसेल ने खुलासा किया है कि उन्होंने कैरेबियाई और संयुक्त राज्य अमेरिका में अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए पूर्व टीम साथी सुनील नरेन को अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापस आने के लिए मनाने की कोशिश की थी।

नरेन कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मौजूदा सीज़न के दौरान बल्ले से असाधारण फॉर्म में हैं, उन्होंने तीन अर्द्धशतक और एक शतक सहित 482 रन बनाए और सीज़न में 16 विकेट भी हासिल किए। अपने सनसनीखेज आईपीएल सीज़न के बावजूद, नरेन अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास को रद्द करने के मूड में नहीं हैं। ÷हां, मैं निश्चित रूप से ऐसा सोचता हूं, मैं लगातार दो सप्ताह से टीम की घोषणा से पहले उनके दिमाग में यह बात जानने की कोशिश कर रहा था। रदरफोर्ड और मैंने उनसे बात करने की कोशिश की और कहा कि सिर्फ इस विश्व कप के लिए, फिर आप संन्यास ले सकते हैं और जो चाहें कर सकते हैं करना चाहते हैं। हालाँकि वह गायब पहेली है, मुझे लगता है कि उसने अपना निर्णय ले लिया है और मैं भी उसके फैसले का सम्मान करता हूँ, एक बड़े आदमी के रूप में और एक अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के रूप में। मुझे लगता है कि अगर वह उस निर्णय को बदल सकता है तो पूरा वेस्ट इंडीज खुश होगा, रसेल ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया। उन्होंने नरेन की बल्लेबाजी फॉर्म की प्रशंसा की और सीजन में ऑलराउंडर को सलामी बल्लेबाज के रूप में बढ़ावा देने के लिए टीम मेंटर गौतम गंभीर को श्रेय दिया। ईमानदारी से कहूं तो मैं सुनील के लिए बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि जब गौतम गंभीर वापस आए और उन्होंने कहा कि उन्हें बल्लेबाजी की शुरुआत करने के लिए उनकी जरूरत है क्योंकि हमारी बल्लेबाजी लाइन-अप के आधार पर, मुझे लगता है कि उन्हें 9वें या 10वें स्थान पर बल्लेबाजी करनी होगी, और वह वहां अंतिम छोर पर उनका कोई उपयोग नहीं है, वह एक सलामी बल्लेबाज के रूप में शीर्ष क्रम पर क्या कर सकते हैं।

प्रेग्नेंसी में दीपिका पादुकोण का सपोर्ट सिस्टम बनीं आलिया, अपने जेस्चर से ट्रोलर्स के मुंह पर मारा तमाचा

दीपिका पादुकोण इस वक्त अपनी जिंदगी के सबसे खूबसूरत फेज में हैं। पद्मावत एक्ट्रेस और रणवीर सिंह अपनी पहली जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। एक्ट्रेस ने अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा शुरुआती महीने में ही एक खूबसूरत फोटो के साथ सोशल मीडिया पर कर दी थी।हाल ही में दीपिका पादुकोण जब पति रणवीर सिंह के साथ मुंबई में जब अपना वोट देने पहुंची थीं, तो उनका बेबी बंप साफ दिखाई दे रहा था। उनकी वायरल तस्वीरों को सोशल मीडिया पर देख जहां कुछ फैंस ने प्यार लुटाया, तो वहीं कुछ ट्रोल्स अपनी हरकतों से बाज नहीं आए।

कुछ यूजर्स ने एक्ट्रेस की वॉक से लेकर उनके बेबी बंप तक के लिए ट्रोल किया। हालांकि, सोशल मीडिया की ट्रोलिंग के बीच अब आलिया भट्ट दीपिका पादुकोण के समर्थन में उतरीं और उन्होंने बिना कुछ कहे ट्रोल्स को चुप करवा दिया है।

दीपिका पादुकोण के समर्थन में उतरीं आलिया भट्ट

आलिया भट्ट पर अक्सर सोशल मीडिया पर मौजूद कई यूजर्स ये इल्जाम लगाते रहते हैं कि वह दीपिका पादुकोण को कॉपी करने की कोशिश करती हैं, फिर चाहे वो उनका फैशन हो या हेयरस्टाइल। हालांकि, दोनों ही एक्ट्रेस के बीच रियल लाइफ में काफी अच्छी बॉन्डिंग भी है। इसका सबूत खुद आलिया ने सोशल मीडिया पर दे दिया है।

हाल ही में एक पत्रकार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए दीपिका के लिए समर्थन दिखाते हुए लिखा, दीपिका पादुकोण बाहर लोकतंत्र के लिए वोट करने निकली हैं, उन्होंने आप लोगों से अपनी बॉडी और प्रेग्नेंसी पर फीडबैक नहीं मांगा है। आपका कोई हक नहीं बनता की आप कुछ भी बोल सकें। उनके इस पोस्ट को आलिया भट्ट ने भी लाइक कर बिना कुछ कहे ही दीपिका पादुकोण के लिए अपना समर्थन दिखाया है।

इन सितारों ने भी किया दीपिका का सपोर्ट

आलिया भट्ट ही नहीं, उनकी बहन शाहीन भट्ट और मां सोनी राजदान ने भी इस पोस्ट को लाइक किया है। बिग बॉस 16 कंटेस्टेंट टीना दत्ता ने एक्ट्रेस को सपोर्ट करते हुए लिखा, सच में यार, लोगों का दिमाग खराब है। शरारत एक्ट्रेस श्रुति सेठ ने लिखा, किस्मत से दीपिका पादुकोण काफी बिजी हैं और उन्हें इस तरह के लोगों के नहीं पड़ी है।

27 साल बाद इस एक्टर के साथ पर्दे पर दिखेंगी काजोल, 'जवान' वाला ये कलाकार भी होगा फिल्म का हिस्सा

काजोल पिछले 32 सालों से फिल्मों में काम कर रही हैं. आज भी उनकी फैन फॉलोइंग शानदार है. लोग उन्हें पर्दे पर देखना पसंद करते हैं. पिछली बार वो प्राइम वीडियो पर आई सीरीज 'द ट्रायल' में दिखी थीं. उन्होंने उस सीरीज में एक वकील का रोल प्ले किया था. उस रोल में भी उन्हें लोगों का प्यार मिला था. अब वो एक नई फिल्म लेकर आने वाली हैं. बताया जा रहा है कि ये एक एक्शन फिल्म होने वाली है.पीपिंगमून की एक रिपोर्ट की मानें तो काजोल ने फिल्म साइन कर ली है. उस फिल्म में उनके साथ प्रभु देवा लीड रोल में नजर आने वाले हैं. कहा जा रहा है कि फिल्म का प्लॉट, साथ ही इस प्रोजेक्ट स जुड़ी और भी चीजें अभी गोपनीय रखी गई हैं. ऐसा 27 साल बाद होने जा रहा है जब काजोल-प्रभु देवा एक साथ ऑन स्क्रीन नजर आएंगे.

इस फिल्म में साथ कर चुके हैं काम

साल 1997 में दोनों तमिल भाषा की लव ट्रायंगल फिल्म 'मिनसारा कनवु' में साथ दिखे थे. उस फिल्म को राजीव मेनन ने डायरेक्ट किया था. बाद में उस फिल्म को 'सपने' के नाम से हिन्दी में भी रिलीज किया गया था. उस फिल्म का 'चंदा रे' गाना काफी पॉपुलर हुआ था. फिल्म के नाम एक रिकॉर्ड भी दर्ज है. पिक्चर को साउथ में इतना पसंद किया गया था कि चेन्नई के थिएटर्स में वो 216 दिनों तक चली थी.

जिस एक्शन फिल्म में काजोल और प्रभु देवा साथ दिखने वाले हैं, उसे नेशनल अवॉर्ड विनिंग तमिल फिल्ममेकर चेरन डायरेक्ट करने वाले हैं. रिपोर्ट में ये भी बताया जा रहा है कि एक साउथ इंडियन डिस्ट्रीब्यूटर इस फिल्म को प्रोड्यूस करने वाला है. जी.के विष्णु भी बतौर सिनेमाटोग्राफर इस प्रोजेक्ट पर काम करने वाले है. विष्णु ने इससे पहले पिछले साल शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' के लिए भी काम किया था.

रणबीर कपूर की 'रामायण' की शूटिंग बंद होने की खबर आई, फिल्म का एक्टर भड़क गया

रणबीर कपूर की 'रामायण' को नितेश तिवारी डायरेक्टर कर रहे हैं. फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है. बीच में खबर आई कि फिल्म की शूटिंग को बंद कर दिया है. कहा जा रहा था फिल्म के कॉपीराइट को लेकर कोई मसला था, जिस वजह से मेकर्स ने फिल्म की शूटिंग को रोक दिया था. लेकिन अब इस पर फिल्म के एक एक्टर का बयान सामने आया है. उन्होंने ये साफ कर दिया कि फिल्म की शूटिंग बंद नहीं हुई है.

फिल्म के एक एक्टर ने बॉलीवुड हंगामा से उनका नाम न बताने की शर्त पर बात करते हुए कहा, कौन कहता है कि शूटिंग रोक दी गई है? शूटिंग एक दिन के लिए भी नहीं रोकी गई थी. यहां तक की, अभी जब मैं आपसे बात कर रहा हूं. तब भी शूटिंग चल रही है. रणबीर कपूर और साई पल्लवी और हम सभी शूटिंग कर रहे हैं. ये निगेटिव अफवाहें कौन फैला रहा है और क्यों, उन्हें इससे क्या मिलता है. यहां हम कुछ ऐसा बनाने की कोशिश कर रहे हैं जिससे कि दुनियाभर में हमारा नाम हो. हमें बढ़ावा देने की बजाय हर दिन 'रामायण' के बारे में कोई नई नेगेटिव स्टोरी बना दी जाती है.इसके साथ ही वो मेकर्स के इन अफवाहों पर कुछ न बोलने पर भी भड़कते दिखाई दिए. क्योंकि मेकर्स की ओर से अभी तक इन अफवाहों को लेकर किसी तरह का कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है. उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि वो इस प्रोजेक्ट के बारे में इतने शांत क्यों हैं. उन्हें अब तक प्रोजेक्ट पर कुछ क्लियरिटी देनी चाहिए. उनकी ये चुप्पी अफवाहों को बढ़ावा दे रही है.

रामायण की स्टारकास्ट

रणबीर कपूर के साथ साई पल्लवी माता सीता के रोल में नजर आएंगी. रावण का रोलचतस्न स्टार यश करने वाले हैं. इसके अलावा फिल्म में सनी देओल भी दिख सकते हैं, वो हनुमान की भूमिका में दिखाई देंगे. बात करें रणबीर की पिछली फिल्म की तो वो संदीप रेड्डी वांगा की 'एनिमल' में दिखे थे, जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी. अब इसके दूसरे पार्ट का भी ऐलान हो गया है. उनके पास पाइपलाइन में कई और प्रोजेक्ट भी हैं.

Abhishek Kumar के खतरों के खिलाड़ी 14 में जाने की ये है असल वजह, क्या रोहित शेट्टी पूरा होने देंगे मकसद?

टीवी एक्टर अभिषेक कुमार की पॉपुलैरिटी बढ़ती जा रही है। एक्टर की फैन फॉलोइंग में इजाफा हो रहा है। अब अभिषेक कुमार जल्द स्टंट बेस्ड रियलिटी शो %खतरों के खिलाड़ी 14% में नजर आने वाले है। जिसे लेकर वो प्रीमियर से पहले ही चर्चा बटोर रहे हैं। अभिषेक कुमार के फैंस को शो में उनका एक अलग अवतार देखने को मिलेगा। एक्टर की दिलेरी देखना उनके चाहने वालों के लिए एक्साइटिंग होगा।खतरों के खिलाड़ी 14 में शामिल होने से पहले अभिषेक कुमार ने अपने मन में दबी बात शेयर की है, जो रोहित शेट्टी से जुड़ी हुई है।

आगे बढ़ना चाहते हैं अभिषेक

अभिषेक कुमार को सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 17 ने खब पॉपुलैरिटी दिलाई। शो में अपनी जर्नी के दौरान एक्टर दर्शकों के फेवरेट बन गए। यहां तक कि उन्होंने बिग बॉस 17 के टॉप 2 में भी जगह बनाई थी। अब वो खतरों के खिलाड़ी 14 में हिस्सा लेने जा रहे हैं, लेकिन इस बार वो विनर बनकर बाहर आना चाहते हैं। हालांकि, उनकी इच्छा सिर्फ यही तक सीमित नहीं है।

क्या है अभिषेक का मकसद ?

अभिषेक कुमार ने टीवी सीरियल के बाद रियलिटी शो में हिस्सा लिया। अब वो फिल्मों में काम करना चाहते हैं। एक्टर रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में पुलिस का किरदार निभाना चाहते हैं। अभिषेक कुमार ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस के साथ बातचीत में कहा, मैं फिल्मों में आने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मैं रोहित शेट्टी की फिल्म में एक पुलिस ऑफिसर का रोल निभाना चाहता हूं।

अभिषेक ने टीवी को दिया सारा क्रेडिट

अभिषेक कुमार आज जहां हैं उसका श्रेय वो छोटे पर्दे को देते हैं। एक्टर ने बातचीत में आगे कहा, हां, मैं आज जो कुछ भी हूं उसे बनाने के लिए मैं छोटे पर्दे को श्रेय देता हूं। मैं फिलहाल टीवी शो नहीं कर रहा हूं। आप मुझे एक रियलिटी शो में देखेंगे, इसलिए मैं छोटे पर्दे पर शो नहीं कर रहा हूं।अभिषेक कुमार ने टीवी की घटती पॉपुलैरिटी पर भी बात की।

एक्टर ने कहा, ओटीटी शो आ गए हैं, दर्शक बंट गए हैं। ओटीटी से पहले यह अलग था। लेकिन मेरे पंजाब में टेलीविजन चैनलों और शो को अभी भी पसंद किया जाता है।